सूर्योदय 6:41 सूर्यास्त 6:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.6 न्यू | 15.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 18.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73730.23 |
| निफ्टी | 22337.30 |
| सोना | 87,820 |
| चांदी | 1,00,287 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 6 मार्च 2025 | 23 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 67, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



रोहित ठाकुर ने हिमाचल के लिए मांगा बागवानी ट्रेड

पृष्ठ 3 पर

## सीवरेज से दूषित गोबिंदसागर झील का पानी पीने लायक नहीं

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच में खुलासा: झील के पानी की गुणवत्ता बी ग्रेड

शुभम राही, बिलासपुर

**गोबिंदसागर** झील का पानी फिलहाल पीने योग्य नहीं है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से करवाई जांच में झील के पानी की गुणवत्ता बी श्रेणी में पाई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर सीवरेज का प्रभाव समाप्त हो जाए और कोलीफार्म बैक्टीरिया नियंत्रित हो जाए, तो इस पानी को पीने योग्य बनाया जा सकता है।

बिलासपुर शहर की सीवरेज गोबिंदसागर झील में मिल रही है, जिससे जल गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। जांच में झील के पानी में कोलीफार्म ऑर्गेनिज्म की मात्रा 540 पाई गई, जबकि सुरक्षित मानकों के अनुसार, यह 50 से अधिक नहीं होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)





गोबिंदसागर झील के पानी की गुणवत्ता सहीं नहीं पाई गई है। बोर्ड की ओर से जांच की गई, जिसमें झील का पानी पीने योग्य नहीं है। इसका मुख्य कारण झील में मिल रही सीवरेज है।

**-पवन शर्मा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, बिलासपुर।**

**शहर** में जल्द ही सीवरेज का कार्य शुरू हो जाएगा। 100 करोड़ रुपए की इस योजना का पहला टेंडर हो चुका है। जल्द कार्य शुरू होगा।

**-सतीश शर्मा, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग, बिलासपुर**

### पानी की गिरती गुणवत्ता बनी चिंता का विषय

**करीब** 170 वर्ग किलोमीटर में फैली गोबिंदसागर झील भाखड़ा नंगल बांध से बनी हुई है। यह झील न केवल हिमाचल, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी जल आपूर्ति का एक प्रमुख स्रोत है, लेकिन पानी की गिरती गुणवत्ता स्थानीय लोगों और पर्यावरण विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय बन गई है। पर्यावरणविदों का कहना है कि झील को प्रदूषण से बचाने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को प्रभावी ढंग से संचालित करना होगा और अवैध जल निकासी को रोकना होगा। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह झील प्रदूषित जलाशयों की सूची में शामिल हो सकती है। झील के गंदगी का मुख्य कारण बिलासपुर शहर में सीवरेज व्यवस्था न होना है। जल शक्ति विभाग और नगर परिषद की ओर से शहर में अभी तक सीरवेज की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में शहर के सीवरेज की सारी गंदगी झील में डाली जाती है। चार माह पूर्व भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लुहणू के पास झील में डाली जा रही गंदगी को लेकर नगर परिषद बिलासपुर पर कार्रवाई की थी।

### पानी की शुद्धता मापने का पैमाना


- पानी में कोलीफार्म आर्गेनिज्म की संख्या यानि कीटाणुओं की उपलब्धता।
- पानी में पीएच की मात्रा
- डिजोल्व ऑक्सीजन की मात्रा
- बायोकैमिकल ऑक्सीजन डिमांड।

### क्या होता है कोलीफार्म आर्गेनिज्म

**कोलीफार्म** सीवरेज से निकलता है। इसमें कीटाणुओं की भारी मात्रा होती है, जोकि पानी को दूषित करती है। 100 मिलीलीटर पानी के कोलीफार्म कीटाणु संख्या में 50 से अधिक हो जाएं, तो वह पानी पीने योग्य नहीं रहता है। इससे अधिक होने पर उक्त पानी नहाने या अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिपुर में दो बार डोली धरती, 5.7 रही तीव्रता



**नई दिल्ली।** मणिपुर में बुधवार को लगातार दो बार भूकंप के झटके लगे। भूकंप की तीव्रता 5.7 थी। भूकंप के झटके पूरे पूर्वोत्तर में महसूस किए गए। भूकंप सुबह 11.06 बजे आया। क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र इंफाल पूर्वी जिले के याइरीपोक से 44 किलोमीटर पूर्व में और 110 किलोमीटर की गहराई पर था।

### मायावती ने आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया है, उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को नेशनल को-आर्डिनेटर बनाया गया है। मायावती ने 'एक्स 'पर बयान जारी कर कहा कि काफी लंबे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल को-आर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेंट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।

### झारखंड में आईईडी विस्फोट, 3 जवान जख्मी

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार को हुए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल जवानों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची ले जाया गया। कोल्हान के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज रतन चोथे ने बताया कि यह घटना मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल के बलिवा इलाके में उस समय हुई, जब सीआरपीएफ की 197वीं बटालियन के जवान तलाशी अभियान के लिए वहां गए थे।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शिक्षा के क्षेत्र में केरल को पछाड़ हिमाचल नंबर-1 -पेज 3
- केंद्र ने एमएससी के लिए जारी की 50 करोड़ की राशि -पेज 6
- सोलन में मिलेगी एकीकृत एपीआई, ग्रीन हाइड्रोजन व इथेनॉल सुविधा -पेज 12
- वह दिन दूर नहीं जब भारत 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा: मोदी-पेज 13
- स्मिथ ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा -पेज 14

### शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू ने की यूएई के राजदूत डॉ. अब्दुलनासिर के साथ मीटिंग

## यूएई ने दिखाई हिमाचल में पर्यटन हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की रुचि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**संयुक्त** अरब अमीरात के राजदूत डॉ. अब्दुलनासिर अलशाली ने बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और प्रदेश में निवेश के संभावित अवसरों पर विचार-विमर्श किया। मीटिंग में मुख्यमंत्री ने यूएई को पर्यटन एवं आतिथ्य सत्कार, हरित ऊर्जा, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और डाटा स्टोरेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में हिम आच्छादित, पर्वतीय क्षेत्र और प्राकृतिक जल संसाधनों सहित अनेक खूबसूरत स्थल हैं, जो प्रदेश को निवेश के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध करवाते हैं।

पर्यटन क्षेत्र में निवेश का पसंदीदा गंतव्य स्थल स्थापित करने के लिए राज्य सरकार पर्यटन अधोसंरचना को बढ़ाने, रोप-वे के विकास सहित कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार, नए फोरलेन निर्माण और हेलिपोर्ट के निर्माण कर रही है। यूएई के राजदूत ने पर्यटन क्षेत्र विशेष रूप से साहसिक खेलों एवं स्कीइंग जैसे क्षेत्रों में निवेश में गहरी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आगामी वर्ष तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित होने की राह पर अग्रसर है।



शिमला में यूएई के प्रतिनिधिमंडल के साथ मीटिंग करते हुए सीएम सूक्खू।

### अलशाली बोले- जल्द भेजेंगे तकनीकी टीम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हिमाचल देश में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है और डेयरी उद्योग को भी प्रोत्साहित कर रहा है। दोनों पक्षों ने इस दिशा में संयुक्त रूप से कार्य करने और विकास को गति प्रदान करने पर सहमति जताई। उन्होंने परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय भी लिया। संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत डॉ. अब्दुलनासिर अलशाली ने कहा कि यूएई की एक तकनीकी टीम परियोजनाओं का आकलन करने के लिए शीघ्र राज्य का दौरा करेगी और आगे की कार्रवाई पर निर्णय दिया जाएगा। इसके दृष्टिगत दोनों पक्षों के अधिकारियों के मध्य बैठक आयोजित की जाएगी।

### विशेष परियोजनाओं की साझा होगी जानकारी

**यूएई** के राजदूत ने कहा कि उनका देश पहले से ही भारत में हरित ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उन्होंने हिमाचल में हरित ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश करने पर रुचि दिखाई है। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के साथ विशेष परियोजनाओं की जानकारी साझा करने का आग्रह किया, ताकि दोनों के मध्य परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समन्वय स्थापित किया जा सके।

## मंडी शिवरात्रि महोत्सव का समापन अंतिम जलेब में शामिल हुए राज्यपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**छोटी** काशी मंडी के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का बुधवार को विधिवत समापन हो गया है। समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उनके साथ लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। मेले के समापन अवसर पर तीसरी और अंतिम जलेब (शोभायात्रा) का भव्य आयोजन किया गया।

शुक्ल ने बाबा भूतनाथ और देव माधोराय मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने जलेब राज माधव राय के मंदिर से होकर पड्डल ग्राउंड तक निकाली जलेब में शिरकत की।

जलेब में शामिल विभिन्न देवी-देवताओं की मौजूदगी के साथ उमड़े जनसैलाब से मंडी शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इसके साथ जलेब में अलग-अलग क्षेत्रों से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करने के लिए कलाकार मौजूद रहे। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी जलेब में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राज्यपाल ने कहा कि मंडी को छोटी काशी कहा जाता है और इसमें स्वाभाविक रूप में शिव का ही वास होगा। उन्होंने कहा कि सात दिनों तक चलने वाला शिवरात्रि मेला लोगों को जोड़ने का कार्य करता है। इसमें किसी प्रकार का कोई बंधन नहीं रहता है। शिवरात्रि महोत्सव की भव्यता एवं देव परंपराओं के भी साक्षी बने हैं।



### हिमाचल के मैदानी इलाकों में शीतलहर से बढ़ी ठंड

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-बर्फबारी के बाद बुधवार को मौसम पूरी तरह साफ हो गया है। इससे दिन के तापमान में उछाल आया है, मगर रात और सुबह शीतलहर चलने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले 4 दिन तक मौसम साफ रहेगा। इससे बर्फबारी के कारण बंद सड़कों और बिजली की बहाली के काम में तेजी आई है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू जिले में बंद सड़कों को खोलने का काम किया गया। प्रदेश के मैदानी जिले ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और चंबा में आज सुबह के वक्त शीतलहर चलने से लोगों को कड़ाके की सर्दी झेलनी पड़ी।

## केंद्र ने दी सस्ती जेनेरिक पशु दवाओं की आपूर्ति को मंजूरी

### अश्वनी बोले- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने योजना में कुछ संशोधन किए मंजूर

एजेंसी, नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,880 करोड़ रुपए के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी देकर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण को मंजूरी दे दी है।

पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम और इलाज के लिए संचालित केंद्र सरकार की एक योजना है। एलएचडीसीपी योजना में अब 'पशु औषधि' का एक नया हिस्सा जोड़ा गया है।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें योजना में कुछ संशोधनों को मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में पशुधन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लिया गया है। इस योजना के पशु औषधि घटक के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### केदारनाथ-हेमकुंड साहिब रोप-वे को भी मंजूरी

**केंद्र** ने केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए रोप-वे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। अभी जो यात्रा 8-9 घंटे में पूरी होती है, वह घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

## लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए लाइफ सपोर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण

एजेंसी, बेंगलुरु

**रक्षा** अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डीआरडीओ ने तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान के दौरान पायलटों के लिए इंटीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण किया है।

**डीआरडीओ को मिली बड़ी सफलता**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह युद्ध के दौरान पायलट्स को बेहतर तरीके से सांस लेने में मदद करेगा। इसकी मदद से पारंपरिक सिलेंडर आधारित ऑक्सीजन पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। इस लाइफ सपोर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया।

### मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा

**उचित** संशोधनों के साथ इस लाइफ सपोर्ट सिस्टम को मिग-29 के और अन्य लड़ाकू विमानों में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, रक्षा जैव-इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला ने मिलकर एलसीए तेजस विमान के लिए स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम तकनीक पर आधारित एकीकृत जीवन रक्षक प्रणाली का ऊंचाई में सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

## 2 अप्रैल से भारत पर लगाएंगे 100% टैरिफ : ट्रंप

### बोले- दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी

एजेंसी, वाशिंगटन



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100 फीसदी से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं।

ट्रंप ने भारत और चीन सहित अन्य देशों की ओर से उच्च शुल्क लगाए जाने की आलोचना की और इसे 'बेहद अनुचित' करार दिया। उन्होंने कहा कि दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। ट्रंप ने यह ऐलान बुधवार सुबह (भारतीय समय के मुताबिक) अमेरिकी संसद के ज्वॉइंट सेशन में कही। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। ट्रंप ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की। उन्होंने कहा कि 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रंप ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। उन्होंने कहा कि 2021 में काबुल हवाई अड्डे पर आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी और उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की है। अब उसे

**काबुल हवाई अड्डे पर 2021 में हुए हमले के जिम्मेदार आतंकी को अमेरिका लाया जा रहा**

इंसाफ कटघरे में खड़ा करने के लिए यहां लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है।

**सरोकार** रोवर एंड रेंजर कुल्लू इकाई ने बच्चों की शिक्षा, मानसिक व शारीरिक विकास के लिए 2016 से चलाया है अभियान

## झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों में जगा रहे शिक्षा की अलख

कमलेश वर्मा, कुल्लू

**कल** तक जो बच्चे पढ़ाई के अक्षरों से अनजान थे और कूड़ा बीनने व भीख मांगते थे, आज उनके हाथों में कलम है और वे स्कूल जा रहे हैं।

यह संभव हो पाया है कुल्लू कॉलेज की रोवर एंड रेंजर की यूनिट के प्रयासों से। 21 सदस्यीय टीम सरवरी के समीप झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले पहली से 10वीं कक्षा तक पढ़ने वाले 35 बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए 2016 से प्रयासरत है। बच्चों को शिक्षित करने, उनके मानसिक व शारीरिक विकास के लिए समर्थ प्रोजेक्ट के तहत अक्षरज्ञान की मुहिम चलाई है। समर्थ प्रोजेक्ट के संयोजक व कुल्लू कालेज में प्रो. ज्योति चरण व उनकी टीम इस मुहिम के तहत हर शनिवार को पूरा दिन 35 बच्चों के अलावा अन्य छोटे 15 बच्चों को भी पढ़ा रही है। हालांकि अभी कुछ समय से अभियान बंद है, लेकिन जल्द ही दोबारा शुरू होगा और फिर से इन बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। समर्थ प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट संयोजक प्रो. ज्योति चरण का कहना है कि शुरुआत में टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। टीम की कोशिशों के बाद आखिरकार अभिभावकों ने भी शिक्षा के महत्व को समझा व अपने बच्चों को स्कूल भेजने व पढ़ाई के लिए भेजने लगे। 2016 से लेकर 2018 तक यह मुहिम चलाई गई फिर बंद कर दी, बच्चों के अभिभावकों के आग्रह पर फिर से शुरू कर दी। अभी भी कुछ समय के लिए बंद हुई है। टीम बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षण सामग्री सहित अन्य सामान भी मुहैया करवा रही है। टीम के इस कार्य से प्रभावित होकर कुछ स्वयंसेवी भी अब समय-समय पर मदद करते हैं। (अनंत ज्ञान)







### टीम को मिल चुका है सम्मान

**टीम** के इस सराहनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय मुख्यालय द भारत स्काउट्स एवं गाइड्स दिल्ली की ओर से एशिया पैसिफिक रीजन मैसेंजर ऑफ पीस हीरो अवॉर्ड 2018 से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार की ओर से भी सम्मान मिल चुका है। प्रो. ज्योति चरण के अनुसार, हमारी कोशिश रहेगी कि आगामी सत्र यानी 2025-26 में कुल्लू कॉलेज की रोवर एवम रेंजर्स की यूनिट एक बार फिर से इस नेक कार्य प्रोजेक्ट समर्थ को पुनः शुरू करे।

### एक छात्र की पढ़ाई का उठाया खर्चा

झुग्गी-झोपड़ी के एक छात्र राहुल कालेज में बीए की पढ़ाई कर रहा था, उसकी शिक्षा का सारा खर्चा प्रो. ज्योति चरण ने उठाया। अब राहुल ग्रेजुएशन कर चुका है।

### सोशल मीडिया पर चलाया कपड़ा बैंक अभियान

**प्रोफेसर** ज्योति चरण ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कपड़ा बैंक अभियान चलाया था, जिसमें लोगों का उन्हें काफी सहयोग मिला। लोगों की ओर से दिए कपड़ों को झुग्गी-झोपडी में बांटा गया। इस अभियान को भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

## बारामूला में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला, कोई हताहत नहीं



एजेंसी, श्रीनगर

**जम्मू**-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों ने पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया। इस हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात को बारामूला के ओल्ड टाउन स्थित पुलिस चौकी के पास से विस्फोट की आवाज आई, जिससे लोग भयभीत हो गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर तुरंत इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान एक ग्रेनेड पिन बरामद किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और तलाशी अभियान जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पार्टी के लिए एकजुट होकर करें कार्य : आशीष



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा मंडल ग्रामीण के नवनियुक्त दोनों महामंत्रियों राकेश कानूनगो एवं प्रमोद पटियाल ने अन्य कार्यकारिणी सदस्यों सहित विधायक सदर अशीष शर्मा से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मंडल कार्यकारिणी के इन पदाधिकारियों ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का भी उनकी नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी को और सुदृढ़ करने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर महामंत्री राकेश कानूनगो एवं प्रमोद पटियाल ने विधायक आशीष शर्मा व पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया व पार्टी की मजबूती व हर कार्यक्रम के उचित निष्पादन के लिए एकजुटता से कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्यारे लाल शर्मा, कमलेश परमार, कैप्टन तिलक राज शर्मा, सतीश चौहानद्ध सहित नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

### सुजानपुर होली मेले के लिए कलाकारों के ऑडिशन 8 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इस वर्ष 12 से 15 मार्च तक आयोजित किए जा रहे सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय लोक कलाकारों को अधिक से अधिक समय दिया जाएगा। एडीएम एवं होली उत्सव सांस्कृतिक उपसमिति के अध्यक्ष राहुल चौहान ने बताया कि चारों संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन 8, 9 और 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे से उपायुक्त कार्यालय परिसर एवं बचत भवन हमीरपुर में लिए जाएंगे, जिनमें अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। एडीएम ने सभी कलाकारों से अपील की है कि वे अपने आवेदनों के साथ अपने आधार नंबर, बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड का सही विवरण अवश्य लिखें क्योंकि, सभी लोक कलाकारों के पारिश्रमिक की अदायगी डीबीटी के माध्यम से ही की जाएगी। एडीएम ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के अलावा पंजाबी और अन्य स्टार कलाकारों को भी आमंत्रित किया जा रहा है, जिनके नाम शीघ्र ही फाइनल होंगे। उत्सव की एक सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह पहाड़ी लोक कलाकारों के लिए ही समर्पित रहेगी।

### प्राथमिक चिकित्सा की महत्ता पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में प्राथमिक चिकित्सा प्रबंधन में क्षमता निर्माण एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस, एनसीसी तथा आर एंड आर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. केके शर्मा बीएमओ नादौन एवं दीक्षा शर्मा सीएचओ नादौन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. केके शर्मा ने प्राथमिक चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में बढ़ती ड्रग्स की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा कौशल, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, घावों की देखभाल, रक्तस्राव नियंत्रण, जीवन रक्षक तकनीकों एवं आवश्यक उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ. नीतिका, डॉ. मंजू ठाकुर, डॉ. रीतिका जम्वाल, प्रो. योगेश कौंडल, प्रो. अनित शर्मा, कैप्टन यशपाल चोपड़ा, डॉ. अंजू और प्रो. आदिका की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में प्रो. योगेश कौंडल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### महिला ग्राम सभा लंबलू की बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लंबलू पंचायत में महिला ग्राम सभा का आयोजन 8 मार्च पंचायत सामुदायिक केंद्र लंबलू में आयोजित किया जाएगा। लंबलू पंचायत के प्रधान केएस चौहान ने बताया कि विश्व महिला दिवस पर पंचायत की समस्त महिलाएं, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशावर्कर्स व समस्त महिला कर्मचारी व अधिकारी वर्ग पंचायत कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। वार्ड सदस्य अपने अपने वार्ड में एजेंडे का प्रचार-प्रसार कर महिलाओं को बैठक में लाना सुनिश्चित करें।

### सेवानिवृत्त अधिकारी ने स्कूल को दान किया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ में समाज सेवा की भावना को प्रदर्शित करते हुए सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता करतार सिंह धीमान ने अपने माता-पिता व प्रियजनों की समृति में एक वाटर कूलर स्कूल को दान किया। विदित रहे किकरतार सिंह धीमान ने गलोड़ विद्यालय से 1967 में हायर सेकेंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वर्तमान में समाज सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। गलोड़ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल शर्मा व स्कूल प्रबंधन समिति व अन्य स्कूल स्टाफ ने इस पुनीत कार्य के लिए करतार चंद धीमान का आभार प्रकट किया है और इश्वर से उनकी दीर्घायु की कामना की है। गलोड़ क्षेत्र के इस सरकारी स्कूल में 500 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और आने वाले गर्मियों के समय में इस वाटर कूलर से बच्चों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

### हिमाचल समय पर वेतन न देने वाला पहला राज्य बना : नवीन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार के निक्कमेपन व निठल्ले रवैये की वजह से पूरे देश में हिमाचल का नाम खराब हुआ है। नवीन शर्मा ने कहा कि आज पेंशन न मिलने से प्रदेश के लगभग 1.95 लाख पेंशनर सड़कों पर उतर आए हैं, जिन्हें अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हिमाचल के लिए आए दिन विभिन्न प्रकार से सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हिमाचल पहला राज्य बन गया है, जहां कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत ही खेद की बात है कि आज 5 मार्च हो गई परंन्तु पेंशनरों के खातों में पेंशन नहीं आई है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के कर्मचारी, पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर हैं जिससे आम जनता त्रस्त है। लोगों को अपने काम करवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं।

# अधिवक्ता संशोधन की जलाई प्रतियां

## जिला बार काउंसिल के सदस्यों ने की केंद्रीय कानून मंत्री के खिलाफ नारेबाजी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



जिला बार एसोसिएशन हमीरपुर ने मंगलवार को कानून मंत्री भारत सरकार को जिला उपायुक्त के माध्यम से एडवोकेट एक्ट संशोधन को लेकर ज्ञापन भेजा था। इसी अधिवक्ता अधिनियम को लेकर बुधवार को जिला सत्र न्यायालय के बाहर केंद्रीय कानून मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट में जो संशोधन किया जा रहा है, उसको लेकर जिला सत्र न्यायालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया व केंद्रीय कानून मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।

उन्होंने बताया कि जब अधिवक्ता संशोधन बिल का कोई अर्थ ही नहीं तो इसकी प्रतियां रखकर क्या करेंगे। उन्होंने बताया अधिवक्ता संशोधन बिल की पत्तियों को विरोध स्वरूप जला दिया। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता संशोधन एक्ट का प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है। इस अधिवक्ता एक्ट में संशोधन वकीलों के की आजादी पर सीधा प्रहार है। इसी विरोध के चलते प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों व सब डिविजन न्यायालयों में 3 व 4 मार्च को कोई भी अधिवक्ता न्यायालयों में हाजिर नहीं हुए जबकि 5 और 6 मार्च को भी स्टेट कॉर्डिनेशन कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने के आदेश दिए थे जिसके तहत यह धरना प्रदर्शन किया गया है।

उन्होंने कहा कि एडवोकेट एक्ट में जो भी संशोधन किया जा रहा है उसमें वकीलों को कोई सलाह नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट एक्ट में संशोधन से अधिवक्ताओं को हड़ताल करने से पाबंदी रहेगी और यदि हड़ताल करते हैं तो उन पर न्यायाधीश कार्रवाई कर सकेंगे, जबकि पहले बार काउंसिल ही कार्रवाई कर सकती थी। इसके अलावा बाहरी देशों से लॉ फर्मों को भारत लाने से और वकीलों को यहां पर प्रैक्टिस करने से स्थानीय वकीलों की रोजी रोटी पर असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि एडवोकेट एक्ट में संशोधन बिल पूरे 100 पन्नों का है जिसका वे विरोध कर रहे हैं।

इसके अलावा अधिवक्ताओं की काउंसिल में सरकार द्वारा अपने लोगों को शामिल करना चाहती है जिसे किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश भर में 27 लाख से अधिक अधिवक्ता हैं उनकी रोजी रोटी पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्टेट कॉर्डिनेशन कमेटी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से आज मिलने वाली है। उनसे मिलकर क्या निर्णय लिया जाएगा। इस बारे में वीरवार को पता चलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से न उन्हें कोई बीमा दिया जाता है और वेतन दिया जाता है तो फिर सरकार अधिवक्ता एक्ट में संशोधन क्यों करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं की यही मांग है कि इस अधिवक्ता एक्ट संशोधन को वापस लिया जाए।

उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को तत्काल वापस लिया जाए और यह भी अनुरोध किया जाता है कि उक्त अधिनियम में कोई भी संशोधन प्रस्तावित करने से पहले अधिवक्ता समुदाय से परामर्श किया जाए और उसे शामिल किया जाए ताकि अधिवक्ताओं के हितों का ध्यान रखा जा सके। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, उपाध्यक्ष निशांत गर्ग, महासचिव अश्वनी शर्मा, संयुक्त सचिव रिजुल ठाकुर, कोषाध्यक्ष संदीप ठाकुर, लाइब्रेरियन कुलदीप कुमार व सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# दियोटसिद्ध में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं को मिलेंगी खास सुविधाएं

**एसके ठाकुर, बड़सर**



बाबा बालक नाथ मंदिर में चैत्र मास मेले की तैयारियां पूरीं 24 घंटे खुला रहेगा दरबार

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास मेलों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 14 मार्च से 13 अप्रैल तक चलने वाले इन मेलों में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रशासन ने इस बार सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की है। पहली बार एसटीआरटी (स्पेशल टास्क रैपिड टीम) को एक महीने के लिए तैनात किया जा रहा है, जिससे आपातकालीन स्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी। मंदिर प्रशासन के अनुसार, मंदिर परिसर में दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि वे बाबा बालक नाथ के प्रसाद की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

इसके लिए जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी (फूड सेफ्टी ऑफिसर) को भी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। चैत्र मेलों के दौरान बाबा बालक नाथ जी का लंगर 24 घंटे खुला रहेगा। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के ठहरने की भी उचित व्यवस्था की गई है इस बार प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए मंदिर की लाइव टेलीकास्ट की भी व्यवस्था की है, जिससे दूर-दराज के भक्त भी बाबा के दर्शन कर सकेंगे। चैत्र मास मेलों के दौरान बाबा बालक नाथ की पवित्र गुफा 24 घंटे खुली रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा

मंदिर प्रशासन ने इस बार दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा प्रदान की है। गेट नंबर 1 से 9 तक फ्री टैक्सी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम बड़सर ने जानकारी दी कि मंदिर परिसर में चार पुलिस रिजर्व बल और 185 होमगार्ड जवान तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 40 सुरक्षाकर्मियों मौजूद रहेंगे। मंदिर प्रशासन ने 60 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।

# एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में नादौन क्षेत्र को नकल मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रदेश शिक्षा बोर्ड का बुधवार को प्लस टू का फिजिक्स का पेपर था, जिसे लेकर एसडीएम रोकश शर्मा के नेतृत्व में टीम ने आधा दर्जन से ज्यादा स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं को जांचा।

टीम में एसडीएम के साथ हरदीप सिंह, संजीव कुमार व बलवीर सिंह भी उपस्थित थे। टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में सब डिविजन नादौन के अंतर्गत आने वाले सीनियर सेकेंडरी स्कू ल जोलसप्पड़, रैल, बड़ा, बलडूहक, चोडू तथा पब्लिक स्कूल मलोटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नकल का कोई भी मामला नहीं पकड़ा गया। औचक निरीक्षण के दौरान पाया कि स्कूलों में परीक्षा सुचारु रूप से चल रही थीं। एसडीएम ने परीक्षा केन्द्रों में तैनात स्टाफ को भी नकल मुक्त सब डिविजन बनाने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए उत्तम व्यवस्थाएं हैं तथा परीक्षाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं।

### निरीक्षण में निकलीं व्यवस्थाएं सही

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा में नकल की रोकथाम के लिए विशेष फ्लाइंग स्क्वायड ने बुधवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। फ्लाइंग स्क्वायड ने सुबह के सत्र में 10+2 परीक्षा का पेपर भौतिक विज्ञान के दौरान फ्लाइंग स्कॉट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिप्पर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दादडू वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौड़े अंब का निरीक्षण किया। निरीक्षण में टीम ने पाया की उक्त स्कूलों के परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी और अन्य व्यवस्था सही पाई गई। कोई भी परीक्षार्थी नकल करता हुआ नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षा में तैनात स्टाफ का कार्य भी संतोषजनक पाएगा। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपमंडल अधिकारी नागरिक राजेंद्र गौत्तम, हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की तरफ से प्रवक्ता दिनेश कुमार, टीजीटी सूरज कसी, टीजीटी बबीता वर्मा भी मौजूद रहे।

### समीरपुर मंडल को सांसद ने दी बधाई



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भोरंज विधानसभा के समीरपुर मंडल के अवाहदेवी क्षेत्र में एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर पहुंचे। मंडल की कार्यकारिणी के विस्तार के बाद यह पहला कार्यक्रम हुआ। मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने मुख्य अतिथि अनुराग ठाकुर का स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने कहा कि पूर्व में रहे बमसन विधानसभा की तर्ज पर ही समीरपुर मंडल को पूरे प्रदेश में एक आदर्श मंडल की तरह बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा और यहां से भविष्य मे लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अपने प्रतिनिधियों को भारी मतों से लीड दिलाने मे प्रयासरत रहेंगे। मुख्य अतिथि अनुराग सिंह ठाकुर ने समीपुर मंडल की पूरी कार्यकारिणी को बधाई शुभकामनाएं दी और कहा कि पूरे देश में जहां-जहां प्रदेशों के चुनाव हो रहे हैं, वहां-वहां देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्य को देखकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना रहे हैं। आज देशभर में लोगों का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के प्रति बड़ा विश्वास है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सिंह लवली के अलावा पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री, पूर्व महामंत्री अजय रिंटू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला, धर्मेंद्र शर्मा, समीरपुर मंडल के महामंत्री संजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में मादक द्रव्य सेवन और नशा उन्मूलन विषय पर एक कार्यशाला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अजयब सिंह बन्याल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएमओ ऑफिस, सुजानपुर टीहरा से डॉ. कजिंदर सिंह (स्वास्थ्य अधीक्षक), अजय जगोता, सुमन और सुमिता ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने समाज में बढ़ती नशे की समस्या पर प्रकाश डालते हुए इसके खिलाफ जन-जागरण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके पश्चात प्रो. राजेश खरवाल ने कार्यशाला का संचालन किया।

### प्लाटों के आवंटन में दिखी प्रतिस्पर्धा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में शुरू होने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव को लेकर के दूसरे दिन भी बुधवार को प्लाटों की बिक्री हुई। एसडीएम संजीत सिंह व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की गठित कमेटी ने खुली बोली के माध्यम से प्लाटों की नीलामी करवाई। प्रशासन द्वारा रखी गई बोली से प्लाटों की बिक्री से लाखों रुपए का राजस्व इकट्ठा हुआ। बुधवार को प्लाटों की बोली के आवंटन के दौरान काफी गहमा-गहमी और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

बुधवार को एसडीएम संजीत सिंह की अध्यक्षता में तहसीलदार प्रवीण ठाकुर, सीडीपीओ कुलदीप चौहान, कोषाधिकारी अभिषेक ठाकुर आदि गठित कमेटी खुली बोली के माध्यम से बोली शुरू करवाई गई, लेकिन दुकानदार उच्चतम बोली देने से गुरेज करते दिखे। जो प्लॉट पिछले वर्ष अधिक बोली में गए थे, इस बार बोलीदाता उनकी बोली के लिए धनराशि अधिक नहीं बढ़ा रहे थे। दुकानदारों ने बोली में भाग लेकर सरकारी तौर पर रखी बोली से उच्चतम बोली देकर प्लाट अपने नाम करवाए।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के पीछे सशक्त बैंकिंग प्रणाली की भूमिका अहम : अनुराग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अवाहदेवी में किया निजी बैंक का शुभारंभ

सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर जिले के अवाहदेवी में बुधवार को एक निजी बैंक की ब्रांच का शुभारंम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने बैंकों के द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में किए गए योगदान को की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज विश्व में भारत की अर्थव्यवस्था का जो डंका बज रहा है, उसमें भारत की बैंकिंग प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान है।

उन्होंने कहा कि 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना की शुरूआत की, जिसके पीछे उनका उद्देश्य आम गरीब लोगों देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। उस समय बैंक अधिकारी और बाकी लोग कहते थे कि बिना पैसे के खाते खोलने का क्या फायदा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बैंक अधिकारी घर तक आए और 54 करोड 80 लाख खाते कुछ सालों में खोले गए। वहीं बैंक, वहीं अधिकारी आज भी हैं, लेकिन सरकार की बड़ी सोच ने यह संभव कर दिखाया। आज उन्हीं जनधन खातों में 2 लाख 12 हजार करोड़ रुपए जमा हैं। ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने स्वनिधी योजना के तहत रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले लोगों के लिए करोंडों रुपए की योजना शुरू करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 20 लाख तक के ऋण बिना जमीन गिरवी रखे दिया जाता हैं, जिससे लोगों ने अपना कारोबार शुरू किया। इसका सबसे ज्यादा फायदा मातृशक्ति ने उठाया है। इसके अतिरिक्त अनुराग ठाकुर ने समीरपुर स्थित आवास पर जनसमस्याओं की सुनवाई करने के उपरांत अपनी कुलदेवी अवाहदेवी के दर्शन और पूजन भी किया। (अनंत ज्ञान)

# पेड़ कटने से सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क की बाधा होगी दूर

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

सिद्धयोगी बाबा बालक नाथ के भक्तों के लिए शुरू हुआ सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क का विस्तार जल्द ही रफ्तार पकड़ने वाला है। वन विभाग से एफआरए की अनुमति के इंतजार में लटका सड़क का चौड़ीकरण का काम अब सिरे चढ़ने की उम्मीद बढ़ी है। बता दें कि सड़क विस्तार के लिए कटने वाले चीड़ के पेड़ों के लिए वन अनुमति न मिलने के कारण सड़क निर्माण का काम लटक रहा था। इस मामले को दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इसका संज्ञान लेते हुए डीएफओ हमीरपुर ने क्षेत्र के रेंज अधिकारी को सड़क विस्तार की जद में आने वाले चीड़ के पेड़ों की निशानदेही कर संख्या जांचने के आदेश दे दिए हैं। इसके बाद वन अनुमति मिलते ही पेड़ कटान शुरू होगा और सड़क विस्तार के काम को गति मिलेगी। सनद रहे कि सड़क निर्माण के लिए पेड़ों के कटान की अनुमति में आ रही बाधा के कारण बड़सर के ढटवाल के बाशिंदों समेत देश-प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं की इस प्रोजेक्ट से बंधी आस को निराशा ने घेरना शुरू कर दिया था। करीब 20 किलोमीटर लंबी इस सड़क के विस्तार में कुछ चीड़ के पड़ों का कटान होना था, लेकिन वन विभाग की ओर से इन पेड़ों की निशानदेही और कटान का काम लटकाया जा रहा है।

हालांकि रोड की कटिंग का काम प्रगति पर है, लेकिन कई जगह पेड़ कटान की वजह से सड़क की चौड़ाई पूरी नहीं हो पा रही है। कुछ ऐसे भी मठाधीश हैं, जिन्होंने इस सड़क मार्ग पर बने पैरापिट पर भी कब्जा कर लिया है परंतु लोक निर्माण विभाग मोनी बाबा बना हुआ है, पता नहीं कब ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेगा। करीब तीन माह से इस सड़क के विस्तार का काम शुरू हो चुका है। सलौणी से डुगाड़ तक कटान का काफी काम हो चुका है। अब कटान आगे बढ़ रहा है, लेकिन अभी तक जो कटान हो चुका है, वह पूर्णता नहीं ले पाया है। कारण वे पेड़ हैं, जो इस सड़क विस्तार की जद में आ रहे हैं।

### सड़क निर्माण जल्द पूरा होने की उम्मीद

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल एवं प्रदेश भाजयुमो नेता आशीष ठाकुर मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल, मंडल अध्यक्ष बड़सर संजीव कुमार ने वन विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत किया है, साथ ही उम्मीद जताई है कि जरूरी पेड़ों का कटान होने से सड़क निर्माण को गति मिलेगी।

वास्तुस्थिति यह है कि भूमि कटान की वजह से कई पेड़ों की जड़ें तक निकल आई हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत इन पेड़ों के कटान का आवेदन किए एक माह से ज्यादा का समय बीत चुका था, लेकिन आवेदन वन विभाग की फाइलों के बोझ में दबता जा रहा था।

सूत्र बताते हैं कि डीएफओ स्तर पर मिलनी वाली पेड़ कटान की अनुमति राजनीतिक दबाव में लटकाई जा रही थी। बड़सर भाजपा ने स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व पर भी इस मामले में उदासीनता दिखाने का आरोप जड़ा था।

# पुलिस कांस्टेबल पदों की भर्ती में 941 पुरुष 284 महिला अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में पास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भर्ती में 2374 पुरुष व 1040 महिला रहीं अनुपस्थित

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद के कुल 1226 पदों (पुरुष व महिला आरक्षी पद) को भरने के लिए हमीरपुर जिले में भर्ती को लिए शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा 28 फरवरी से 5 मार्च तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मैदान अणू में आयोजित की गई।

हमीरपुर जिले से इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कुल 7680 अभ्यर्थियों (पुरुष अभ्यर्थी-5668 व महिला अभ्यर्थी-2012) के द्वारा आवेदन किया गया था। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि 28 फरवरी से 5 मार्च तक कुल 3601 पुरुष अभ्यर्थी तथा कुल 972 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए रिपोर्ट किया/पंजीकृत हुए, जिनमें से कुल 941 पुरुष अभ्यर्थी तथा कुल 284 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं तथा आज दिन तक आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 2353 पुरुष व कुल 688 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं।

इसके अतिरिक्त इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 2374 पुरुष व कुल 1040 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा से अनुपस्थित/दस्तावेज में अस्वीकार/भर्ती के लिए रिपोर्ट नहीं किया है। शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी पुरुष व महिला अभ्यर्थियों को पुलिस मुख्यालय, शिमला द्वारा लिखित परीक्षा के लिए तिथि निर्धारित किए जाने पर लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

**प्रेसवार्ता** जिला नंबरदार कल्याण संघ ने विधायक को बताई समस्याएं, बोले-

# भू-राजस्व तहसील कार्यालय में जमा करने के आदेश दे सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला नंबरदार कल्याण संघ सोलन ने अर्की के विधायक को नंबरदारों को आ रही समस्याओं के बारे में ज्ञापन सौंपा। नंबरदार संघ ने विधायक से अनुरोध किया कि पहले भी अपनी समस्याओं के बारे में पत्राचार किया, लेकिन उनका समाधान नहीं हुआ, इसलिए आशा है कि हमारी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1983-84 के बाद हिमाचल प्रदेश में नंबरदारों को फर्दबाद नहीं मिली है इसके लिए हमने कई बार पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं वर्तमान मुख्यमंत्री को भी लिखित फर्दबाद उपलब्ध करवाने के लिए आग्रह कर चुके हैं परंतु आज तक इस विषय पर अमल नहीं हुआ। परिणामस्वरूप सरकार का करोड़ों रुपए का राजस्व इकट्ठा नहीं हो पाया है। इसके अलावा नंबरदारों के लिए अलग से बजट का प्रावधान हो तो हमें समय पर मानदेय मिलता रहेगा। हमारे मानदेय के अतिरिक्त जो भी बजट आता है, वह उपायुक्त कार्यालय के पास आता है, जिस कारण हमें समय पर मानदेय नहीं मिलता। हमारा एक वर्ष का मानदेय लंबित पड़ा है।

इसके अलावा सभी नंबरदारों को सनद नंबरदारी उपलब्ध करवाएं क्योंकि हिमाचल प्रदेश के 90 प्रतिशत नंबरदारों के पास सनद नंबरदारी नहीं है, जिस कारण राजस्व कार्यों में मुश्किलें आ रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि तहसीलों में नंबरदारों को बैठने हेतु एक कक्ष का आवंटन किया गया है, जहां पर बैठकर नंबरदार लोगों के राजस्व संबंधी कार्य करते हैं, परंतु हमारी तहसील में ऐसा कोई नियत स्थान नहीं है, मजबूरन नंबरदार बाहर बैठकर लोगों के कार्य करवाते हैं। इसलिए लंबरदारों को बैठने की उचित व्यवस्था करें।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 से पहले भू राजस्व तहसील कार्यालय में जमा होता था व उसका पूरा ब्यौरा भी कार्यालय में उपलब्ध रहता था परंतु जब से सरकार ने भू राजस्व पंचायत में जमा करवाने की अधिसूचना जारी की है, जिसका परिणाम यह रहा कि सरकार का करोड़ों रुपए लोगों के पास लंबित है। अत: आपसे निवेदन है कि आम राजस्व मंत्री से विचार-विमर्श करके भू राजस्व पंचायत के बजाए फिर से तहसील कार्यालय में जमा करवाने का आदेश पारित करवाएं ताकि करोड़ों रुपए लोगों के पास पड़ा है, उसे इकट्ठा किया जा सके।

इसके अलावा सरकार से पहले भी निवेदन किया था कि भू राजस्व को बढ़ाया जाए। भू-राजस्व पैसों में है, जो इकट्ठा करना नामुमकिन है। इसलिए सरकार भू-राजस्व बढ़ाने के आदेश पारित करे जिससे सरकार को आमदनी में इजाफा हो।

इस अवसर पर जिला नंबरदार कल्याण संघ के अध्यक्ष दिला राम, प्रधान जगत राम, वरिष्ठ उपप्रधान चमन लाल, सचिव राकेश, सह सचिव प्रदीप कुमार व सदस्य मौजूद रहे।

# विभिन्न पदों पर निकली बंपर भर्ती 10 को लगेगा मिनी रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विभिन्न पदों के लिए कंपनियां लेंगी पात्र युवाओं के साक्षात्कार

जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में 10 मार्च को सुबह साढ़े दस बजे से मिनी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें पांच कंपनियां विभिन्न पदों के लिए पात्र युवाओं के साक्षात्कार लेंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बद्दी की प्रसिद्ध कंपनी सुकम पॉवर सिस्टम लिमिटेड में आईटीआई फ्रेशर के 25 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए आईटीआई डिप्लोमाधारक पुरुष उम्मीदवार ही पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 12 हजार रुपए मासिक वेतन और अन्य भत्ते दिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (एसआईवीटी) घुमारवीं में सीनियर आईटी फेकल्टी के एक पद और जूनियर फेकल्टी के 2 पदों को भरने के लिए भी साक्षात्कार लिए जाएंगे। इन पदों के लिए अभ्यर्थी एमसीए, एमएससी-आईटी, एमएससी-सीएस, बीसीए, बीएससी-आईटी, पीजीडीसीए और बीकॉम विद टैली में से कोई भी डिग्री या डिप्लोमा धारक होना चाहिए तथा उनकी आयु 18 से 32 वर्ष के बीच हो। चयनित उम्मीदवार को 13,500 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। बद्दी की ऑरो स्पिनिंग मिल्स में भी ट्रेनी के 50 पद भरे जाएंगे। इनके लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं या 12वीं पास, आईटीआई या अन्य डिप्लोमा रखी गई है। आवेदक की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच हो। चयनित आवेदकों को कंपनी द्वारा मासिक 12,000 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा।

आनंद ऑटो केयर प्राइवेट लिमिटेड हमीरपुर में सेल्स अधिकारी के 3 पदों के लिए भी साक्षात्कार लिए जाएंगे। इसके लिए महिला या पुरुष आवेदक स्नातक होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 12 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा भी सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। चयनित उम्मीदवारों को 16,500 से लेकर 21 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

# शिक्षा के क्षेत्र में केरल को पछाड़ हिमाचल नंबर-1

## शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलाव, तीन नए निदेशालय भी बनाए जा रहे, विधानसभा के बजट सत्र में हो सकती है घोषणा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। बिखरे शिक्षा के ढांचे को सुव्यवस्थित करने के उच्च स्तरीय प्रयास चल रहे हैं। प्री-प्राइमरी से लेकर स्नातक तक की शिक्षा में सुधार की संभावनाएं तलाशी जा रही है। बाहरी देशों की उन्नत शिक्षा नीति अपनाने पर भी गंभीर विचार हो रहा है।


अनंत ज्ञान विशेष

प्रदेश में पहली बार युक्तिकरण प्रक्रिया को गंभीरता से लागू किया गया है। युक्तिकारण का मकसद बेहतर शिक्षा के केंद्र स्थापित करने और बिखरी शैक्षणिक संस्थाओं को समेट कर उनको समीप कज स्कूलों या फिर कॉलेजों में मर्ज करना शामिल है, जो सरकार की आर्थिक सेहत में भी सुधार करेगी और शिक्षा की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार लाएगा।

शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव की आहट साफ सुनाई पड़ रही है। आगामी विधानसभा के बचट सत्र में शिक्षा से संबंधित उठाए जा रहे प्रभावी कदमों की जानकारी भी साझा की जा सकती है। लिहाजा, ये कदम क्रांतिकारी साबित होंगे।



फाइल फोटो





इस पर विधानसभा के बजट सत्र में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल होने वाली है। शिक्षा से जुड़ा प्रशासनिक अमला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के दिशा-निर्देशों पर प्री-प्राइमरी से लेकर स्नातक तक के शिक्षा निदेशालयों को अलग-अलग बना रहा है। प्री-प्राइमरी से लेकर दूसरी कक्षा, तीसरी से 12वीं कक्षा और स्नातक के लिए अलग से निदेशालय स्थापित किया जा रहे हैं। अभी तक सिर्फ दो निदेशालय ही काम कर रहे थे, अब इनकी संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी, जो शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने को प्राथमिकता देंगे। (अनंत ज्ञान)

### निजी शिक्षण संस्थानों से होगा मुकाबला

**प्रदेश** में दूसरी तरफ निजी शिक्षण संस्थान भी सरकारी शिक्षण संस्थानों के लिए चुनौती बनकर उभरे हैं। ऐसे स्कूलों से मुकाबला करने के लिए सरकार टीचरों को ट्रेंड कर रही है और उन्हें बच्चों को आधुनिक तकनीक से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित भी कर रही है। ऐसे कुछ शिक्षकों को बाहरी देशों में भेजा जा रहा है, जो यहां पर जाकर उच्च गुणवत्ता से परिपूर्ण शिक्षा की बारीकियां को सीखेंगे और वहां से आकर यहां पर कुछ गुणवत्ता से परिपूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हो पाएंगे। बहरहाल अब देखना यह रहेगा कि इस आमूल-चूल परिवर्तन से सरकार शिक्षक के क्षेत्र में किस तरह के सकारात्मक बदलाव ला पाती है।

### शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियां

- दो नए रेगुलर डिप्टी डायरेक्टर दिए।
- 100 से अधिक कॉलेजो में प्रिंसिपल के पद भरें गए।
- पहली बार प्रदेश के मेधावी छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के लिए सिंगापुर व कंबोडिया भेजा गया। प्रदेश सरकार के इस कदम की सराहना केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने भी की हैं।
- शिक्षा के बजट में कांग्रेस सरकार ने गत दो वर्षों में वृद्धि की हैं और कुल बजट का 18.5 प्रतिशत बजट शिक्षा पर खर्च हो रहा है जो अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है।
- पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई शुरू हो चुकी है।
- 6000 से अधिक अध्यापकों के पद सृजित किए गए जिसमे 50 प्रतिशत बैचवाइज से व 50 प्रतिशत कमीशन से भरे जा रहे हैं।
- मेरे शहर के 100 रत्न योजना के तहत 68 विधानसभा क्षेत्र में कक्षा 6 से ऊपर के 6800 विद्यार्थियों को ट्यूशन व कोचिंग दी जाएगी।
- आईआईएम सिरमौर के साथ शिक्षा विभाग ने एमओयू साइन किया हैं, जिससे शिक्षकों को मैनेजमेंट के बारें में प्रशिक्षण मिल रहा है।
- हर विधनसभा में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे है।

### पूर्व भाजपा सरकार की गलतियों को सुधारा जा रहा

**गौरतलब** पहलू यह भी है, कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के समय प्रदेश में प्री-प्राइमरी स्कूल से लेकर स्नातक तक भारी तादाद में स्कूल और कॉलेज खोले गए। जिनमें स्टाफ की भारी कमी से शिक्षा व्यवस्था बिखरने लगी थी, इन अनावश्यक स्कूलों व कॉलेजों को युक्तिकरण प्रक्रिया के दायरे में लाया गया। फिर उन्हें मर्ज कर किसी अन्य स्कूल या फिर कॉलेज के साथ मिला लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कंपनी से मोटर व लीड चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नालागढ़ में एक कंपनी से मोटर व लीड चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कुलदीप उर्फ बंटी पुत्र कुलविंद्र निवासी मुसेवाल नालागढ़ से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुच्चा सिंह पुत्र हाको राम निवासी मुसेवाल ने बताया कि 2 मार्च को फैक्टरी के अंदर से तीन मोटरें और लीडें किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुलदीप को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल कर लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

### किराने की दुकान से 258 ग्राम गांजा व 27.52 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला बद्दी पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने संडोली खाबडियां गांव में किराना दुकान से 258 ग्राम गांजा व 27.52 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान अतुल आर्या वार्ड-7 बिसौली जिला बदायूं हाल निवासी संडोली खाबडियां से हुई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को सूचना मिली कि किराना दुकान से एक युवक नशे का अवैध कारोबार करता है। टीम ने तुरंत छापेमारी करते हुए दबिश दी तो दुकान से 258 ग्राम गांजा और 27.52 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

### भाजपा 8 को मनाएगी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि पार्टी जिला स्तर पर 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने जा रही है। इस क्रम में भाजपा के वक्ता जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पीएम मोदी की केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगी। भाजपा महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर उन सभी लाभार्थी बहनों को आमंत्रित और सम्मानित भी करेगी जो प्रधानमंत्री जी की आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं से लाभान्वित हुई हैं जैसे मुद्रा योजना, लखपति दीदी, जन धन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, स्वनिधि, पीएम एम्प्लॉयमेंट जनरेशन प्रोग्राम और सेल्फ हेल्प ग्रुप फाइनेंशियल असिस्टेंस। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर मुख्यवक्ताओं की सूची में जिला ऊना में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, जिला बिलासपुर और सोलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, शिमला नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सिरमौर सांसद सुरेश कश्यप, हमीरपुर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, कांगड़ा राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, महासू राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, नूरपुर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, देहरा लोक सभा सांसद राजीव भारद्वाज, चंबा विधायक डॉ. हंस राज, कुल्लू पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, मंडी विधायक विनोद चौहान, पालमपुर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, सुंदरनगर महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी, लाहौल स्पीति धनेश्वरी ठाकुर और किन्नौर अजय श्याम व प्रत्येक कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से एक-एक पदाधिकारी नियुक्त किए गए है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों कार्यक्रमों का आयोजन 8 मार्च को किया जाएगा। केवल जिला सुंदरनगर का कार्यक्रम 12 मार्च, पालमपुर 11 मार्च और सोलन का 11 मार्च को होना निश्चित हुआ है।

# मदद को बढ़ाएं हाथ: शमीक्षा राणा के हार्ट और फेफड़े का होना है प्रत्यारोपण

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

कांगड़ा जिले के डरोह के बाशिंदे सुरेश राणा की 25 वर्षीय बेटी शमीक्षा राणा जिंदगी के लिए जूझ रही है। वह बचपन से ही हृदय रोग से पीड़ित है। शमीक्षा का हार्ट और फेफड़े दोनों ही जवाब दे गए हैं तथा अंतिम चरण में हैं। उसे तत्काल संयुक्त हार्ट और फेफड़े के प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) ने हार्ट और फेफड़े दान करने वालों को सूचीबद्ध किया है। वह सरिता विहार, दिल्ली-मथुरा रोड पर स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में दाखिल है। डॉक्टरों ने शमीक्षा के हार्ट और फेफड़े के प्रत्यारोपण के लिए अनुमानित लागत 50 लाख से एक करोड़ रुपए बताई है।

**ट्रांसप्लांटेशन की अनुमानित लागत 50 लाख से एक करोड़**



अनंत ज्ञान हेल्पलाइन

दानवीरों से अपील है कि कृपया वह शमीक्षा की जान बचाने के लिए अंगदान तथा आर्थिक मदद करने के लिए आगे आएं। आपकी छोटी सी राशि शमीक्षा की जान बचा सकती है। दानवीर गूगल पे पर क्यूआर स्कैन कर आर्थिक सहयोग देकर पुण्य के भागीदार बन सकते हैं।

# हर हाल में बनाएंगे मंडी में शिवधाम : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**शिवरात्रि के समापन अवसर पर बोले पूर्व सीएम धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाने की है योजना**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर निकली भव्य जलेब में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ शिरकत की। उन्होंने सुबह देवी-देवताओं के दर्शन किए और दोपहर बाद राज्यपाल के साथ राज माधव राय मंदिर में पहुंचकर पूजा में भाग लिया।

सात दिवसीय इस महोत्सव के आखिरी दिन निकली तीसरी भव्य जलेब में करीब 45 देवी-देवताओं ने हजारों देवलुओं के साथ नाचते गाते शिरकत की। नेता प्रतिपक्ष ने मेले के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन और सर्व देवता कमेटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक आयोजन देव महाकुंभ से कम नहीं है। इसका एक लंबा इतिहास है और मंडी की शिवरात्रि अनेक प्राचीन परंपराओं की संवाहक रही है। बचपन से इस महोत्सव में



शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है, जिसका लोगों के अलावा देवताओं को भी वर्ष बाद बेसब्री से इंतजार रहता है। हर वर्ष नए नए शृंगार और वस्त्र पहनकर देवता भगवान शिव को समर्पित इस त्योहार में अपनी हाजिरी देने पहुंचते हैं।

खास बात शिवरात्रि में यह रहती है कि यहां एक ही जगह 250 से अधिक देवी-देवताओं के दर्शन होते हैं। यही कारण है कि दिनभर देवी देवताओं के रथों और मोहरों के दर्शनों को लंबी लाइनें लगती है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने की दिशा में हमने प्रयास शुरू किए हैं। अढ़ाई सौ करोड़ की लागत से बनने वाले शिवधाम प्रोजेक्ट को मैं हर हाल में पूरा करवाऊंगा।

इस प्रोजेक्ट के निर्माण में भले ही सरकार बदलने के बाद कई अड़चनें आई हों, लेकिन हम इस सरकार को भी इसका निर्माण आगे बढ़ाने के लिए मजबूर कर देंगे। हमारी सरकार सत्ता में आते ही यह शिवधाम भव्य स्वरूप लेगा और 81 मंदिरों वाले मंडी शहर को हम प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल बनाएंगे। उन्होंने भूतनाथ मंदिर में पूजा की और राज्यपाल के साथ यहां विदाई लेने वाले देवताओं के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ विधायक इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद, दलीप ठाकुर और दीप कुमार, पायल वैद्य आदि उपस्थित रहे।

# सुक्खू सरकार सुख में और जनता कर रही त्राहि-त्राहि : निक्का



**अनंत ज्ञान, भडवार**

नूरपुर विधायक रणवीर सिंह निक्का ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार सुख में है, जबकि प्रदेश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

**कहा- 30 हजार करोड़ का ऋण कहां खर्च किया स्वेत पत्र जारी करें**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को बनं अढ़ाई वर्ष का समय बीत चुका है, मगर अभी तक सरकार न तो किसी योजना पर कार्य कर पाई है और न ही अपने चुनावी गारंटियों को पूरा कर पाई है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ धोखेबाजी की है। जनता के साथ विश्वासघात किया है। प्रदेश की महिलाओं का अनादर किया है। निक्का ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने मित्रों को खुश करने में लगी हुई है। बिना बजट की घोषणाएं करके लोगों को झूठे सपने दिखाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को विकास की परिभाषा का ज्ञान तक नहीं है, ऐसे में वह क्या विकास करवाएंगे। विधायक ने कहा कि नूरपुर में मेडिकल कालेज के लिए वह स्वयं तथा सांसद राजीव भारद्वाज लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र से मदद मिलने के बाद तथा 30 हजार करोड़ का ऋण लेने के बाद भी भी सुक्खू सरकार बोल रही है प्रदेश का खजाना खाली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वेत पत्र जारी करे तथा बताए कि उन्होंने जो ऋण लिया उसे कहां खर्च किया। (अनंत ज्ञान)

# रोहित ठाकुर ने हिमाचल के लिए मांगा बागवानी ट्रेड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

हिमाचल में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने और युवाओं को उद्योग के अनुरूप कौशल देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी से मुलाकात कर कई अहम मांगें रखीं।

**व्यावसायिक शिक्षा को मजबूती और इनोवेशन को बढ़ावा देने में मिलेगी मदद**

**शिक्षा मंत्री ने की नई दिल्ली में जयंत चौधरी से मुलाकात**

इस दौरान समग्र शिक्षा हिमाचल के निदेशक राजेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री ने हिमाचल के स्कूलों में बागवानी को व्यावसायिक ट्रेड में शामिल करने और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की मांग भी रखी।

शिक्षा मंत्री ने हिमाचल में व्यावसायिक शिक्षा के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने की मांग रखी। यह केंद्र व्यावसायिक पाठ्यक्रम विकसित करने, ट्रेनर को प्रशिक्षित करने और इनोवेशन को बढ़ावा देने का काम करेगा। इस पहल से प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा को बाजार की जरूरतों के अनुसार ढालने में मदद मिलेगी।

### स्कूलों में बागवानी को व्यावसायिक ट्रेड में शामिल करने की मांग

**हिमाचल** बागवानी के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है और इसी को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में बागवानी को व्यावसायिक ट्रेड के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इससे युवाओं को आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी मिलेगी, जिससे वे रोजगार के नए अवसर पा सकेंगे और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। अभी तक प्रदेश में 16 व्यावसायिक ट्रेड स्कूलों में चल रहे है। इस तरह बागवानी एक नया ट्रेड होगा।



### आईटी शिक्षकों के लिए वित्तीय सहायता मांगी

**शिक्षा** मंत्री ने 6 से 8 कक्षाओं के लिए कंप्यूटर साइंस शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में आईटी शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस सहायता से हिमाचल के छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर डिजिटल डिवाइड को कम किया जा सकेगा।

### टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी और हेल्थकेयर में अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने पर्यटन और आतिथ्य खुदरा प्रबंधन ऑटोमोटिव और स्वास्थ्य सेवा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में छोटी अवधि के अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम शुरू करने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार के सहयोग से इन क्षेत्रों में हिमाचल के विद्यार्थियों के लिए कुछ देशों में भी अप्रेंटिसशिप योजनाएं लागू की जा सकती हैं, जिससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का व्यावसायिक अनुभव मिलेगा।

### रोजगार बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने की पहल

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि ये सभी कदम हिमाचल में व्यावसायिक शिक्षा को और मजबूत बनाएंगे, जिससे छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुसार व्यावहारिक कौशल मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

### रोजगार की दिशा में किए जा रहे प्रयास

**उल्लेखनीय** है कि हिमाचल सरकार लगातार प्रयास कर युवाओं को आधुनिक कौशल से लैस कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। इन ताजा प्रयासों के सफल क्रियान्वयन से हिमाचल व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास में अग्रणी राज्य बनकर उभर सकता है।

# इंसाफ संस्था विंद्रावन में बनाएगी वन विहार वाटिका

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने सिंगापुर से जारी प्रेस वक्तव्य में कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात कई रणबाकुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसमें हिमाचल प्रदेश के रणबाकुरे भी शहीद हुए हैं। कांगड़ा जिले के मेरे विधानसभा क्षेत्र पालमपुर से ही प्रथम परम वीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ, कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद कै. सौरभ कालिया, कै. विक्रम बत्रा और 1962 एवं 1971 की लड़ाइओं में कई शहीद हुए हैं।



उन्होंने कहा कि शहीदों के अदम्य साहस और उनके द्वारा दी गई कुर्बानियों को संजोए रखने में पालमपुर की एक समाज सेवा में समर्पित संस्था इंसाफ द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। इंसाफ संस्था द्वारा प्रथम वीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ के पैतृक गांव हाक में स्व. किशन कपूर द्वारा स्वीकृत सांसद निधि से एक वन वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह कारगिल के प्रथम शहीद कै. सौरभ कालिया की स्मृति में सौरभ वन विहार का निर्माण हुआ है, जिससे वहां पर आने वाले पर्यटक सौरभ के साहस की कहानियों से परिचित होते हैं।

शांता ने कहा कि अमर शहीद कै. विक्रम बतरा की स्मृति में सौरभ वन बिहार की तर्ज पर इंसाफ संस्था के प्रतिनिधि एक परियोजना (वन लगाओ रोजी कमाओ वाटिका) बनाकर उन्हें मिले थे और राशि का प्रावधान करवाने का अनुरोध किया था, जिस पर उन्होंने वन विभाग के माध्यम से इस परियोजना को सरकार के ध्यान में लाकर राशि स्वीकृति करवाई थी। अब शीघ्र ही विंद्रावन में भी विक्रम बत्रा की स्मृति में भी एक सुंदर वन बिहार वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा है कि राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी ने इसी क्षेत्र से वर्ष 1962 और 1971 की लड़ाइयों में शहीद हुए पुन्नू राम, परस राम और रोशन लाल की स्मृति में वन वाटिका (त्रिमूर्ति) के निर्माण के लिए सांसद निधि से राशि स्वीकृत करके शहीदों के प्रति सम्मान में एक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने इसके लिए उनका धन्यवाद किया है।

# मुख्यमंत्री की अधूरी घोषणाओं को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा, निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणाएं खोखली साबित होने पर सुजानपुर में जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर उनकी घोषणाओं की याद दिलाई और चेतावनी दी कि यदि वादे पूरे नहीं हुए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। राणा ने कहा कि 5 मार्च 2023 को सुजानपुर होली महोत्सव में मुख्यमंत्री ने एक विधायक के रूप में मंच पर उनके द्वारा रखी गई मांगों पर छह बड़े ऐलान किए थे, लेकिन दो साल बाद भी एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।



मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से मंच पर जो घोषणाएं की थीं, उनमें टौणी देवी में डिग्री कॉलेज खोलना, सुजानपुर अस्पताल को 100 बेड में अपग्रेड करना, आधुनिक बस अड्डे का निर्माण करना, सुजानपुर डिग्री कॉलेज में अंग्रेजी और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करना और सुजानपुर में वर्तमान सरकार द्वारा सत्ता में जाकर बंद कर दिए गए जल शक्ति और विद्युत विभाग के बंद किए गए डिवीजन को पुन: शुरू करना शामिल था। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सुजानपुर की जनता से झूठे वादे कर केवल तालियां बटोरीं। मुख्यमंत्री को बताना होगा कि उनकी घोषणाएं कब पूरी होंगी। सुजानपुर में उमड़ा यह जनसैलाब इस बात का संकेत है कि जनता अब झूठे वादों के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है। इस मौके पर टौणी देवी व सुजानपुर टीहरा के पदाधिकारी, नारी शक्ति व ग्रामीण क्षेत्रों से आमजनमानस ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया।

**आरोप** दो साल में सरकार ने हमें एक पैसा भी नहीं दिया : पेंशनर्स महासंघ

# हजारों करोड़ रुपए और सरकार द्वारा लिया कर्जा गया कहां : घनश्याम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य पेंशन महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि यह बहुत बड़ी भाग्य की विडंबना है और प्रदेश की जनता का दुर्भाग्य है कि लगभग दो वर्षों से ज्यादा का समय हो गया है, जब यह कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर के सत्ता में आई थी।

आज बड़े दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि जिन लोगों ने सारी उम्र प्रदेश प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बनाने में लगा दी, सरकारी नौकरी करते हुए गुजार दी आज वह उम्र के इस पड़ाव में आकर के हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने से लोग यहां पर पहुंचे हैं। यह सरकार की नालायकी का जीता-जागता नमूना है, दो साल से यह सरकार स्थापित हुई है। हिमाचल प्रदेश का पूर्व कर्मचारी और वरिष्ठ नागरिक इतनी बुरी तरह से ग्रस्त हुआ है कि जिसका अंदाजा आप आज के प्रदर्शन से लगा सकते हैं।



हिमाचल के इन बुजुर्ग लोगों एवं पूर्व कर्मचारियों के हजारों करोड़ रुपए के चिकित्सा भत्ते बिल का भुगतान नहीं किया है। सबसे पहला विषय तो यह है कि जिन लोगों को इस उम्र में बीमारी के लिए दवाई और इलाज की जरूरत है, लेकिन इस सरकार ने पिछले दो वर्षों से एक भी रुपया हिमाचल के पूर्व कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ते के रूप में नहीं दिया। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं और सीधा-सीधा आरोप लगाना चाहता हूं कि प्रदेश की सरकार एवं मुख्यमंत्री यह बताएं कि क्या सरकार में कोई मंत्री, कोई विधायक या स्वयं मुख्यमंत्री बीमार नहीं हुए हैं। दो साल के अंदर अगर हुआ है तो क्या उनके भी चिकित्सा भत्ते को रोके हुए हैं। इस बात को लेकर के वह स्वेत पत्र जारी करें। प्रदेश की जनता एवं पूर्व कर्मचारी जानना चाहते है कि जिन लोगों ने इस सरकार को चुन कर के सत्ता में भेजा, आज वही सरकार कर्मचारियों की उम्र को तिनके तिनके कर खत्म कर रही है।

हजारों करोड़ रुपए का हमारा पे कमीशन का सरकार के पास पेंडिंग पड़ा है। हम पिछली भाजपा सरकार का धन्यवाद करना चाहते हैं उन्होंने कम से कम पूर्व भुगतान की एक किस्त प्रदेश के तमाम पूर्व कर्मचारी कर्मचारियों को दी। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से इस सरकार ने एक पैसा हमें नहीं दिया, हजारों करोड़ रुपए का कर्जा प्रदेश की सरकार ने ले रखा है। हम यह भी जानना चाहते हैं कि प्रदेश के यह हजारों करोड़ रुपए और सरकार द्वारा लिया कर्जा गया कहां?

### सत्ता के नशे में चूर सरकार

**अफसोस** इस बात का है कि प्रदेश के मुखिया सत्ता के नशे में इतने चूर हैं कि वह किसी से न तो राय-शुमारी करना चाहते हैं, न किसी से मशवरा। हमने कहा कि आप हिमाचल के पूर्व कर्मचारियों की बैठक बुलाएं और चर्चा करें। यह प्रदेश जितना उनका है उससे ज्यादा हमारा भी है और हमारा यह मानना है कि सबसे पहले हमारे लिए देश है, प्रदेश है और प्रदेश के बाद हमारे लिए हमारे हक हैं, लेकिन जब कोई बात ही नहीं करना चाहता है केवल सत्ता में विराजमान है तो आज मैं इस बात का ऐलान यहां से करना चाहता हूं, प्रदेश का वरिष्ठ नागरिक जाग गया है, तो आप देखिए आने वाले समय में होता क्या है। सरकार कितने दिन टिकेगी यह तो भविष्य के गर्भ में है।

# न्यूज ब्रीफ

## फार्मेसी कॉलेज नगरोटा में मातृ शक्ति सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोता बगवां।** राजकीय फार्मेसी कॉलेज नगरोटा बगवां में मंगलवार को मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित छात्राओं को जन औषधि परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और जन औषधि सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। इस समारोह में प्रोफेसर रेखा कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह में डॉ. विक्रम आर्या, प्रोफेसर कुसुम शर्मा भी उपस्थित रहीं। इसमें 200 के करीब प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समारोह के अंत में जन औषधि परियोजना के हिमाचल प्रदेश के नोडल अधिकारी रोहित शर्मा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया व उपस्थित लोगों को आभार व्यक्त किया।

## ऑनलाइन फ्रॉड से रहें सतर्क: सुयश शर्मा

**अनंत ज्ञान, गगल।** केंद्रीय सहकारी बैंक गगल के सौजन्य से आज राछ्यालु के लोगों को जागरूक किया। जानकारी देते हुए केंद्रीय सहकारी बैंक गगल के मैनेजर सुयश शर्मा व रंजन कुमार ने लोगों को विस्तारपूर्वक बैंक की नई नई स्कीमों के बारे में जानकारियां दीं। उन्होंने उपस्थित लोगों को अनजान नंबरों से फ्रॉड कॉल बगैरा आती है और आपसे वे शातिर ओटीपी नंबर मांगते हैं, तो बगैर पूछे किसी को भी ओटीपी नंबर न दें, क्योंकि बैंक का कोई भी कर्मचारी आपसे ओटीपी नंबर नहीं मांगता। इसलिए जब भी कोई ऐसी फ्रॉड कॉल आती हैं तो सतर्क हो जाना चाहिए। इस अवसर पर बैंक मैनेजर ने सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं जैसे क्रेडिट कार्ड, इंश्योरेंस स्कीम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ऑनलाइन सिस्टम के बारे तथा एटीएम ऑन फ्रॉड ओटीवी फ्रॉड,सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि शामिल है। इस अवसर पर शिविर में पंकज, मुख्तियार खान, सुशील कुमार, महिला मंडल की प्रधान सलोचना देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी कांगड़ा में ली राष्ट्रीय सुरक्षा की शपथ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्त्व के बारे में जागरूक करना था। इस साल की थीम है 'सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं'। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की स्थापना 4 मार्च 1966 में भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा की गई थी। वर्ष 1972 में इसे राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि हम सभी को अपनी सुरक्षा और देश की सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा की शपथ ली। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा।

## ऑन जॉब ट्रेनिंग पूर्ण करने पर बांटे प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्या महाविद्यालय नूरपुर में वोकेशनल विभाग के हॉस्पिटेलिटी एवं टूरिजम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग पूर्ण करने पर प्रशंसा पत्र देकर नवाजा गया। प्रधानाचार्य डॉ. अनिल ठाकुर ने कहा कि वीवॉक की डिग्री द्वारा छात्रों को रोजगार प्राप्त करने का कौशल प्रदान किया जाता है। वोकेशनल विभाग के समन्वयक प्रोफेसर सोहन ने जानकारी दी कि वि वॉक डिग्री छात्रों के व्यक्तित्व को विकसित करने व रोजगार प्राप्त करने के लिए अति आवश्यक है। इसके साथ ही हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के प्रशिक्षक पंकज जरयाल ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा छात्रों के लिए अति आवश्यक है। इसमें पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को औद्योगिक क्षेत्र में काम आने वाले कौशल को भी उन्नत किया जाता है। इसके लिए छात्रों को समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण व गेस्ट लेक्चर ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाई जाती है।

# पटवारी-कानूनगो संघ की हड़ताल से विद्यार्थी नहीं बनवा पा रहे प्रमाण पत्र

### नीट, जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरने में हो रही देरी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

पटवारी-कानूनगो की हड़ताल के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी-कानूनगो संघ व सरकार के बीच आपसी तालमेल नहीं बन पाने का खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। हड़ताल के कारण लोगों को कई तरह से परेशानयों का सामना करना पड़ रहा है। आजकल नीट, जेईई सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरे जा रहे हैं, जिसके लिए बच्चों को बोनाफाइड, एससी, एसटी, ओबीसी आदि प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है जोकि समय पर ना बन पाने के कारण छात्र इन प्रतियोगी परीक्षाओं से वंचित रह सकते हैं।

**बच्चों और अभिभावकों ने आवेदन तिथि आगे बढ़ाने की उठाई मांग**

हड़ताल के कारण जहां एक ओर छात्रों के विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर आम जनमानस के जमीन रजिस्टरी व अन्य राजस्व से संबंधित कार्य नहीं हो रहे हैं। बच्चों एवं उनके अविभावकों ने मांग की है कि प्रवेश परीक्षाओं के फार्म भरने की तिथि को आगे बढ़ाया जाए। हालांकि पटवारी व कानूनगो को स्टेट कैडर में लाने पर आम जन मानस ने सरकार के इस निर्णय को सही भी ठहराया है व इस निर्णय पर लोगों ने सरकार की सराहना भी की है।

### हड़ताल से जवाली में 39 प्रकार की सेवाएं ठप

**अनंत ज्ञान, जवाली/कोटला।** प्रदेश सरकार द्वारा पटवारी एवं कानूनगो को राज्य कैडर में डालने के फैसले के खिलाफ कांगड़ा के उपमंडल जवाली के पटवारी एवं कानूनगो की पैन डॉन हड़ताल छठे दिन में प्रवेश कर चुकी है। हड़ताल से राजस्व विभाग के माध्यम से मिलने वाली 39 प्रकार की सेवाएं ठप हो चुकी हैं। पटवार-कानूनगो संघ जवाली इकाई के प्रधान राजीव राणा का कहना है कि राज्य में पटवारी व कानूनगो का स्टेट कैडर करने से पटवारी और कानूनगो को जिला से बाहर राज्य में कहीं भी ट्रांसफर किया जा सकेगा, जबकि इससे पहले जिला कैडर में जिला से बाहर ट्रांसफर करने का प्रावधान नहीं था। इनके भर्ती एवं पदोन्नति नियम भी जिला कैडर के हैं। इसी वजह से पटवारी कानूनगो स्टेट कैडर का विरोध कर रहे हैं।

### हड़ताल से लोग परेशान

**नूरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के खिलाफ पटवारी कानूनगो संघ की पेन डाउन स्ट्राइक आज छठे दिन भी लगातार जारी है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के आधार पर पटवारी-कानूनगो को जिला कैडर से लेकर स्टेट कैडर पर किया गया है। सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के विरोध में पटवारी कानूनगो संघ प्रदेश स्तर पर लगातार आज छठे दिन भी हड़ताल पर हैं तथा संघ द्वारा इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूप दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ आम जनता को पिछले छह दिनों से अपने कार्य करवाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा ह।

# अब देवभूमि के मंदिरों को लूटने की साजिश : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अब एक बार फिर देवभूमि हिमाचल प्रदेश के मंदिरों को लूटने की साजिश प्रदेश की सुक्खू सरकार कर रही है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, भाजपा के कांगड़ा-चंबा प्रभारी एवं सूलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने मंदिरों के पैसे सरकार को देने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाने पर कड़ा प्रहार किया है। परमार ने कहा कि सदियों पहले भी बाहरी आक्रमणकारियों ने देश सहित देवभूमि हिमाचल के मंदिरों में की लूटपाट की थी और धार्मिक व संस्कृति को मिटाने का प्रयाय किया था। उन्होंने कहा कि सुक्खू की कांग्रेस सरकार को देखकर लग रहा है कि 1009 ईवी में मंदिरों को लूटने वाले आज फिर से लौट आए हैं। लेकिन इस बार भारतवासी व हिमाचलवासी जाग चुके हैं, और किसी भी सूरत में अपने मंदिरों, धार्मिक आस्था व सांस्कृतिक विरासत को लूटने नहीं देंगे। पूर्व विस अध्यक्ष बोले कि ओपीएस की बात करने वाली सरकार पैंशनर्ज को पांच तारीख तक पेंशन ही नहीं दे पाई है। झूठी गांरटियों के घोड़े पे सवार तनाशाह ने अब मंदिरों में लूट की रणनीति चलाई है, जिसका भाजपा हर मोर्चे सहित सड़कों में उतरकर विरोध व धरने-प्रदर्शन करेगी।

परमार ने कहा कि प्रदेश में आर्थिक संकट के बीच प्रदेश में झूठी गांरटियों, योजनाओं के संचालन के लिए सुक्खू सरकार की नजर अब धार्मिक ट्रस्टों और मंदिरों पर है। यही कारण है कि प्रदेश के बड़े मंदिरों को पत्र लिखकर पैसों की मदद मांगी गई है। परमार ने सुक्खू सरकार पर सनातन विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिरों की जमा पूंजी पर सरकार की नजर शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसे किसी भी सूरत में नहीं होने देगी। सरकार के इस निर्णय का सड़क से सदन तक विरोध किया जाएगा।

### देवभूमि क्षत्रिय संगठन ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

## चिट्टा बर्बाद कर रहा युवाओं को नशा माफिया पर हो कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



देवभूमि क्षत्रिय संगठन द्वारा प्रदेश में चिट्टे को लेकर धर्मशाला में एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री को एक ज्ञापन सौंपा तथा चिट्टे के कारोबार को झड़ से खत्म करने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। देवभूमि क्षत्रिय संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनके संगठन द्वारा चिट्टे के खिलाफ एक अंदोलन छेड़ा गया है तथा चिट्टे के खिलाफ कोई भी जानकारी देने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि चिट्टे के कारण युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर है तथा चिट्टे को रोकना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि चिट्टा प्रदेश के युवा तथा इसके भविष्य को निगल रहा है। प्रदेश सरकार व राज्यपाल से भी उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों को जेल नहीं, उनका सीधे एकाउंटर होना चाहिए, ताकि चिट्टे का कारोबार करने से पहले माफिया सौ बार सोचे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य के बात है कि चिट्टे के कारोबार में प्रदेश के डॉक्टर व कर्मचारी भी लगे हुए हैं। नशा माफिया के खिलाफ सख्त कानून बनाने की जरूरत है, ताकि प्रदेश से नशे के कारोबार को पूरी तरह से बंद किया जा सके।

## बार एसोसिएशन बैजनाथ ने आज तक बढ़ाया आंदोलन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बार एसोसिएशन बैजनाथ की आकस्मिक बैठक अध्यक्ष एडवोकेट अजय अवस्थी की अध्यक्षता में हुई जिसमें प्रदेश की विभिन्न बार एसोसिएशनों द्वारा बनाई गई स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमेटी के आह्वान पर केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 के प्रावधानों में संशोधन करने के बिल के विरोध में चल रहे आंदोलन को 6 मार्च तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया और विभिन्न अदालतों में किसी भी कार्रवाई में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया गया। अजय अवस्थी ने कहा कि संशोधन से न केवल बार काउंसिल और बार एसोसिएशन की स्वायत्तता प्रभावित होग, बल्कि अधिवक्ताओं का स्वतंत्र और निर्भीक होकर कार्य करना भी कठिन होगा।

# सरकार और विभाग के खिलाफ 9 मार्च को मोर्चा खोलेगा प्राथमिक शिक्षक संघ

### कहा, नहीं सुधरे हालात तो नष्ट हो जाएगा प्राथमिक शिक्षा का पूरा ढांचा

**रमन राणा, भडवार**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा की बैठक धर्मशाला में राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष अनिल भाटिया की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई।

बैठक में राज्य कार्यकारिणी के दिशा-निर्देशानुसार एक शिक्षा निदेशालय गठित करने की राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के प्रयासों का कड़ा विरोध करने के लिए 9 मार्च को जिला कांगड़ा के समस्त 13 उपमंडलों में तथा 5 तहसीलदार कर्यालायों में एक साथ रोष प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संघ का कहना है कि वर्तमान में दो शिक्षा निदेशालय होने के बावजूद शिक्षा विभाग में शिक्षकों तथा शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम समय पर पूरा नहीं हो पा रहे हैं और यदि दोनों शिक्षा निदेशालयों के स्थान पर एक ही शिक्षा निदेशालय बनाया जाता है तो एक प्रशासनिक अधिकारी के अधीन निदेशालय होने के कारण सूची शिक्षा का ढांचा चरमरा जाएगा और कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं होगा। वर्ष 1984 से पूर्व एक ही शिक्षा निदेशालय था जिस कारण प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक शिक्षक पूरी तरह से हासिए पर रखे जाते थे और यदि दोबारा ऐसा किया जाता है तो आज तक प्राथमिक शिक्षा का पूरा तैयार ढांचा नष्ट हो जाएगा और प्राथमिक शिक्षा अपने अतीत काल की तरह दयनीय स्थिति में पहुंच जाएगी। सरकार और शिक्षा विभाग को इस विषय पर आगे बढ़ने से पहले गहराई से मंथन करना चाहिए और नई शिक्षा नीति में प्री प्राइमरी और प्राइमरी की प्रथम आठ कक्षाओं के लिए अलग से प्राथमिक शिक्षा निदेशालय गठित करना चाहिए इसी में प्राथमिक शिक्षा का उत्थान व विकास निहित है।

संघ का कहना है कि वर्ष 1984 में मात्र पांच प्राथमिक कक्षाओं के लिए एक प्राथमिक निदेशालय गठित किया गया था अब तो नई शिक्षा नीति में प्री प्राइमरी और प्राइमरी को मिलाकर 8 कक्षाएं हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### बैंक ऑफ बड़ौदा में बंपर भर्ती

| | |
|---|---|
| अप्रेंटिस<br>कुल 4000 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>11 मार्च 2025 | आयु सीमा : ग्रेजुएशन एवं अन्य समक्षक डिग्री<br>आयु सीमा : 19 से 25 वर्ष<br>आवेदन करें: bankofbaroda.in |

### असम सरकार दे रही मौका

| | |
|---|---|
| असिस्टेंट टीचर<br>कुल 4000 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>31 मार्च 2025 | शैक्षणिक योग्यता : प्लस टू, बीएड एवं अन्य समकक्ष डिग्री<br>आवेदन करें:<br>dee.assam.gov.in |

### मध्य प्रदेश में संभावनाएं

| | |
|---|---|
| असिस्टेंट ग्रेड-III<br>कुल 966 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>17 मार्च 2025 | आयु सीमा :<br>18 से 40 वर्ष<br>आवेदन करें:<br>esb.mp.gov.in |

### इंडियन नेवी में करें ट्राई

| | |
|---|---|
| लस्कर्स, फायरमैन, बो क्रू<br>कुल 327 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>01 अप्रैल 2025 | आयु सीमा :<br>18 से 25 वर्ष<br>आवेदन करें:<br>joinindiannavy.gov.in |

### गेल इंडिया में करें अप्लाई

| | |
|---|---|
| कार्यकारी प्रशिक्षु<br>कुल 73 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>18 मार्च 2025 | वेतन :<br>60,000 से 1,80,000<br>आवेदन करें:<br>gailonline.com |

### आईपीआरसीएल में मौके


| | |
|---|---|
| मैनेजर/डिप्टी मैनेजर<br>कुल 24 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>15 मार्च 2025 | योग्यता :<br>बीई एवं बीटेक<br>आवेदन करें:<br>iprcl.in |

### पंजाब नेशनल बैंक में नौकरी

| | |
|---|---|
| ऑफिसर क्रेडिट: 250 पद<br>ऑफिसर इंडस्ट्री: 75 पद<br>मैनेजर आईटी: 10 पद<br>आवेदन की अंतिम तिथि<br>24 मार्च 2025 | आयु : 25 वर्ष से 35 वर्ष<br>शैक्षणिक योग्यता : बीटेक, बीई, सीए, आईसीडब्ल्यूए, एमबीए, एमसीए<br>ऑनलाइन टेस्ट : अप्रैल/मई, 2025<br>आवेदन करें: pnbindia.in |

# तकनीक के सदुपयोग से करियर में मिलेगी सफलता

*आज का युग विज्ञान और तकनीक का है। आज विज्ञान और तकनीक ने हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को जिस तरह से प्रभावित किया है, वह आश्चर्यचकित करने वाला है। जहां तक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के द्वारा छात्रों के भविष्य और करियर की बात है तो यह उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने में उतनी ही सक्षम है, जितनी जीवन के अन्य क्षेत्रों में।*



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

**आज** युवा पीढ़ी के पास कई प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं, चाहे वह शिक्षा हो या रोजगार का क्षेत्र। अनेक ऐसे प्लेटफार्म हैं, जहां से अपनी इच्छित सफलता और रोजगार को प्राप्त कर सकते हैं। यदि वे इन तकनीकों का सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग करें तो वे अपने ज्ञान और कौशल विकास में बहुत कुछ अर्जित कर सकते हैं।

आज विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम की तैयारी करने के लिए और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कई प्रकार के ऑनलाइन चैनल हैं। ऑनलाइन पाठ्यवस्तु उपलब्ध हैं, बहुत से जाने-माने शिक्षाविद् और कोचिंग विशेषज्ञ विभिन्न माध्यमों से पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवा रहे हैं और यह अत्यंत उपयोगी भी साबित हो रहे हैं।

### तकनीक का दुरुपयोग हानिकारक

वे युवा जो पूरी क्षमता और ऊर्जा के साथ भविष्य निर्माण के लिए कृत संकल्प हैं, वे अच्छे से जानते हैं कि तकनीक का सदुपयोग कैसे करना है और अपने करियर निर्माण में कैसे उसका सही उपयोग करके उत्कृष्ट सफलता प्राप्त होती है। हमें इस तकनीकी युग में विवेकशीलता अथवा उचित निर्णय लेने की शक्ति का विकास करना होगा, क्योंकि इस विकसित तकनीक का दुरुपयोग अथवा आवश्यकता से अधिक उपयोग उतना ही हानिकारक और जीवन में दुखदायक होता है। अतः यह हमारे संयम और समझदारी पर निर्भर करता है कि किस प्रकार अपने जीवन निर्माण में हम नवीन तकनीकी विकास का सदुपयोग करके मनवांछित सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### इंस्टीट्यूट में टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्ध

# मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए 'आकाश' बेस्ट

**मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में विशेषज्ञता रखने वाला एक प्रमुख कोचिंग सेंटर, आकाश इंस्टीट्यूट, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में एक शाखा संचालित कर रहा है। धर्मशाला के बरोल में दारी रोड पर साजन होटल बिल्डिंग की दूसरी और तीसरी मंजिल पर स्थित, यह संस्थान क्षेत्र के छात्रों के लिए आसानी से सुलभ है।**

*प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला*



अशोक कुमार भारद्वाज
क्लस्टर हेड
आकाश एजुकेशनल

**अशोक** कुमार भारद्वाज (क्लस्टर हेड आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ट्राइसिटीः चंडीगढ़, पंचकूला और हिमाचल प्रदेश) के अनुसार आकाश इंस्टीट्यूट निट (यूजी), आईआईटी जेईई मेंस, जेईई एडवांस्ड, इंटीग्रेटेड क्लासरूम प्रोग्राम (कक्षा 11 और 12 के लिए), क्रैश कोर्स और मेडिकल और इंजीनियरिंग टेस्ट सीरीज की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्ध कराता है। संस्थान अपनी व्यापक अध्ययन सामग्री, अनुभवी संकाय और विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में छात्रों की सफलता के ट्रैक रिकॉर्ड के लिए प्रसिद्ध है। अशोक कुमार भारद्वाज का कहना है किआकाश इंस्टीट्यूट, में प्रत्येक छात्र को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए उपकरण और मार्गदर्शन दिया जाता है। आप चाहे नीट के लिए या फिर जेईई के लिए तैयारी करर रहे हों, आकाश के विशेषज्ञ संकाय और सिद्ध अध्ययन तकनीकें आपको सफल होने में मदद करने के लिए डिजाइन की गई हैं। आकाश के छात्रों ने लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, और कई ने चिकित्सा और इंजीनियरिंग में अपने सपनों के करियर में सफलता प्राप्त की है।

### लक्ष्य पर केंद्रित रहें, दृढ़ रहें : भारद्वाज

'आकाश' में आप केवल एक छात्र नहीं हैं, आप एक ऐसे समुदाय का हिस्सा हैं, जो हर कदम पर आपका समर्थन और प्रेरणा करता है। केंद्रित रहें, दृढ़ रहें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए समर्पण, ध्यान और दृढ़ता की आवश्यकता होती है। आकाश इंस्टीट्यूट धर्मशाला में हम मानते हैं कि प्रत्येक छात्र में महानता हासिल करने की क्षमता है। सही मार्गदर्शन और मानसिकता के साथ आप जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। चुनौती को स्वीकार करें, कड़ी मेहनत करें और आकाश को अपने सपनों को साकार करने में माध्यम बनाएं।

# बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखने में अभिभावक-अध्यापक बनें मार्गदर्शक

**परीक्षा के दिनों में बच्चों को तनाव से बचना चाहिए तनाव का प्रमुख कारण प्रतिस्पर्धा, तुलना, कोर्स में उत्तीर्ण होने के साथ अच्छे अंक प्राप्त करना होता है। इन्हीं बातों के चलते बच्चे तनाव में आ जाते हैं। हिमाचल गौरव राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक लकेश चंदेल ने बच्चों को परीक्षा के समय तनाव मुक्त करने के लिए टिप्स दिए। लकेश चंदेल ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा के समय किस तरह से अपने आप को तनाव से बचाना है इसके बारे में जानना जरूरी है। बच्चे छोटी-छोटी चिंता के कारण परीक्षा के समय शारीरिक और मानसिक तनाव में आ जाते हैं परिणामस्वरूप परीक्षा में योग्यता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। हम जानते हैं कि तनाव जिंदगी के किसी भी क्षेत्र में सबसे बड़ी बाधा है, जो सोचने और समझने की शक्ति को कम करता है। हर मनुष्य में व्यक्तिगत विभिन्नता पाई जाती है, इसकी वजह से हर मनुष्य की सीखने और काम करने की क्षमता भिन्न होती है। कुछ बच्चे परीक्षा के तनाव को इतना अधिक ले लेते हैं कि वे परीक्षा के समय बीमार पड़ जाते हैं ऐसी परिस्थितियों में बच्चों के अभिभावकों, अध्यापकों को सशक्त मार्गदर्शक के रूप में कार्य करना चाहिए, ताकि बच्चे इस तनाव से मुक्त रहें तथा परीक्षा में अच्छा परिणाम दे सकें।**



लकेश चंदेल
अध्यापक, हिमाचल गौरव राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

### इन बातों का रखें ध्यान

**परीक्षा** के दिनों में कुछ ऐसी बातों को ध्यान में रखना चाहिए जिससे कि बच्चे तनाव मुक्त रहें । सबसे पहले बच्चों के माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर किसी भी प्रकार का दबाव न बनाएं। घर पर सकारात्मक वातावरण बनाए रखें। अपने बच्चों की समीक्षा दूसरों के बच्चों से कभी भी मत करें। बच्चों पर अंकों की अनिवार्यता कभी भी मत थोपें। बच्चों के खान-पान पर ध्यान रखें। उन्हें पौष्टिक आहार दें।

### क्या करें विद्यार्थी?

**बच्चों** को 7 से 8 घंटे तक पूरी नींद लेनी चाहिए। परीक्षा की तैयारी समय सारिणी के अनुसार करनी चाहिए। पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर उसे समय सारिणी के अनुसार दोहराना चाहिए। हर घंटे के बाद कुछ समय अपने दिमाग को आराम देना चाहिए। पानी व फल खाते रहना चाहिए। धीरे-धीरे पढ़ने के समय को बढ़ाना चाहिए। थोड़ा-थोड़ा पढ़ने के बाद उसे दोहराएं ऐसा करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। बच्चों को चाहिए कि वे परीक्षा के समय हमेशा सकारात्मक सोचें। सकारात्मक शक्ति के साथ ही अध्ययन करें। परीक्षा के समय बच्चों को चाहिए कि वह आसान से कठिन की तरफ पढ़ाई शुरू करें। अपने हाथ से लिखे हुए नोट्स बनाएं। परीक्षा से पिछली रात आराम से नींद लें।

### शिक्षक की भूमिका

**एक** आदर्श शिक्षक के सही मार्गदर्शन और समर्थन से छात्र परीक्षा के डर और चुनौतियों पर काबू पा सकते हैं और शैक्षणिक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों की भावनाओं को समझते हुए उन्हें समय-समय पर अभिप्रेरित करना चाहिए ताकि बच्चों में परीक्षा तनाव पैदा ही न हो।

### अभिभावकों की भूमिका

**अभिभावक** अपने बच्चों को दूसरों के बच्चों से प्रतिस्पर्धा, तुलना, कोर्स में अच्छे अंक लेने का दबाव इत्यादि बच्चों पर न बनाएं। परीक्षा के समय माता-पिता घर पर अनुकूल वातावरण प्रदान करें, पढ़ाई में उनकी मदद करना, स्वस्थ दिनचर्या सुनिश्चित करना, एक अच्छा श्रोता बनना और उन्हें प्रोत्साहित व प्रेरित करना। ये बातें न केवल अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगी, बल्कि परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करने में भी मददगार साबित होगी।

## ज्ञान की बात

- हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कौन है ? – न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया
- हिमाचल में विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु – 21 वर्ष
- ऑस्कर अवॉर्ड-2025 में किस फिल्म ने बेस्ट फिल्म सहित 5 अवॉर्ड्स जीते ? – अनोरा
- आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी-2025 में फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम – टीम इंडिया
- खेलो इंडिया विंटर गेम्स-2025 के दूसरे फेज का आयोजन कहां होगा ? – गुलमर्ग, जेएंडके
- हाल ही में IRCTC के साथ किस कंपनी को नवरत्न का दर्जा दिया गया ? – आईआरएफसी
- पीएम मोदी ने वंतारा एनिमल रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किस राज्य में किया ? – गुजरात
- किस देश ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता को रोक दिया है ? – अमेरिका

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशन न मिलने से परिवहन विभाग के पेंशनर्स में रोष

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष चमन लाल पुंडीर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें बलराम पुरी, विरी सिंह न कृपाल पठानिया रमेश रैना महामंत्री जिला कांगड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में लश्करी राम, भारत भूषण के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में जिला कांगड़ा कार्यकारिणी के चुनाव, जो अप्रैल माह में होने है के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वहीं 8 मार्च को सुंदरनगर में होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक के बारे में भी चर्चा कर सभी पदाधिकारियों को मीटिंग में भाग लेने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में कल्याण मंच के सभी सदस्यों ने फरवरी माह की पेंशन जारी किए जाने पर निगम प्रबंधन व सरकार के प्रति रोष प्रकट किया है तथा सरकार से पुनः निवेदन किया है कि परिवहन निगम के पेंशनरों को पेंशन का स्थायी समाधान किया जाए ताकि हर माह समय पर पेंशन जारी हो सके।

### अमन को चुना बैजनाथ भाजपा मंडल का कोषाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाजपा मंडल अपर बैजनाथ के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करके कार्यकारिणी का गठन किया है। इसमें मनसा राम मंगलिया, सुनील चौधरी, मंगत राम ठाकुर, दिनेश मंगलेश को उपाध्यक्ष, चेतक कंवर व किरण भंगालिया को महामंत्री, कोषाध्यक्ष अमन सूद, मीडिया प्रभारी अनिल अवस्थी, प्रवक्ता सुमित अवस्थी, सचिव ब्रह्मू राम, कैप्टन राम प्रकाश, राधा देवी, कुलभूषण चौधरी और अनीता सूद, कार्यालय सचिव सुधा कटोच, आईटी संयोजक कमलेश मिश्रा, आईटी सह संयोजक तिलक रावत सोशल मीडिया संयोजक रवि प्रकाश, सोशल मीडिया सह संयोजक मधु मैहरा और गोपाल पाधा, मंजू देवी, ओंकार नाथ सूद, लेख राज राणा अजय शर्मा, श्री लाल सूद, अंजू कपूर, मीनाक्षी देवी, कुंडो देवी, उमा शर्मा, सुनीता देवी, उत्तम ठाकुर, वलविन्द्र सिंह, अरविंद पॉल, जय गोपाल, पंमील सूद, पवन कौंडल, राजीव मैहता, जय चंद, राजू अवरोल, अरविंद, कर्मवीर पॉल, संतोष कुमार, रीना देवी और मुंशी राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### शमशेर सिंह धारकंडी भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र शाहपुर धारकंडी मंडल अध्यक्ष अशोक वशिष्ठ ने जिला और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से सलाह करने के उपरांत धारकंडी मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा करते हुए शमशेर सिंह, सुमन भारद्वाज, संजीव जरयाल, सीमा देवी को उपाध्यक्ष तथा जन्म सिंह और राजेश शर्मा को महामंत्री, गगन सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही उन्होंने अनिल कुमार, रोमिता देवी, शुभकरण, सुनीता देवी तथा सुषमा देवी को सचिव, बिल्लू राम को मीडिया प्रभारी,विजय नाथ को प्रवक्ता,राजीव मांडले कार्यालय सचिव, सुमित धीमान को आईटी संयोजक, अभिषेक जमवाल को आईटी सह संयोजक ,वीरेंद्र शर्मा सोशल मीडिया संयोजक तथा जगनाथ शर्मा को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया, वहीं कार्यकारिणी सदस्य तृप्ता देवी, बुद्धि सिंह, मनोज कुमार, शिव दत्त, राहुल कुमार, विनोद कुमार, अशोक चौधरी, आशा देवी, संजीव महाजन, विक्रम सिंह, शिव कुमार, सुषमा शर्मा, त्रिशला देवी, नैनो देवी, रिंपी देवी कीमो देवी व सुरेंद्र कुमार कमल शर्मा अश्वनी कुमार ज्योति शर्मा, दिव्या गौतम, निर्मल सिंह बुशेरी राम तथा सुरेंद्र शर्मा को नियुक्त किया गया।

### सरकार बताए, कितनी नौकरियां दीं : राकेश

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया ने बुधवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में फतेहपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के उपरांत मीडिया से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने कहा कि बड़े ही दुःख का विषय है कि पिछले कुछ दिनों में बिद्युत बिभाग के तीन युवा करंट की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जिस युवा की इंदौरा में करंट लगने से मौत हुई है वहां पर अधिकृत 24 पदों में से 21 पद खाली चल रहे हैं। उन्होंने कहा जो सरकार पहली कैबिनेट में ही 25 हजार पद भरने का दम भर रही थी वो यह बताए कि आज तक कितनी नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि जो तो विद्युत विभाग के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के दायरे में भी नहीं लाया गया है। इस मौके पर मंडलाध्यक्ष गुरनेश शर्मा,पूर्व मंडलाध्यक्ष रजिंद्र राणा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में शामिल होंगे धीरा व कुहाणा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल कार्यालय धीरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धीरा और कुहाणा को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधीन लाने के लिए बुधवार को एक बैठक का आयोजन एस डी एम कार्यालय में एस डी एम धीरा सलीम आजम की अध्यक्षता में और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग पालमपुर के सहायक नगर योजनाकार निशांत शर्मा व कनिष्ठ प्रारूपकार प्रवीण कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत धीरा के राजस्व मोहाल बलोटी, लाहड़ उपरला,धीरा, रूमेहड़ और कुहाणा पंचायत के धरकेहड़ और कुहाणा राजस्व मोहालों को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अंतर्गत लाने का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित धीरा पंचायत की प्रधान कविता ढरवाल और कुहाणा पंचायत की प्रधान बिंदु बाला ने विभागीय अधिकारियों से इस मामले को ग्राम सभा की बैठक में चर्चा करने के पश्चात अपनी सहमति देने की बात की जिस पर विभाग के अधिकारियों ने स्वीकार कर लिया।

### एसडीएम ने किया 'बिमला तेरे कॉलेज' का विमोचन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** कुलदीप चौहान सूर्यवंशी और दिव्या अबरोल द्वारा गाए एक गाने 'बिमला मेरे कॉलेज' का विमोचन एसडीएम सलीम आजम ने पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष किशोरी लाल मेहता और पूर्व जिला पार्षद सविता भटेड़िया की उपस्थिति में बुधवार को किया। कुलदीप चौहान सूर्यवंशी ने कहा कि यह उनका पांचवा गाना है जो उनके यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

### लॉयन क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लॉयन क्लब धर्मशाला ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह कैंप लॉयन डाक्टर पीयूष गुलेरी की याद में लगाया गया, जो कि एक जानेमन शिक्षाविद्, लेखक और कवि थे। महाविद्यालय के बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। लॉयन क्लब का यह दूसरा कैंप है। लॉयन क्लब धर्मशाला ने इसके लिए सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी, डॉक्टर अनुराधा एमएस तथा डॉक्टर श्रुति शर्मा तथा अन्य स्टाफ का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर राकेश पठानिया न कहा कि रक्तदान महादान होता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।

# विधायक संजय ने बांटे 92 लाख के चेक

## बोले, हर जरूरतमंद तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार कृतसंकल्प

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार द्वारा गरीब कल्याण की जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे इसके लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। ये बातें ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्न ने कहीं।

विधायक ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्न ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह ज्वालाजी में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी



योजनाओं के तहत 92 लाख रुपए के चेक वितरित करने के उपरांत यह उद्गार व्यक्त किए।

संजय रत्न ने ज्वालामुखी में विधायक ऐच्छिक निधि के 109 लाभार्थियों को 13 लाख, मुख्यमंत्री राहत कोष के 33 लाभार्थियों को 4 लाख, एसडीआरएफ रिलीफ के तहत 29 लाभार्थियों को 75 लाख रुपए के चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया स्वयं एक सामान्य परिवार से आते हैं इसलिए वे आम जनमानस के दुख तकलीफों को समझते हैं। उन्होंने कहा कि आम व्यक्ति को ध्यान में रखकर ही सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस दौरान एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा, तहसीलदार ज्वालामुखी राहुल, तहसीलदार खुंडिया शिवानी भारद्वाज, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुनीश गर्ग, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग कर्ण पटियाल, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भारत भूषण सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### किसी की समस्या हल न हो, तो मुझसे करें संपर्क

**विधायक** ने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में आम लोगों की समस्याओं से वे भली-भांति वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि वे हर समय ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए उपलब्ध हैं। यदि किसी को कभी लगता है कि उनकी समस्या की सुनवाई नहीं हो रही है तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## हैप्पी बर्थडे



भरमाड़ के अद्विक चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



गरली के ज्ञान चंद और चैंचला देवी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील जगहों को करें चिन्हित : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील जगहों को चयनित किया जाएगा इन जगहों पर भूस्खलन जैसी प्राकृतिक खतरों से बचाव तथा मॉनिटरिंग के लिए आईआईटी मंडी के सहयोग से पूर्व चेतावनी सिस्टम स्थापित किए जाएंगे ताकि हादसों से बचाव किया जा सके। उन्होंने बताया कि अभी तक कांगड़ा जिला के भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील नौ स्थानों पर भू-स्खलन पूर्व चेतावनी यंत्र स्थापित किए गए हैं।



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा से पूर्व प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे इस के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की स्थापना, आपदा प्रबंधन तथा अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन में आता है जिसके दृष्टिगत जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर आधारभूत सुविधाएं जुटाने के लिए दूरगामी प्लान तैयार किया गया है ताकि आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि प्रारंभिक चरण में स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किए गए हैं ताकि मौसम की पूर्व जानकारी उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला प्रशासन तथा मंडी आईआईटी प्रशासन के बीच भूकंप, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक खतरों से बचाव तथा मॉनिटरिंग के लिए कांगड़ा जिला के विभिन्न स्थानों पर सिंथेटिक एपर्चर रडार आधारित कांगड़ा जिला का प्रोफाइल विकसित करने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि आपदा प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से वेवसाइट भी तैयार की गई है, जिसमें सभी पंचायतों को जोड़ा गया है।

# विकास कार्य देखने जा रहा हूं गांव-गांव : बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने मूमता और रड में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हमारा प्रदेश का अधिकतम क्षेत्र ग्रामीण है और यहां बसने आली ज्यादातर जनसंख्या भी गांवों में ही वास करती है। प्रदेश और यहां के लोगों का विकास गांवों के विकास से ही संभव है, इसलिए पंचायतों में खुद जाकर वहां हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करना हमारी प्राथमिकता है। नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूमता और रड में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिरकत करते हुए पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने यह उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्माणाधीन मूमता से सैनी बस्ती रोड का गांववासियों साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। मूमता पंचायत में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनने तथा दो वर्षों में इस पंचायत में विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए बाली ने कहा कि मूमता में गत दो वर्षों में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल तथा विद्युत की बेहतर सुविधा पर लगभग 3 करोड़ के लगभग राशि व्यय की गई है। उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत वे अपनी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

### शहीद हैप्पी चौधरी द्वार का किया शिलान्यास




**आरएस** बाली ने रड पंचायत में पहुंचकर लिली के शहीद हैप्पी चौधरी की याद में बनने वाले द्वार का शिलान्यास उनके माता पिता और गांव के बुजुर्गों के साथ मिलकर किया। इस मौके पर शहीद हैप्पी चौधरी के पिता विनीत कुमार, माता शमा देवी और परिवार के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे। उन्होंने यहां शहीद हैप्पी चौधरी को याद करते हुए देश की सेवा में उनके अतुलनीय बलिदान को नमन किया। बाली ने इस दौरान दोनो पंचायतों में विस्तार से जनसमस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके शीघ्र निवारण के निर्देश दिए।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### ट्रेन की चपेट में आने से नौजवान की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट-जम्मूतवी रेल सेक्शन पर पड़ते भरोली जंक्शन के पास ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी चौकी भरोली जंक्शन के प्रभारी एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि सुबह स्टेशन मास्टर ने उन्हें मीमो दी कि किलोमीटर नंबर 01/21,22 दरमियान भरोली-सुजानपुर के बीच एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंच उसके बारे में आस-पास एरिया में रहने वाले लोगों से पूछा परंतु किसी ने भी पहचान नहीं की। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक की आयु 27/28 साल के करीब लगती है।

# पहाड़ी के मलबे से चरान की कूहलों को नहीं होने देंगे बर्बाद : निशु मोंगरा

**अनंत ज्ञान, गगल**

एपीएमसी और हिमाचल ओबीसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा है कि गगल-धर्मशाला रोड किनारे बेतरतीब खुदाई के मलबे के मामले में उपायुक्त कांगड़ा के निर्देशों पर शानदार पहल हुई है।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने उपमंडल प्रशासन को इस दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर अब एसडीएम धर्मशाला ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए हैं कि वह इस बारे में रिपोर्ट बनाकर जलशक्ति और लोक निर्माण आदि विभागों को दें। इससे चैतड़ू पंचायत के निकट चरान खड्डों की कूहलों, रोड किनारे नालियों और खेतों का बचाव हो सकेगा। निशु मोंगरा ने कहा कि चैतड़ू पंचायत व किसानों ने उनसे इस बारे में गुहार लगाई थी, इस पर उन्होंने उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की थी। अब उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने हजारों किसानों का दर्द समझा है। उन्होंने कहा कि मलबे से कूहलें, नालियां बंद हो रही हैं। साथ ही खेतों को भी नुकसान हो रहा है।



मोंगरा ने कहा कि कोई काम करे, लेकिन इससे कूहल, नालियां और खेत बर्बाद नहीं होने चाहिएं। यह सहन नहीं होगा। मोंगरा ने कहा कि चरान और मांझी खड्डें सिंचाई का बड़ा सहारा है। इनसे निकलने वाली कूहलों से किसान सारा साल खेती करते हैं। ऐसे में हम सबका फर्ज है कि इनका संरक्षण किया जाए। मोंगरा ने कहा कि वह इस मसले का जरूर हल करवाएंगे।

### सेल्फी प्वाइंट पर लीं सेल्फियां

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य डिग्री कॉलेज नूरपुर में महिला प्रकोष्ठ और रोवर एंड रेंजर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन अंग्रेजी की एसोसिएट प्रोफेसर और संयोजक डॉ. सीमा ओहरी के मार्गदर्शन में मजबूत वो, स्वस्थ भविष्य सेल्फी प्वाइंट लगाया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य के बीच संबंध को बढ़ावा देना था। कॉलेज के प्रवेश द्वार पर लगाए गए इस सेल्फी प्वाइंट पर अधिकतम संख्या में लोगों ने तस्वीरें खिंचवाईं।

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों से जोड़ रही एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई धर्मशाला द्वारा खेलो भारत के माध्यम से कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन व चैस इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलो भारत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि जो युवाओं के अंदर खेलों के माध्यम से खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाने का काम करती है। प्रदेश में बढ़ते नशे को रोकने के लिए प्रदेश के युवाओं को खेल क्षेत्र में अवसर प्रदान करता है और जीवन में नशे को त्यागते हुए खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व अभाविप राष्ट्रीय महामंत्री उमेश दत्त एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। उमेश दत्त ने कहा कि किस प्रकार विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से युवाओ में राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने और प्रदेश के अंदर सबसे पहले नशे के विरुद्ध मुहिम चलाने वाला संगठन है। समाज के हर क्षेत्र में विद्यार्थी परिषद एक अलग पहचान से काम कर रहा है और हम देखते हैं कि ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवा कर युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान करवा रहा है।

# मूल्य संवर्धन से अपनी आय बढ़ाए महिला शक्ति : बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय और पालमपुर नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में 'उन्नत भारत अभियान' के अंतर्गत बुधवार को कृषि विवि सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल ने महिलाओं से कहा कि कृषि विश्विद्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान जो ज्ञान प्राप्त किया है उसे अपने क्षेत्र की अन्य महिलाओं के साथ साझा करें। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करते हुए आह्वान किया कि वे मूल्य संवर्धन से अपनी आय बढ़ाएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उनकी प्रशंसा भी की।

### कुंसल में काफ रैली का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पशुपालन विभाग द्वारा प्रोजेनी टेस्टिंग जर्सी प्रोजेक्ट के तहत कुंसल में बछड़ी रैली (काफ रैली) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाला दूध उत्पादन, आधुनिक डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना, तथा उत्तम नस्ल के दुधारू पशुओं के संरक्षण और प्रोत्साहन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है

# सीयू में बताए नशे से मुक्ति पाने के उपाय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य विभाग एवं मानवता के समग्र विकास के लिए छात्र के संयुक्त तत्वावधान से नशे के उपयोग को समाप्त करने प्रभावी रणनीतियां और समाधान विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया।

इस सेमिनार का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभाव की गंभीर समस्या पर चर्चा करना और इसके समाधान के लिए ठोस रणनीतियां पहचानना था। सेमिनार को दो सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रातःकालीन सत्र में कांगड़ा की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विकास गुप्ता, जो वर्तमान में टांडा मेडिकल कॉलेज में मनोचिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ने युवाओं में नशे की आदतों के कारणों पर प्रकाश डाला और नशे की आदतों से मुक्ति पाने के उपायों पर चर्चा की। इस सत्र में प्रोफेसर प्रदीप कुमार, केंद्रीय विश्वविद्यालय के अकादमिक डीन, सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि शालिनी अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में नशे के दुरुपयोग के बढ़ते संकट को रेखांकित किया और इस मुद्दे को हल करने के लिए समुदाय जागरूकता और कानून प्रवर्तन की भूमिका पर जोर दिया। डॉ. गुप्ता ने नशे के दुरुपयोग के मानसिक कारणों का विश्लेषण किया और प्रभावित व्यक्तियों की पुनर्वास प्रक्रिया के लिए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए।

# प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा को दिया जा रहा सर्वोच्च अधिमान : केवल सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

प्रदेश सरकार राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने को सर्वोच्च अधिमान दे रही है और शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सभी शैक्षणिक संस्थानों में पर्याप्त संख्या में रिक्त पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जा रहा है।

उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने प्राध्यापकों से आह्वान किया कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है वह उनका सही मार्गदर्शन कर उन्हें आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अभी अभी मेरे शहर के 100 रत्न प्रोग्राम लॉन्च किया है इसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र के 100 बच्चों को चिन्हित किया जाएगा और उन्हें फ्री कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दौर है और शाहपुर के तीनों महाविद्यालयों के इच्छुक बच्चों की उनकी वार्षिक परीक्षा के बाद एआई के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही रजत अवस्थी को मुख्यमंत्री जी से मिलवाएंगे क्योंकि चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग में शामिल हमारे यहां के रहने वाले वैज्ञानिक हैं और हमारे लिए ये गर्व की बात है। उन्होंने इस कॉलेज से पढ़कर सीडीएस की परीक्षा में टॉपर रहे भनाला के रजत कुमार को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि शाहपुर महाविद्यालय में बैचलर ऑफ वोकेशन तथा पीजीडीसीए की कक्षाएं शुरू करने हेतु मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन किया जाएगा। केवल पठानिया के विशेष आग्रह पर इसरो के वैज्ञानिक रजत अवस्थी एवं उनके माता-पिता डीआर अवस्थी एवं कमलेश अवस्थी भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। रजत अवस्थी ने कहा कि हिमाचल के लाहौल एवं स्पीति तथा किन्नौर में एआई से सम्बंधित संस्थान खोले जाने की आपार संभावनाएं हैं। उन्होंने स्पेस के बारे में जानकारी दी।

### राहुल ने हॉकी एसो. का अध्यक्ष बनने पर निक्का को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधायक रणवीर निक्का को हॉकी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला परिषद सदस्य राहुल पठानिया ने बधाई दी।



उन्होंने कहा कि युवा विधायक होने के चलते रणवीर निक्का युवाओं में बढ़ रहे नशे के प्रचलन को रोकने के लिए प्रदेश के युवाओं को हॉकी के प्रति प्रेरित करने में अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगे। राहुल पठानिया ने इस नियुक्ति के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर तथा पूर्व मंत्री हिमाचल प्रदेश सुखराम चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

**आत्मनिर्भर** | आत्मनिर्भरता से आत्मगौरव की कहानी लिख रही कांगड़ा जिले की महिलाएं

# स्वावलंबन की राह पकड़ सुलह की मेघा बनीं लखपति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरकार, विभिन्न संस्थाएं और संगठनों द्वारा समाज निर्माण में महिलाओं के योगदान और उनके समर्पित प्रयासों से प्रेरणा लेने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हमारे देश और संस्कृति में शायद ही ऐसा कोई पारिवारिक, धार्मिक या सामाजिक कार्य हो जो महिलाओं के बिना पूर्ण होता हो। हमारे जीवन में हर दिन प्रतिपल महिलाओं के योगदान के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों और दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस बार



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जिला कांगड़ा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हो रहा है। 8 मार्च को मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास में महिलाओं के योगदान को स्मरण करते हुए प्रदेश में प्रेरक कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे। ऐसे में बात करते हैं जिला कांगड़ा की ऐसी महिला की जिन्होंने अपनी मेहनत से आत्मनिर्भरता का जीवन जीते हुए बाकी महिलाओं को स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी है।

ग्रामीण परिवेश के अति साधारण परिवार से आकर अपने परिवार का भाग्य बदलने वाली सुलह की मेघा देवी सबके लिए मिसाल बनकर उभरी हैं। पति की सीमित आय होने के चलते एक समय बच्चों की पढ़ाई और परिवार खर्च निकालना भी कठिन हो गया था। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए मेघा देवी सुलह में श्री गणेश स्वयं सहायता समूह से जुड़ी। मेघा देवी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डूना पत्तल के निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

मेघ देवी बताती हैं कि स्वयं सहायता समूह और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उन्होंने यह व्यवसाय शुरू किया। बकौल मेघा देवी, आज वे इस व्यवसाय से 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह कमाती हैं और उनका व्यवसाय सुलह के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी प्रसिद्ध हो गया है। एक समय परिवार की जरूरतों के लिए संघर्ष करती मेघा देवी आज अपनी मेहनत से लखपति बन चुकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अंटी पंचायत में आपदा प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** ग्राम पंचायत कार्यालय अंटी में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला शिमला द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खंड जुब्बल की सात पंचायतों के जनप्रतिनिधि व अन्य सात पंचायतों की जनता ने भाग लिया। जिसका प्रशिक्षण विरेंद्र मेहता डिप्टी कमांडैंट गृह रक्षक वाहनी-तीन द्वारा दिया गया। शिविर में मुख्य रूप से स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान रविंद्र सिंह रावत, झाल्टा पंचायत के प्रधान महावीर झगटा, ग्राम पंचायत सोलंग के प्रधान पवन कुमार, ग्राम पंचायत नन्दपुर की प्रधान सुमन ठाकुर, व उप प्रधान प्रताप राणा, ग्राम पंचायत कुडडू की प्रधान रीना रमचेटा एवं ग्राम पंचायत गिल्टाडी के उपप्रधान हरविंद्र सिंह, ग्राम पंचायत पन्द्राणु के उप-प्रधान सन्त राम और सभी ग्राम पंचायतों के सचिव भी मौजूद रहे।

### राहुल को सौंपी कुसुपंटी भाजपा ग्रामीण मंडल की कमान

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** कुसुपंटी भाजपा ग्रामीण मंडल का गठन कर दिया गया है, जिसमें राहुल ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया है जबकि महेंद्र कमल, दिनेश भारद्वाज, दिनेश शर्मा और करुणा धीमान को उपाध्यक्ष, रमेश वर्मा और तनवीर को महामंत्री, सुनील शर्मा, नितेश भारद्वाज, कंचन सनैक, ओम प्रकाश शर्मा और आशा राठौर को सचिव का कार्यभार सौंपा गया है। इसी प्रकार किरण ठाकुर को कार्यालय सचिव, नीलम वर्मा को कोषाध्यक्ष, सोमदत को मिडिया प्रभारी, अजय शर्मा को प्रवक्ता, सन्नी सूद को आईटी संयोजक, दलीप ठाकुर को आईटी सह संयोजक, गीतांजलि को सोशल मीडिया संयोजक और सुरेन्द्र वर्मा को सोशल मिडिया सह संयोजक बनाया गया है। मंडल की कार्यकारिणी में 26 भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### रिक्त पदों के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 129 (2) तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 के नियम 128 में वर्णित प्रावधानानुसार पंचायत समिति ठियोग अध्यक्ष यशोदा और उपाध्यक्ष योगेश दत्त, पंचायत समिति ठियोग के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के दोनों पद स्वतः ही रिक्त हो चुके हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम 1994 के नियम 85 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उप-मण्डलाधिकारी (ना0) ठियोग, जिला शिमला को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पंचायत समिति ठियोग के रिक्त पदों का निर्वाचन करवाने हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही आदेश जारी किए है कि उप-मण्डलाधिकारी (ना0) ठियोग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम 1994 के नियम 85 में वर्णित प्रावधान अनुसार अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पंचायत समिति ठियोग का निर्वाचन नियमानुसार व समय पर संपन्न करवाना सुनिश्चित करें ।

### देवभूमि सवर्ण संगठन ने की नशे के खात्मे की पहल



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** देवभूमि सवर्ण संगठन हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के इकाई अध्यक्ष अशोक कंवर ने प्रदेश में नशे के खात्मे में लगे पुलिस प्रशासन को बधाई दी है और नशे के सौदागरों से सख्ती से निपटने का आग्रह किया है। देवभूमि संवर्ण संगठन भी प्रदेश में नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा संगठन प्रदेश व क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, और संगठन की समस्त इकाइयां अपने अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए प्रयास कर रही है। नशे में संलिप्त हर शख्स को कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने आईबी नेगी के निधन पर शोक किया व्यक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश के पहले पुलिस महानिदेशक आईबी नेगी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। किन्नौर जिला से सम्बंधित आई.बी. नेगी का आज शिमला में निधन हुआ। वह 93 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईबी नेगी ने पुलिस में विभिन्न पदों पर बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कीं। वह एक उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी थे और पुलिस विभाग उनकी अतुलनीय सेवाओं को सदैव याद रखेगा।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने की बचत भवन में बैठक की अध्यक्षता, कहा-

# सफाई कर्मियों का हो दस लाख का जीवन बीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जिला शिमला में सभी सफाई कर्मचारियों का कम से कम 10 लाख रुपए का जीवन बीमा अवश्य करवाएं ताकि इन कर्मचारियों के परिवारों को इसका लाभ मिल सके। यह बात भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त एम वेंकटेशन ने बुधवार को शिमला के बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को उनकी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाए ताकि उनके कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं आउटसोर्सिंग एजेंसी को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एम वेंकटेशन ने कहा कि आयोग का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा सफाई कर्मचारियों को वेतन, ईपीएफ तथा कार्य करने के लिए बेहतर सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। इसी तर्ज पर सभी विभागीय अधिकारियों को भी कार्य करने की आवश्यकता है ताकि सफाई कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित न होना पड़े।

#### सफाई कर्मचारियों के जारी करें पहचान पत्र

एम वेंकटेशन ने सभी आउटसोर्स एजेंसियों को सफाई कर्मचारियों के पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए जिसमें उनका ईपीएफ व ईएसआई नंबर, ब्लड ग्रुप, आपातकालीन नंबर एवं इंश्योरेंस की जानकारी भी शामिल हो।

#### कर्मचारियों को 50 लाख तक ऋण की सुविधा

एम वेंकटेशन ने कहा कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों को 50 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करने की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें सबसिडी भी प्रदान की जाती है। यह ऋण स्वच्छता से जुड़े उपकरणों और वाहनों की खरीद के लिए लिया जा सकता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ऐसी योजनाओं की जानकारी कर्मचारियों को जागरूकता शिविर के माध्यम से अवगत करवाने के निर्देश दिए ताकि सफाई कर्मचारी ऐसी योजनाओं का लाभ ले सके।

#### नियम अनुसार सफाई कर्मियों को मिले सुविधा

सबैतनिक अवकाश तथा सफाई कर्मियों को नियमानुसार यूनिफॉर्म, जूते तथा सफाई की आवश्यक किट प्रदान की जानी चाहिए। नियोक्ता एजेंसी द्वारा सफाई कर्मियों का साल में एक बार अनिवार्य रूप से मास्टर हेल्थ चेकअप करवाया जाना चाहिए। इसके साथ-साथ सभी कर्मचारियों को बोनस भी दिया जाए। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकने के लिए तथा शिकायतों के निवारण के लिए समिति बनाना सुनिश्चित करें।

#### शिकायत की सुविधा

आयोग के अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों से उनकी समस्याओं को जाना तथा उनका समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए सफाई कर्मचारी आयोग के नंबर 01124648924 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि जो भी निर्देश जारी किए हैं उन्हें अवश्य रूप से पूरा किया जाएगा।

# केंद्र ने एमएससी के लिए जारी की 50 करोड़ की राशि

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश को 15वें वित्त आयोग के तहत एमएससी के क्रियान्वयन के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। यह धन राशि राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार ने जारी की है। राष्ट्रीय डाटा सेंटर के लिए नगर पालिका साझा सेवा केंद्रों अर्थात एमएससी की स्थापना में यह राशि मददगार साबित होगी। इसमें शहरी स्थानीय निकायों का आधुनिकरण करके नगर पालिका प्रशासन को और अधिक मजबूती मिलेगी और वित्तीय बाधाओं सहित तकनीकी सहायता की कमी जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों में भी सक्रियता आएगी। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों और

#### राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार ने जारी की राशि

प्रतिनिधित्व के कारण केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय डेटा सेंटर के लिए नगरपालिका साझा सेवा केंद्रों (एमएससी) की स्थापना के लिए 50 एमएसएससी पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तरह जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, व्यापार लाइसेंस और शिकायत निवारण जैसी आवश्यक सेवाओं को सुव्यवस्थित करने में भी सहायता मिलेगी। ये केंद्र लेखा, पेरोल प्रबंधन और विक्रेता भुगतान के लिए केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्रों के रूप में कार्य करेंगे। (अनंत ज्ञान)

#### शहरी निकायों में बनेंगे तीन क्लस्टर

राज्य सरकार शहरी विकास के लिए धन सुरक्षित करने के लिए केंद्र के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। इसका उपयोग राज्य के भीतर शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के तीन क्लस्टर स्थापित करने और राज्य के लोगों के लिए अधिक कुशल और प्रौद्योगिकी-संचालित नगरपालिका प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

#### दो किस्तों में जारी होगी राशि

हिमाचल प्रदेश ने केंद्र सरकार को धनराशि जारी करने का प्रस्ताव भेज दिया था। बाकायदा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सीएम सुक्खू के मार्गदर्शन में इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाया गया। विक्रमादित्य ने बताया कि कि ये धनराशि दो किस्तों में वितरित की जाएगी।

### अधिवक्ता कानून में किए जा रहे संशोधन गैर जिम्मेदार : राठौर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ठियोग के विधायक पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता, भारत सरकार कुलदीप सिंह राठौर ने केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता कानून 1961 में किए जा रहें संशोधनों को पूरी तरह गैरवाजिब बताते हुए इसके खिलाफ चल रहे देशभर के अधिवक्ताओं के आंदोलन का समर्थन किया है। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को निरस्त किया जाना चाहिए।

राठौर ने विधेयक को अधिवक्ताओं के खिलाफ बताते कहा कि इसके पारित होने से अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन होगा वहीं दूसरी ओर समाज में भी इसका एक गलत संदेश जाएगा। अधिवक्ता संशोधन 2025 पूरी तरह अधिवक्ताओं के खिलाफ है ।

# व्यापार मंडल सुन्नी के सदस्यों ने विक्रमादित्य के समक्ष रखी मांगें

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



व्यापार मंडल सुन्नी का प्रतिनिधि मंडल लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह उनके सरकारी आवास में शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष टेक चंद की अध्यक्षता में सुन्नी तथा सुन्नी बाजार के कुछ अहम मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत की गई।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सुन्नी से पीजीआई चंडीगढ़ के चलने वाली परिवहन की बस सेवा को अतिशीघ्र नियमित करने, सुन्नी से एम्स हॉस्पिटल बिलासपुर के लिए बस सेवा आरंभ करने, सुंदरनगर से सुन्नीचलने बस सेवा का रात्रि ठहराव सुन्नी में ही करवाने, सुन्नी में हिमाचल पथ परिवहन निगम का डिपो बनाए जाने तथा सुन्नी स्थित पशु चिकित्सालय को वेटरनरी प्रशिक्षण कॉलेज बनाए जाने, नगर परिषद सुन्नी कार्यालय के साथ व्यापार मंडल भवन के लिए जमीन का आवंटन एवं भवन निर्माण हेतु राशि प्रदान करने, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी में प्लंबर और फिटर का ट्रेड आरंभ करवाए जाने तथा सिविल हॉस्पिटल सुन्नी में रिक्त चल रहे पदों पर डॉक्टरों की तैनाती की मांग रखी गई। (अनंत ज्ञान)

### शिमला के साईं बाबा मंदिर में चोरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के चक्कर स्थित साईं बाबा मंदिर में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और लगभग एक किलो चांदी का सिंहासन, छत्र, मुकुट व अन्य चांदी के सजावटी सामान चुरा ले गए। मामले की शिकायत स्थानीय निवासी विनय चंदला ने बालूगंज थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। डीएसपी सिटी शक्ति चंद ने बुधवार को बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द चोरों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

# चिट्टे के खिलाफ जागृति फैलाने को भाजपा ने किया टीम का गठन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 'नो टू ड्रग्स' चिट्टे के प्रति समाज में जागृति फैलाने हेतु प्रदेश और जिला स्तर पर एक टीम का गठन किया गया जिसमें प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर को संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल को सह-संयोजक बनाया गया है।

इसी प्रकार चारों संसदीय क्षेत्रों में भी संयोजकों की नियुक्तियां की गई है जिसमें सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव भारद्वाज को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र, प्रदेश उपाध्यक्षा रश्मिधर सूद को शिमला संसदीय क्षेत्र, प्रदेश उपाध्यक्षा पायल वैद्य को मंडी संसदीय क्षेत्र तथा प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र धर्माणी को हमीरपुर क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है।

बिंदल ने बताया कि जिला स्तर पर भी संयोजकों की नियुक्तियां की गई है जिसमें व्यापार प्राकेष्ठ के प्रदेश संयोजक गोबिंद को जिला मंडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल सोलंकी को जिला कुल्लू सहित आदि को जिम्मेदारियां दी गई। चिकित्सीय परामर्श एवं तकनीकि जानकारी की दृष्टि से प्रदेश व जिले में चिकित्सको की टीम का गठन किया गया है जिसमें डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. दलजीत बन्याल, डॉ. जीवानंद आदि शामिल हैं।

# घुमारवीं में 618 बच्चों ने दी भौतिक विज्ञान की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित बुधवार को जमा दो कक्षा की भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। घुमारवीं क्षेत्र में दो परीक्षा केंद्रों में सरकारी और निजी स्कूलों के कुल 618 छात्रों ने परीक्षा दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय घुमारवीं में 173 छात्रों ने परीक्षा दी, तो वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय घुमारवीं में 445 छात्रों ने परीक्षा दी। परीक्षा के बाद छात्रों के चेहरे पर संतोष और खुशी झलक रही थी। कई छात्र परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते ही प्रश्न पत्र पर चर्चा करने लगे।

छात्रों ने बताया कि पेपर अपेक्षाकृत सरल था और लगभग सभी प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुसार थे। परीक्षा 60 अंकों की थी, जिसमें तीन सीरीज ए,बी और सी बनाई गई थीं। कुछ छात्रों ने ए सीरीज को कठिन बताया, जबकि बी और सी सीरीज अपेक्षाकृत सरल लगी। अधिकांश छात्रों ने पेपर को संतोषजनक बताया और अच्छे अंक आने की उम्मीद जताई। सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्रों पर छात्रों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। परीक्षा से पहले छात्रों के बैग, मोबाइल और अन्य सामान केंद्रों के बाहर रखवाए गए। सुबह 9:00 बजे परीक्षा प्रारंभ हुई, जो दोपहर 12: 00 बजे तक चली। परीक्षा को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराया गया। बोर्ड द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वॉड ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा, अनुपम पब्लिक स्कूल कुठेड़ा, तल्याणा स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा, एसडीएम द्वारा गठित टीम ने ओहर और अमरपुर स्कूलों का भी निरीक्षण किया और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की जांच की। इस दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई मामला सामने नहीं आया।

### आज बिलासपुर आएंगे जगत प्रकाश नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के अभिनंदन समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जेपी नड्डा वीरवार को दोपहर करीब एक बजे बिलासपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां अभिनंदन समारोह में गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। जिला से भाजपा के सभी विधायक तथा पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे।



अभिनंदन समारोह के बाद जेपी नड्डा शहर के निहाल में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर के घर जाकर उनके नवविवाहित पुत्र शिवम ठाकुर व पुत्रवधू नमिषा को शुभकामनाएं देंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल ने कहा कि बिलासपुर के चहुंमुखी विकास में जगत प्रकाश नड्डा का अहम योगदान रहा है। एम्स, फोरलेन और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे बड़े प्रोजेक्ट बिलासपुर को उन्हीं की बदौलत मिले हैं। उनके प्रयासों से भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे प्रोजेक्ट का काम भी युद्ध गति से चल रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर उनके नेतृत्व में पार्टी ने कई राज्यों के साथ ही केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। हाल ही में उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भी जीत का परचम लहाराया है। राजधानी दिल्ली में 'कमल' खिलाने के बाद जगत प्रकाश नड्डा 6 मार्च को पहली बार बिलासपुर आ रहे हैं।

# जुखाला पंचायत को नशा मुक्त बनाने की मुहिम शुरू : जगदीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जुखाला पंचायत को नशा मुक्त बनाने की मुहिम शुरू हो गई। इस पंचायत में यदि कोई भी व्यक्ति या युवक नशे का कारोबार करता हुआ पाया जाता है तो पंचायत उसको सरकार की तरफ से मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देगी। इसके साथ ही उस व्यक्ति को राशन कार्ड से भी वंचित कर देगी। इसके लिए जुखाला पंचायत ने ग्राम सभा में प्रस्ताव डाल कर सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। जुखाला पंचायत के प्रधान जगदीश ठाकुर ने बताया कि आज के समय में अवैध नशे के कारोबारियों की संख्या में दिन प्रतिदिन काफी इजाफा हो रहा है और आज की युवा पीढ़ी चिट्टे की चपेट में आ रही है। आज इस क्षेत्र में चिट्टा भयंकर समस्या बन गई है जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और अप्रत्यक्ष रूप से देश का भविष्य का खराब हो रहा है।

**पंचायत प्रधान ने सरकार से सख्त कानून बनाने की उठाई मांग**

उन्होंने बताया कि पंचायत इसके लिए समय-समय पर जनजागरण अभियान चला कर लोगों के घर-घर जाकर चिट्टे के प्रति जागरूक करेंगे और उन्हें इसके दुष्परिणामों से भी अवगत करवाएंगे। जुखाला पंचायत को चिट्टा मुक्त बनाया जाएगा तथा जो लोग इसकी चपेट में आ गए हैं उन्हें नशा मुक्ति केंद्र भेज कर उनका इलाज करवाएंगे, ताकि वे इस दलदल से बाहर निकल पाएं। उन्होंने पंचायत के लोगों से भी अपील की है कि वे इसके लिए अपने-अपने सुझाव पंचायत को दे ताकि इस भयंकर समस्या से पंचायत को मुक्त कर सके। पंचायत में डाले गए प्रस्ताव में प्रदेश सरकार से भी मांग की गई है कि चिट्टे के प्रति और कड़ा कानून बनाया जाए ताकि इसके कारोबारी जेल से बाहर न आ सकें। आज इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को कड़ा कानून बनाने की आवश्यकता है।

### झंडूता में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, झंडूत।** झंडूता उपमंडल के कई क्षेत्रों में 6 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के उपमंडल अधिकारी राजेश धीमान झंडूता द्वारा दी गई। विद्युत बोर्ड के अनुसार, झंडूता में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिसके कारण झंडूता, समोह, नखलेहडा सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। बोर्ड ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद जताते हुए सहयोग की अपील की है। साथ ही बताया कि यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

### 100 बार रक्तदान कर चुके कर्ण चंदेल का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रक्तदाताओं के प्रेरणा स्रोत, व्यास रक्तदाता के पूर्व अध्यक्ष व सैकड़ों जिंदगियां बचाने वाले समाजसेवी कर्ण चंदेल अनंत यात्रा पर निकल गए। 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके कर्ण चंदेल (43) का बुधवार सुबह निधन हो गया। कर्ण चंदेल का बुधवार को लुहणू घाट के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जिला बिलासपुर की कई नामी हस्तियों, सामाजिक संस्थाओं और पत्रकार-साहित्यकारों ने उनको अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा पर सदर विधायक त्रिलोक ज वाल, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विकास ठाकुर, राज्य पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पंडित जय कुमार, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, प्रदेश कांग्रेस पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान व डॉक्टर ऋषि टंडन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थि रहे। बताया जा रहा है कि कर्ण चंदेल की तबीयत खराब हो गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। लेकिन, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कर्ण चंदेल वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार कुलदीप चंदेल के इकलौते पुत्र थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप चंदेल के पुत्र कर्ण चंदेल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। जगत प्रकाश नड्डा ने संतप्त परिवार के साथ गहरी संवेदन जताई है।

### बिलासपुर कॉलेज में पुस्तक मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में पारितोषिक वितरण समारोह से पहले पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल के कर कमलों द्वारा रिबन कटवाकर हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने हर्ष प्रकट करते हुए कहां कि पुस्तकें हमारे जीवन का आधार हैं। आज इस पुस्तक मेले का आयोजन करने का हमारा मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी पसंद की पुस्तकें दिलवाना है ताकि वे विभिन्न प्रतियोगिता पुस्तकों को प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बना सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़नी चाहिए । आज चाहे मीडिया जहां तक पहुंच चुका है लेकिन जब तक पुस्तक हमारे हाथ में नहीं होती तब तक हम उसे ज्ञान को सही रूप से अर्जित नहीं कर सकते। हमें अपने पुस्तकों को सहेज कर रखना चाहिए क्योंकि न जाने कहां पर कब कौन सी पुस्तक काम आ जाए।

### आईटीआई बरठीं में मनाया विश्व महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. परविंद्र सिंह के आदेशानुसार एवं जिला एड्स कंट्रोल प्रोग्राम अधिकारी डॉ. तहसीन के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बरठीं आईटीआई में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सचिन शर्मा ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार व कमल कुमार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिक्षक कमल कुमार ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में घोषित किया गया था, जिसे विश्वभर में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार ने छात्राओं को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और सहारा योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी एड्स, सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियों के बारे में जागरूक किया और इनसे बचाव के उपाय बताए।

### चैत्र मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के शाहतलाई में 14 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस थाना प्रभारी तलाई विनोद कुमार, शाहतलाई बाजार के दुकानदारों, टैक्सी चालकों और पार्किंग स्थल मालिकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल ने कहा कि मेले के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने टैक्सी चालकों और पार्किंग स्थल मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और यातायात को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें।

### बिलासपुर कॉलेज को जिला स्तरीय यूथ पार्लियमेंट का जिम्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से देशभर के 300 जिलों में विकसित भारत यूथ पार्लियमेंट 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के सभी राज्यों में 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं। जिला बिलासपुर में जिला स्तर के यूथ पार्लियमेंट के आयोजन का जिम्मा राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को दिया गया है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल यूथ पार्लियमेंट के आयोजन के संबंध में कहा कि यह युवाओं की प्रतिभा और विचारभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। बिलासपुर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानो के 18 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का सुनहरा अवसर है।

**स्ट्राइक** पटवारी और कानूनगो संघ की अनिश्चितकालीन पेनडाउन हड़ताल छठे दिन भी रही जारी, नहीं किया काम

# हड़ताल से झंडूता में राजस्व सेवाएं ठप, जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता में पटवारी और कानूनगो संघ की अनिश्चितकालीन पेनडाउन हड़ताल छठे दिन भी जारी रही, जिससे प्रदेशभर में राजस्व सेवाएं ठप पड़ गई हैं। सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप्प होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचली प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, कृषक प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रियां, इंतकाल, ऋण और ई-केवाईसी जैसी 39 महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो गई हैं। पटवारी और कानूनगो संघ राज्य सरकार द्वारा पटवारी और कानूनगो पदों को जिला कैडर से हटाकर स्टेट कैडर में शामिल करने के फैसले का विरोध कर रहा है। संघ का कहना है कि यह निर्णय न केवल कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है, बल्कि इससे प्रशासनिक कार्यों में भी अव्यवस्था फैलेगी। इससे पहले, संघ ने 25 और 27 फरवरी को सामूहिक अवकाश लेकर विरोध दर्ज कराया था, जिससे राजस्व सेवाएं पहले ही प्रभावित हो चुकी थीं। लेकिन सरकार द्वारा इस मांग पर ध्यान न देने के कारण अब अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल शुरू कर दी गई है। हड़ताल के चलते पटवारखाने बंद पड़े हैं, और दफ्तरों में ताले लटके हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने जरूरी दस्तावेज बनवाने और रजिस्ट्रियां करवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पा रहा। खासकर वे लोग जो बैंकों से ऋण लेने की प्रक्रिया में थे या फिर किसी सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रमाण पत्र बनवाना चाहते थे, वे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। अब तक सरकार और हड़ताल कर रहे कर्मियों के बीच कोई ठोस बातचीत नहीं हो सकी है। सरकार की ओर से इस मामले पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया गया है, जिससे स्थिति और जटिल होती जा रही है। वहीं, हड़ताली कर्मियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे।

### पटवारी एवं कानूनगो सरकार के आगे झुकने को तैयार नहीं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर में संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की इकाई द्वारा राज्य सरकार के 22 फरवरी को जारी अधिसूचना, जिसमें पटवारी और कानूनगो का जिला कैडर बदलकर स्टेट कैडर कर दिया गया है, के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें दिन में प्रवेश कर गई है। हालांकि, इस हड़ताल के चलते हजारों युवाओं और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों में देरी हो रही है। जिला बिलासपुर के चारों उपमंडलों घुमारवीं, सदर, झंडूता और श्री नयना देवी जी में महासंघ के सदस्य अपने-अपने कार्यालयों को बंद कर शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं। इस आंदोलन को सेवानिवृत्त पटवारी-कानूनगो और जन प्रतिनिधियों का भी पूरा समर्थन मिल रहा है। संघ के जिला प्रधान सुनील दत्त जोशी ने बताया कि समस्त पटवारी आपदा संबंधी कार्यों के लिए वचनबद्ध हैं।उन्होंने कहा कि महासंघ का सरकार से कोई टकराव नहीं है और वे हमेशा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना चाहते हैं। लेकिन, अभी तक सरकार की ओर से महासंघ के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया है। महासंघ ने सरकार से अपील की है कि जल्द से जल्द इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता को हो रही परेशानियों का समाधान किया जा सके।



## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावित गांव में हेलिकॉप्टर से भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनजातीय उपमंडल पांगी के अंतर्गत भारी बर्फबारी के कारण आपदा प्रभावित कुमार गांव के लोगों को आज जिला मुख्यालय चंबा से हेलिकॉप्टर के माध्यम से राहत सामग्री भेजी गई। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आवासीय आयुक्त, पांगी द्वारा प्रेषित मांग सूची के अनुसार आपदा प्रभावित परिवारों के लिए खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं को एयरलिफ्ट किया गया। वहीं चंबा जिले के किलाड़ के अपर कुम्हार में हिम-स्खलन की चपेट में आए प्रभावित परिवारों के साथ राजस्व बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी लगातार संपर्क में हैं। वे उपायुक्त चंबा और उप-मंडलाधिकारी किलाड़ से निरंतर अपडेट ले रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### आईटीआई तीसा में छात्रों को मिला मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, तीसा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) तीसा में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी, चंबा श्री अरविंद चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को अपने भविष्य के लिए सही करियर विकल्प चुनने, स्वरोजगार के अवसरों, सरकारी व गैर-सरकारी नौकरियों में चयन प्रक्रिया तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अरविंद चौहान ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सही जानकारी और मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।

### जोगिंदरनगर मंडल भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

**अभिषेक, जोगिंदरनगर।** भाजपा जोगिंदरनगर मंडल अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा ने 31 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की। राजीव सूद, अंजना शर्मा, चतर सिंह, मोहन सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महासचिव पद पर शक्ति राणा और नवीन सिंह वर्मा नियुक्त हुए हैं, जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी जगदीश चंद को दी गई है। सचिव पद पर आशा ठाकुर, कृष्ण चंद, सावित्री शर्मा, साहिल ठाकुर और मीरा देवी को नियुक्त किया गया है। पंकज शर्मा को प्रवक्ता, नागपाल को मीडिया प्रभारी, अजय बाबा को कार्यालय सचिव, पंकज कुमार को आईटी संयोजक और सोहन सिंह को आईटी सह-संयोजक बनाया गया है। सीमा वालिया सोशल मीडिया संयोजक, जबकि नीरज कुमार सोशल मीडिया सह-संयोजक होंगे। विधायक प्रकाश राणा, प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, रोशन लाल, लेखराज शर्मा, कुंती ठाकुर, कमल कुमार, सुभाष ठाकुर, जोगिंदर पांडे और शमशेर सिंह को स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### स्वतंत्रता सेनानी स्वामी कृष्णानंद की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्वतंत्रता सेनानी स्वामी कृष्णानंद की 134वीं जन्मतिथि मनाई गई। कृष्णानंद की प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया। सर्वप्रथम वयोवृद्ध ओमचंद कपूर, निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, अर्बन कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रवि वैद्य, स्वामी के परिजन, तहसीलदार सदर, प्रधान खत्री सभा, आर्य समाज, वीर मंडल, निदेशक अर्बन बैंक और शहर के गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया। उसके पश्चात आर्य समाज में हवन किया गया तथा प्रसाद वितरण हुआ। मंडी अर्बन बैंक के सौजन्य से आयुष रवि वैद्य के नेतृत्व में प्रातः हॉस्पिटल में रोगियों को फल वितरित किए गए।

### वरिष्ठ पत्रकारों के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के संगठन सचिव एवं बिलासपुर के वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप चंदेल के सुपुत्र एवं [illegible] कपिल चंदेल, बैजनाथ के वरिष्ठ पत्रकार सर्वजीत डोहरू की पत्नी सतेंद्र डोहरू तथा मनाली के वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्र बहल (निवासी पपरोला) के आकस्मिक निधन पर जोगिंद्रनगर प्रेस क्लब ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रेस क्लब के मुख्य सलाहकार रमेश बंटा, अध्यक्ष कैलाश, उपाध्यक्ष अमिता बंटा, महेंद्र भारद्वाज, महासचिव दीपक चौहान, वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश चौहान, अश्वनी सूद, हरीश बहल, जितेंद्र ठाकुर, अमन सूद, विनोद शर्मा, राकेश संग्राय, वेद बंटा, अमित सूद, राजेश, राजीव बहल, अभिषेक शर्मा तथा सुभाष एरी ने दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### इंडेन गैस उपभोक्ता शीघ्र करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नेरचौक व इसके आस-पास के क्षेत्रों के इंडेन गैस उपभोक्ता शीघ्र ही अपने गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी करवाएं। यह जानकारी नेरचौक स्थित शहीद यशवंत गैस सर्विस के संचालक रामसेन संग्रैल ने दी है। उन्होंने बताया है कि उनके सभी उपभोक्ता शीघ्र ही अपने गैस कोनैक्शनों की ई- केवाईसी करवा लें। अन्यथा उन्हें भविष्य में गैस सिलेंडर भरवाने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं की सब्सिडी उनके खातों में नहीं आ रही है वे अपना बैंक अकाउंट व आधार कार्ड एजेंसी में आकर अवश्य अपडेट करवा लें। वहीं जिन उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग में परेशानी हो रही है वे भी एजेंसी में आकर अपना फोन नंबर अपडेट करवा लें।

### हिमाचल हॉकी के उपाध्यक्ष बने राजा सिंह मल्होत्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी निवासी राजा सिंह मल्होत्रा को हिमाचल हॉकी के नवगठित कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष चुने गए। हॉकी कोच नरेश गर्ग और हॉकी खिलाड़ियों द्वारा मंडी में स्वागत किया गया। उनकी इस नई कामयाबी के लिए उन्हें बधाई दी और कोच द्वारा पुष्पगुच्छ देकर अपनी खुशी जताई। हॉकी खेलकूद प्रतियोगिताओं में निरंतर सक्रिय रहने वाले एवं हॉकी को सहयोग करने वाले एक योग्य व्यक्ति को यह पद मिला है। इसी के साथ राजा सिंह मल्होत्रा साहब ने सुनिश्चित किया कि आगे भी वो हॉकी का प्रचार इसी तरह करते रहेंगे।

---

विधायक नीरज ने दड़ोगा से मिह्ला सड़क का किया शिलान्यास, कहा–

# चंबा में विकासात्मक कार्य को पहनाया जा रहा अमलीजामा

**आरके सहगल, चंबा**



विधायक नीरज नैय्यर ने विधानसभा क्षेत्र चंबा की ग्राम पंचायत सिंगी में आज लगभग 89 लाख रुपये के शिलान्यास व उद्घाटन किए।

उन्होंने पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के तहत 57 लाख रुपए से निर्मित होने वाली दडोगा से मिह्ला 2 किलोमीटर लम्बी जीप योग्य सड़क का शिलान्यास किया तथा 32 लाख से निर्मित हुए राजकीय माध्यमिक पाठशाला दड़ोगा के भवन का लोकार्पण भी किया।

इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा में सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जा रहे हैं। जिसके सार्थक परिणाम आज सभी के सामने हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा में विकासात्मक कार्य को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। सड़कों व पुलों का निर्माण कार्य को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जिला के दूर-दराज के गांव को सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है। विधायक ने कहा कि दडोगा से मिह्ला 2 किलोमीटर लंबी जीप योग्य सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कर दिया जाएगा जिस पर 57 लाख रुपए की धनराशि व्यय की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के पश्चात क्षेत्र के 7 गांवों को प्रत्यक्ष तौर पर लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सड़कें भाग्य की रेखाएं होती है किसी भी क्षेत्र का विकास वहां को जोड़ने वाली सड़क सुविधा पर निर्भर करता है।

इस दौरान नीरज नैय्यर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा में बिना किसी भेदभाव के साथ विकास कार्य हो रहे हैं। सभी वर्गों का विकास हो यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क से गांव दड़ोगा तक संबंधित टीम के द्वारा पथ परिवहन निगम का सफल ट्रायल भी किया जिसका जल्द लोकार्पण भी किया जाएगा।

इस दौरान प्रधान ग्राम पंचायत सिंगी मीना कुमारी ने विधायक नीरज नैय्यर को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महासचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपक कुमार, महासचिव युवा कांग्रेस कमेटी हरीश नारियल, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खालिद मिर्जा आदि मौजूद थे।(अनंत ज्ञान)

## सड़क पर पलटी बस बाल-बाल बचे यात्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के चुराह क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। टाड़ा की ओर जा रही एक निजी बस भंजराडू बस स्टैंड के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचोंबीच पलट गई। बस में सवार करीब आठ यात्रियों की जान बच गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड से चलने के कुछ ही मिनटों बाद, मात्र 200 मीटर की दूरी पर बस का ब्रेक फेल हो गया। स्थिति बिगड़ती देख बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को सड़क किनारे पहाड़ी से टकरा दिया, जिससे वह सड़क पर ही पलट गई और यात्रियों की जान बच गई। यदि बस खाई में गिरती, तो यह हादसा बेहद गंभीर हो सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बस के ब्रेक फेल होने के कारण यह घटना हुई।

प्रशासन ने मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। बस चालक की तेज निर्णय क्षमता और साहसपूर्ण कदम की वजह से एक बड़ी दुर्घटना टल गई, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने यूपीएस का किया विरोध



बैठक के दौरान मौजूद संघ के सदस्य जानकारी देते हुए।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

**हिम आंचल पेंशनर्स संघ डलहौजी ने की समीक्षा बैठक**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ डलहौजी इकाई की मासिक समीक्षा बैठक बीते दिन लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह बनीखेत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा ने की, जिसमें संघ के अधिकांश सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं, लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान और राज्य स्तरीय कैशलेस सुविधा की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। संघ ने सरकार से आग्रह किया कि पेंशनरों के चिकित्सा बिलों का शीघ्र निपटारा किया जाए, जो लंबे समय से लंबित हैं।

बैठक में 29 मार्च को होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में संघ के अध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा ने ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) और यूपीएस (नई पेंशन योजना) के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में यूपीएस का विरोध किया और ओपीएस की बहाली की मांग दोहराई। इसके अलावा, संघ की वार्षिक सदस्यता शुल्क को 210 से बढ़ाकर 500 करने पर सहमति बनी, जिसे अगले माह से लागू किया जाएगा।

पेंशनर संघ भवन के निर्माण को लेकर भी बैठक में गहन चर्चा हुई। संघ के सदस्यों ने सरकार और स्थानीय प्रशासन से इस दिशा में उचित कदम उठाने की अपील की।

बैठक के अंत में अध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा ने सभी सदस्यों को एकजुट रहने और पेंशनरों के हक के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।(अनंत ज्ञान)

## चुराह के पटवारी–कानूनगो ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, तीसा**

हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवार एवं कानूनगो महासंघ की राज्य इकाई के आह्वान पर तहसील चुराह के सभी पटवारी और कानूनगो कलम छोड़ हड़ताल पर हैं। इससे पहले, 25 और 27 फरवरी को सामूहिक अवकाश लेकर सरकार को अपनी मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया था। लेकिन सरकार द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण महासंघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया है।

तहसील इकाई के अध्यक्ष थान सिंह ने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने पटवारी एवं कानूनगो के जिला कैडर को राज्य स्तरीय कैडर में बदलने की अधिसूचना जारी की है, जो तर्कसंगत नहीं है।

महासंघ ने पिछले वर्ष भी अपनी मांगों को लेकर सरकार से आग्रह किया था, जिसके बाद सरकार ने बलवान चंद की अध्यक्षता में एक अधिकारियों की समिति का गठन किया। अगस्त 2024 में समिति ने अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप दी थीं, लेकिन अब तक इन पर अमल नहीं किया गया है। संघ के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, वे संघर्ष जारी रखेंगे और राज्य इकाई के निर्णयों का पालन करेंगे।

## बार एसो. ने डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला बार एसोसिएशन की एक आपातकालीन बैठक आज बार रूम में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन के सभी सदस्य 06 मार्च 2025 तक न्यायिक कार्यों से स्वैच्छिक रूप से विरत रहेंगे।

यह निर्णय प्रस्तावित असंवैधानिक और एडवोकेट वेलफेयर विरोधी संशोधन विधेयक के विरोध में लिया गया है, जो अधिवक्ताओं के हितों के प्रतिकूल है। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि यह संशोधन विधेयक एडवोकेट्स एक्ट की मूल भावना के खिलाफ है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। आज जिला बार एसोसिएशन द्वारा अपनी मांग को लेकर उपायुक्त चंबा को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसे माननीय केंद्रीय विधि मंत्री, भारत सरकार को प्रेषित किया जाएगा।

## कुठेड़ स्कूल की एसएमसी को मिला उत्कृष्ट सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



खंड शिक्षा अधिकारी स्कूल प्रबंधन समिति कुठेड़ एक को सम्मानित करते हुए।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ एक की स्कूल प्रबंधन समिति ने उत्कृष्ट स्कूल प्रबंधन समिति में चुवाड़ी खंड स्तर पर एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। कुठेड़ एक की स्कूल प्रबंधन समिति को खंड स्तर पर हुए अवार्ड कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में पूरे खंड चुवाड़ी के स्कूलों ने हिस्सा लिया। चुवाड़ी खण्ड के लगभग 90 स्कूलों में कुठेड़ स्कूल ने लगातार तीसरी बार ये इनाम हासिल किया है। दूसरे स्थान पर केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला परछोड़ और तीसरे स्थान पर प्राथमिक पाठशाला सम्मतर रही। कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी चुवाड़ी नारायण सिंह ने सभी स्कूल प्रबंधन समितियों को ट्रॉफी, चैक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए, द्वितीय को 1100 और तृतीय स्थान के लिए 1000 रुपए की धनराशि स्कूल के बेहतर कार्यों के लिए भेंट की गई। इस मौके पर निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे केंद्रीय मुख्य शिक्षक और मंच संचालक राजेश ने कम्युनिटी जागरूकता पर सभी आए हुए अभिभावकों के साथ विचार सांझा किए उन्होंने सभी को बधाई दी। अब प्रथम उत्कृष्ट स्कूल प्रबंधन समिति को जिला स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेगी। कुठेड़ स्कूल को पिछले वर्ष जिला स्तर पर भी प्रथम स्थान हासिल हुआ था।

## राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच ने लिया सनातन धर्म रक्षा का संकल्प



**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच जिला चंबा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आज हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने–अपने क्षेत्र के मंदिरों में हर मंगलवार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे और सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने गौ सेवा करके गौ रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया।

इस धार्मिक और सामाजिक कार्य में राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच जिला चंबा के अध्यक्ष राकेश विज, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देश राज, जिला सचिव सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**ओपी शर्मा, भरमौर**

महिला एवं बाल विकास विभाग भरमौर के तत्वावधान में आज पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली में वो दिन योजना के अंतर्गत मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर करना और उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना हैं। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर दीपिका, अंकिता और सीडीपीओ कार्यालय से विनोद कुमार ने भी छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, हाथों को धोने के तरीकों व उचित उत्पादों के उपयोग और इसके प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाने की जानकारी दी, साथ ही उन्होंने मासिक धर्म से जुड़े सामान्य शारीरिक और मानसिक बदलावों पर भी प्रकाश डाला।(अनंत ज्ञान)



## सुंदरनगर के शौर्य वीर यादव ने जीता मंडी कुमार का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**शिवरात्रि भारत केसरी के विजेता रहे नरेंद्र खन्ना**

शिवरात्रि महोत्सव मंडी में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में मंडी कुमार सरकाघाट निवासी शौर्य वीर यादव रहे। उन्हें 17,000 रुपए का इनाम दिया गया। उपविजेता धवाल के सिद्धार्थ ठाकुर रहे। उन्हें 13,000 का इनाम दिया गया, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त सुंदरनगर के रोहित जसवाल ने प्राप्त किया। उन्हें 6,100 प्रदान किए गए।

हिमाचल कुमार (21 वर्ष) के विजेता चंबा के सुमित रहे और उपविजेता सुंदरनगर के भरत भूषण रहे। विजेता को 27,000 और उपविजेता को 23,000 इनामी राशि प्रदान की गई। महिला शिवरात्रि केसरी का खिताब कृतिका हमीरपुर ने सोनिका बिलासपुर को परास्त कर अपने नाम किया। अभिलक्षा बिलासपुर तृतीय स्थान पर रही। महिला शिवरात्रि केसरी को 15000, उप विजेता को 11000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली पहलवान को 5,100 दिए गए। शिवरात्रि भारत केसरी (खुली श्रेणी) के विजेता नरेंद्र खन्ना रहे। उन्हें 55,000 की इनामी राशि दी गई। उपविजेता मुकेश धवाल रहे। उन्हें 45000 का इनाम दिया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी राजेश तोमर ने प्रतियोगिता में शिरकत की।

### सूडोकु नवताल- 7361 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7360 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## डलहौजी में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश बार एसोसिएशन के आह्वान पर डलहौजी में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा।

डलहौजी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नितिन महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता समुदाय सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है, जिसके चलते अदालतों का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। बीते कल भी डलहौजी कोर्ट परिसर में बार एसोसिएशन के समस्त सदस्य एकजुट हुए और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल आज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी दिन भी अदालतों में कार्य नहीं किया जाएगा।

## अभिलाषी विश्वविद्यालय के 13 छात्र जॉब के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत चल रहे डिप्लोमा वेटरनरी फार्मासिस्ट व बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर के 13 छात्र अमन फीड व टैरागॉन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी के लिए चयनित हुए हैं।

इन छात्रों का चयन एचआर, टेक्निकल व पर्सनल इंटरव्यू के बाद किया गया। सभी चयनित छात्र टेरिटरी सेल्स ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। इस प्लेसमेंट ड्राइव में डिप्लोमा वेटरनरी फार्मासिस्ट से अनुराग, यतिन, अमनदीप, विशाल सैनी, पीयूष वालिया, विशाल ठाकुर, अमन, क्षितिज, साहिल, अभिषेक कुमार, बीएससी एग्रीकल्चर से अंशुल, अभिषेक व एमएससी एग्रीकल्चर से निखिल भारद्वाज को चयनित किया गया।

इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके. अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने सभी चयनित छात्रों व उनके अभिभावकों, विभाग के प्रोफेसरों व प्लेसमेंट सेल को बधाई दी है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

6 मार्च, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** सप्तमी (10:53): **नक्षत्र** रोहणी (00:06), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** विष्कुंभ (8:28) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:09-12:56), **राहुकाल** (02:00-03:28)।

**विशेष दिन**

- 6 मार्च : आज राष्ट्रीय पोशाक दिवस।
- 7 मार्च 2025 : होलाष्टक कल से होंगे प्रारम्भ।

**मेषः** खुशखबरी मिलेगी। दिन कई अनुभवों से युक्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सफलता के कारण आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**वृषभः** आय से अधिक खर्च न करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। आप के प्रयासों से व्यवसाय कातनाव समाप्त हो सकेगा।

**मिथुनः** व्यापार में अधिक लाभ प्राप्ति के योग है। जोखिम भरे कार्य से बचना चाहिए। कार्य व्यवसाय में सफलता मिल सकेगी। दोस्तों के साथ आज यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्कः** अपनी सोच को बदलें। दुसरों को नीचा दिखाने का प्रयास न करें। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह :** कार्य प्रभावित होंगे। आय में वृद्धि होगी। अपनी बुद्धिमानी से आर्थिक स्थिति सुधरेंगे। संतान उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगी।

**कन्या :** आज यश, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवन साथी की भावनाओं को समझें। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। दोस्तों से भेंट, उपहार मिलेगा।

**तुलाः** मित्रों के सहयोग से निजी समस्या का समाधान होगा। व्यापार में प्रगति के योग हैं। अधिकारों का गलत प्रयोग नहीं करें। आर्थिक निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिकः** व्यापार में लाभकारी परिवर्तन हो सकते हैं। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर काम करें। समय अनुकूल है, उसका सदुपयोग करें।

**धनुः** धार्मिक आस्था बढ़ेगी। कार्य के प्रति दृढ़ता आपको आज कार्य में अनुकूल सफलता दिलवाने वाली है। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं।

**मकर :** जीवन साथी के व्यवहार में उग्रता रहेगी। व्यावसायिक नवीन गतिविधियां लाभकारक रहेंगी। बुद्धि चातुर्य से अनेक कार्य सफल होंगे।

**कुंभ :** आज दिन व्यस्त रहेगा। जीवन साथी के व्यवहार में उग्रता रहेगी। व्यव्सायिक नवीन गतिविधिया लाभकारी रहेंगी।

**मीन :** दिखावे से परेशानियां बढ़ सकती है। निजी जीवन में भी ध्यान दें। संतान के रूखे व्यवहार के कारण मन अप्रसन्न रहेगा। व्यापार में मन नही लगेगा।

**उम्मीद** — डलहौजी रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

# स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी बेहतर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



नागरिक अस्पताल डलहौजी में बुधवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर ने की। बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

इस दौरान उपमंडलाधिकारी (नागरिक) डलहौजी अनिल भारद्वाज, बीएमओ भटियात डॉ. श्याम, रोगी कल्याण समिति के सदस्य और डलहौजी के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में अस्पताल में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, दवाओं की आपूर्ति, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया।

विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि सरकार क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिक अस्पताल डलहौजी में सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे और अस्पताल में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु ठोस पहल करने की मांग की।

रोगी कल्याण समिति का यह प्रयास डलहौजी में स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हारडा विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुम्हारडा में विभिन्न मदों के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए अवधि 01-04-2025 से 31-03-2026 निम्न सामग्री (वस्तु) के लिए निविदा आमंत्रित करती है- **प्रस्ताव संख्या-06**

1. रेता क्रशर-प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. रेता धुला क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. रेता लोकल खड्ड-प्रति घन मीटर, 5. बोल्डर-प्रति घन मीटर, 6. कट स्टोन (पत्थर)-प्रति पत्थर, 7. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर, 8. सीमेंट ढुलाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल -प्रति बैग, 9. बोर्ड सीमेंट-प्रति बोर्ड, 10. बोर्ड लिखाई व फोटो-प्रति बोर्ड, 11. इंटर लॉक टाईल 40,60,80एमएम-प्रति टाईल, 12. सरिया 8,10,12,16एमएम-प्रति किलो, 13. जेसीबी मशीन-प्रति घंटा, 14. सीमेंट बैग-प्रति बैग, 15. लोहा बैंच-प्रति बैंच, 16. डिस्पले बोर्ड-प्रति बोर्ड, 17. सीमेंट ब्लॉक-प्रति ब्लॉक, 18. ईंट-प्रति ईंट, 19. डस्टवीन- प्रति नग, 20. जिम व पार्क सामग्री - प्रति नग

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दिनांक 19-03-25 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत कुम्हारडा में पंहुच जानी चाहिए। निविदा दिनांक 20-03-2025 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने ग्राम पंचायत कुम्हारडा में खोली जायेगी।

**नियम व शर्तें:-** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए। (2) सामाग्री गाड़ी में जहाँ तक जा सकती है पंहुचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामाग्री दी जायेगी। (4) यदि सामाग्री में सही गुणवता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 20000/- रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदाकर्ता को बिल के साथ एम-फार्म देना अनिवार्य है बिल के साथ एम-फार्म न देने पर बिलों की अदायगी नहीं होगी। (8) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है निविदा खुलते समय उपस्थित होना अनिवार्य है। (9) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसे- जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हारडा विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**

शिक्षा महिलाओं के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितनी पुरुषों के लिए। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# जान है तो जहान है

अच्छी सेहत हर कोई चाहता है। हर कोई निरोग रहना चाहता है, लेकिन इंसान का शरीर ऐसा है कि तमाम सावधानियां बरतने के बावजूद वह बीमारी की जकड़ में आ ही जाता है और यहीं से शुरू होता है उस बीमारी के उपचार के लिए मारामारी का दौर। जब व्यक्ति को बीमारी घेर लेती है तो वह वह न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक तौर पर ठीक महसूस नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य का मतलब दैहिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णत: स्वस्थ होना है। सुप्रीम कोर्ट का स्वास्थ सुविधाओं के बदतर इंतजाम को लेकर चिंतित होकर यह कहना कि राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम हैं वाकई तर्कसंगत लगता है। असल में हो भी ऐसा ही रहा है। यह राज्य सरकारों की नालायकी ही है कि वह आमजन के लिए किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा न तो आज कि सुनिश्चित कर पाई हैं और न ही सुदृढ़ कर पाई हैं। जाहिर है इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। सुविधाओं के अभाव में लोग महंगे प्राइवेट अस्पतालों से अपना इलाज करवाने को मजबूर हैं और उनके हाथों खूब लुट रहे हैं। मरता आखिर क्या न करता। जिंदगी बहुमूल्य है और जब कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जाता है तो उसे न चाहते हुए भी अपनी जान बचाने के लिए मजबूरी में प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर लगाने ही पड़ते हैं।

उस वक्त इलाज करवाने वालों की यही सोच होती है कि पैसा तो फिर बाद में भी आ जाएगा, लेकिन जिंदगी दोबारा नहीं मिलेगी। इसी सोच में लोग पैसा खर्च करने से भी नहीं डरते हैं। गरीब से गरीब व्यक्ति भी हर संभव कोशिश करता है कि प्राइवेट अस्पताल में जल्द से जल्द पहुंचकर बेहतर इलाज करवा सके। पैसा न होने पर कई बार गरीब लोग उधार भी ले लेते हैं जो लंबे समय तक परिजनों को परेशान करता है। जिस व्यक्ति से भी उधार लिया गया होता है वह अपना पैसा जल्द निकालने के लिए तंगी देता रहता है। सरकारें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन असल में सरकारी अस्पतालों की हालत बेहद दयनीय है। न तो सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ होता है और न ही सभी तरह की दवाएं उपलब्ध होती हैं। दवाई है तो टेस्ट नहीं होते और टेस्ट होते हैं ऑपरेशन नहीं होते। जब व्यक्ति को सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज मिलेगा ही नहीं तो वह फिर प्राइवेट अस्पतालों की शरण में जाएगा ही। चूंकि प्राइवेट अस्पतालों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाती हैं, इसलिए वह सिर्फ पैसा फेंकते हैं और अपने मरीज को जल्द ठीक करवा लेते हैं। हालांकि, प्राइवेट अस्पतालों में मरीज और उनके परिजनों को सरकारी अस्पतालों की फार्मेसी से बहुत ज्यादा महंगी दवाई और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन वह फिर भी इलाज करवाने से पीछे नहीं हटते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों के मार्फत बहुत अच्छा निर्णय सुनाया है कि वह अपने सरकारी अस्पतालों में दवाइयां और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध करवाए, ताकि मरीजों का शोषण न हो। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कई मायनों में बहुत संतोष देने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया है कि आखिर प्राइवेट अस्पतालों की लूट खसोट को नियंत्रित कैसे किया जा सकता है? कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस बाबत गाइडलाइंस बनाने के लिए कहा है जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। सुप्रीम कोर्ट लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित है तभी तो उसने इससे पहले भी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सभी राज्यों को नोटिस भेजा था और उनसे जवाब तलब किए थे जिस पर ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत और भी कई राज्यों ने अपने जवाब दाखिल किए थे। सही मायनों में अगर सुप्रीम कोर्ट इस तरह की सख्ती न करे, तो राज्य सरकारें भी ढीली पड़ी रहेंगी और लोगों की सेहत से खिलवाड़ होता रहेगा तथा वह प्राइवेट अस्पतालों से लुटने को मजबूर होते रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद आवश्यक है। संतुलित आहार में कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर शामिल होते हैं, जो शरीर की ऊर्जा और विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। नियमित व्यायाम से हृदय, मांसपेशियों और हड्डियों की मजबूती बढ़ती है, जिससे समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन और सामाजिक संबंधों का होना जरूरी है। तनाव और चिंता से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, इसलिए ध्यान, योग और गहरी सांस लेने जैसी तकनीकों से मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है बहरहाल, देखना है कि राज्य सरकारें अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर क्या निर्णय लेती हैं और इस अहम निर्णय को अक्षरश: कैसे लागू करवाती हैं, ताकि आमजन को सेहत से खिलवाड़ न हो सके । ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म अभिनेत्री


**नरगिस** रबाड़ी भारतीय फिल्म अभिनेत्री थीं, जिन्होंने दो सौ से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। ये उनके जादुई व्यक्तित्व और मधुर व्यवहार का ही असर था कि समूचा सिने जगत उन्हें प्यार और सम्मान से 'शम्मी आंटी' कहकर बुलाता था। शम्मी का जन्म गुजरात के नारगोल संजान में अपने नाना के घर हुआ था। पारसी माता-पिता की संतान शम्मी आंटी कुछ ही महीनों की थीं जब उनके पिता परिवार को साथ लेकर मुंबई चले आए थे। घर में पारसी-पुरोहित पिता और गृहिणी मां के अलावा एक बड़ी बहन मणि रबाड़ी थीं जिन्होंने आगे चलकर न सिर्फ फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में नाम कमाया, बल्कि अपनी कला के दम पर उस जमाने में राष्ट्रपति-पुरस्कार भी हासिल किया था। जब वो सिर्फ तीन साल की थीं तभी उनके पिता का देहांत हो गया। आय का कोई साधन था नहीं, इसलिए दोनों बेटियों के पालन-पोषण के लिए उनकी मां को बहुत तकलीफें सहनी पड़ीं। जब वो दोनों थोड़ी बड़ी हुईं, तो उन्हें अपनी पढ़ाई का खर्च खुद उठाने के लिए टाटा की खिलौना फैक्टरी में काम करना पड़ा। बड़ी बहन पीपुल्स थियेटर की सक्रिय सदस्या थीं, इसलिए उनके साथ नाटकों की रिहर्सल में शम्मी आंटी का भी अक्सर आना-जाना होता था, जहां उनकी मुलाकात महबूब खान के सहायक चिमनकांत गांधी से हुई थी। ■



नरगिस रबाड़ी
जन्म : 24 अप्रैल, 1929
मृत्यु : 6 मार्च, 2018

## कविता

### जिंदगी में रवानगी



वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना (हि.प्र.)

*रास्ता है दूर नहीं, मंजिल है यहीं कहीं।*
*रुकते हो क्यों यहां?*
*बढ़ाओ कदम से कदम, ऊंचे-ऊंचे से पर्वत।*
*गहरी-गहरी घाटियां, ये सुंदर सी वादियां।*
*बुला रहीं हैं तुम्हें, चलते चलो, चलते चलो।*
*राह में सब से मिलो, प्रेम करते ही चलो।*
*पा जाओगे एक दिन, मंजिल अपनी को।*
*छोड़ो अब बेकार की बातें, सर्द मौसम की ठंडी हैं रातें,*
*चलते चलो, चलते चलो बनाओ सुहावना।*
*हर एक दिन को यह मत सोचो,*
*कठिन है राह चलना ही जीवन है।*
*चलते चलो, चलते चलो।*
*मत करो किसी की परवाह,*
*चलते चलो, चलते चलो।*


**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# देश की राजनीति में ईमानदार नेताओं की कमी





पैसा बहुत है नेता बहुत है। ईमानदार नेता नहीं यह सुनकर कुछ क्षण के लिए आपको शदमा लगेगा कि एक सौ चालीस करोड़ की जनसंख्या वाले देश में एक भी नेता ईमानदार नहीं हैं। यह बात जनता नहीं पत्रकार नहीं न्यायपालिका कह रही है, बल्कि भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी कह रहे हैं और कई मंचों से कह चुके हैं। क्यों इतना दर्द है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

कारण यही है कि भ्रष्ट से भ्रष्टतम नेताओं को सत्ता का सफेद चादर डालकर उनको ईमानदारी का जो सर्टिफिकेट जारी करने का काम हो रहा है तथा इतना ही नहीं पद भी दिया जा रहा है और उपेक्षित वह हो रहा जो सालों तक बस नारा लगा रहा या दरी पार्टी के नेताओं के लिए बिछाता रहा। यह सच्चाई आज वही बोल सकता है जो ईमानदार होगा कि देश में पैसा बहुत है पर ईमानदार नेता नहीं है। भारत का राजनीतिक परिदृश्य बहुत अच्छा या बहुत खराब नहीं कहा जा सकता है। कारण कि राजनीति में दो तरह के लोग ही हमेशा रहे हैं आज भी है । पर इन दोनों के बीच एक तीसरा नेता भी आ गया है जो कभी भी कहीं भी चला जाता है। उस पर न जाने जनता और हर पार्टी के लोग कैसे विश्वास करके अपने साथ रखते हैं यह मैं अपने जीवन के साठ वर्ष पूर्ण करने के बाद भी नहीं समझ पाया कि राजनेताओं के पास कौन सा गुण है या कौन सा तंत्र विघा है या वह कौन सी अजूबी जड़ी-बूटी है जो वह हर जगह लेकर चलता है कामयाब हो जाता है। हर सरकार में सत्ता की कुर्सी मिल जाती है।

वह इतना ईमानदार कैसे होता है कि हर पार्टी के लोग उसको चाहते हैं। राजनीति में नेता ईमानदार और जनता बेईमान होती जा रही है यह एक नया शब्द गढ़ा जा रहा है। यहां तक कि सत्ता दल के एक नेता तो जनता को भीख मांगने वालीं जनता बता दिया कि जनता सत्ता से भीख मांगती है और भीख पर जी रही है। यह कहना कितना सही है उस ईमानदार नेता का समय बताएगा जब एमपी में विधान सभा का चुनाव होगा अभी तो वह मंत्री हैं ईमानदार हैं सत्ता में है। जनता सत्ता से सब कुछ लेकर भी दूसरी बार सत्ता से हटा देती है जनता बहुत ही बेईमानी कर रही है। यह आरोप है या जनता के ऊपर भरोसा नहीं रहा।

एक कहावत है कि तेंदुआ रंग नहीं बदलता है पर राजनीति के तेंदुए रंग बदल लेते हैं पर बेईमानी करना नहीं छोड़ते हैं। मैंने साठ के दशक के नेताओं को देखा नहीं न सुना। उस समय के नेता ईमानदार बताए जाते थे। बड़े बुजुर्ग कहते थे कि नब्बे प्रतिशत नेता सत्ता के हो या विपक्ष के सब ईमानदार थे। कुछ अपवाद जरूर थे जो सत्ता में रहकर धन कमा लिया पर इतना नहीं कि कई पीढ़ी उस धन का उपयोग कर सकें।

हा साठ के दशक के नेताओं में सबसे पहले नाम लाल बहादुर शास्त्री जी का आता है कि वह देश के ईमानदार नेता थे आज भी लोग उदाहरण देते हैं उनके साथ कुछ और नाम भी है जैसे संपूर्णानंद,पर दीनदयाल जी लोहिया जी जय प्रकाश जी समाजवादी नेताओं में बनारस के अखडनेता राजनरायण जी भी न अपने लिए न परिवार के लिए कुछ धन राजनीति में बटोरा है। कुछ और लोग भी हैं जैसे कामराज आदि अनेक है ईमानदार नेता जो अब धरा पर नहीं है पर नाम है उनका जीवंत। हिमाचल प्रदेश को पंजाब से अलग राज्य बनाने वाले हिमाचल निर्माता को देखा नहीं है पर पढ़ा सुना है, अगर यह कहें कि वह हिमाचल के नए गांधी थे तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी। डॉ. वाईएस परमार जी वह बहुत सरल सहज और ईमानदार नेता थे जो हिमाचल आज हम सब या दुनिया देख रही है, यह उन्हीं के मेहनत लगन ईमानदारी का परिणाम है कि हिमाचल दिख रहा है। उनके समय में उनके साथ बहुत से नेता थे जिन्होंने सत्ता में रहकर धन नहीं मान सम्मान बटोर कर रखा, जो आज भी लोगों के जहन में है जिंदा।

राजनीति में जैसे-जैसे पूंजीपतियों का लगाव बढ़ता गया, राजनीति दूषित नहीं पूर्ण रूप से प्रदूषित हो रही है। इन पूंजीपतियों ने राजनेताओं के मुंह में धन या रुपए का खून लगा दिया अपने लाभ के लिए कानून बनाने लिए तभी से राजनीति भ्रष्ट होने लगी और राजनेता चुनाव जीतने के लिए धन जनता में बांटने लगे वह यह समझ गए कि सत्ता से धन कमाया जा सकता है यह एक ऐसा व्यापार है जिसमें टैक्स नहीं देना होगा और संपत्ति खड़ी होती रहेगी। यह सब सत्तर के दशक में शुरू हो गया नेता मंत्री अपने लड़कों और अपने समर्थकों के नाम पर पहले ठेकेदारी से धन कमाने लगे, फिर उन्होंने अपने लिए वोट जुटाने के लिए गुंडे पालने लगे और फिर राजनीति में ईमानदारी का शब्द हटाया गया कि राजनीति की हमाम में सब एक साथ में है। वह सत्ता पक्ष या विपक्ष हो सब एक ही थाली के बैगन है।

बस हर बैंगन का रंग जनता को देखने के लिए अलग-अलग जैसे कोई बैगानी, कोई हरा कोई सफेद और कोई गोल होता है। उसी तरह हर नेता हैं अब जनता उनको अलग देखती पर यह जनता की दृष्टि दोष है। जिसके कारण आज देश की राजनीति में ईमादार नेता नहीं है। जनता बस आंखों पर धर्म की जाति की पार्टी की एक पट्टी बांध ली है गांधारी की तरह वह कुछ देखना नहीं चाहती है तभी देश में ईमानदार नेता नहीं है और ईमानदार कभी इस वर्तमान परिदृश्य में चुनाव जीत नहीं सकता है। जनता आंखें खोले और अब ईमानदार नेता खोजें, जिससे देश का भविष्य बने जनता सुरक्षित रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# खुशियां, मस्ती, रोमांच और उत्साह लेकर आता होली का त्योहार



होली का त्योहार खुशियां, मस्ती, रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है। रंगों के इस त्योहार को हम उत्साह में रंग खेलने और बाद में उसे छुड़ाने के साथ रंगों के कारण त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर टेंशन में रहते हैं। बाजार में बिकने वाले जिन रंगों का इस्तेमाल होता है, उनमें माइका, लेड जैसे हानिकारक रासायनिक मिले होते हैं, इससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है।



लेखिका : शहनाज हुसैन
अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ

बालों का झड़ना शुरू हो जाता है तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है। बाजार में बिकने वाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र के होते हैं, लेकिन ऐसे में रंगों से बचने के लिए आप घर पर छिप कर न बैठें। दिल खोल कर होली खेलें और हम आपको ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं जिन्हें आजमा कर रंगों से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। होली पर रंग आमतौर पर खुले में खेला जाता है, जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकारक यूवी किरणों के साथ-साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव हो जाती है। ऐसे में होली पर त्वचा की रक्षा के लिए रंग खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एसपीएफ सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोड़े, फिंसियां आदि हैं तो 20 एसपीएफ से ज्यादा दर्जे की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए।

ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क है तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें। आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें। होली खेलने से पहले बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें। इससे बालों को रंग-गुलाल की वजह से होने वाले सूखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव होगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध है। थोड़ा हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की-हल्की मालिश करें। इसके लिए आप नारियल तेल से भी बालों की मालिश कर सकते हैं। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। नाखून को होली के रंगों से बचाने के लिए नाखून पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए।

होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमे रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार-बार साफ पानी से धोएं तथा इसके बाद क्लीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले कॉटन वूल से धो डालें। आंखों के इर्द-गिर्द के क्षेत्र को हल्के-हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमे रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है।

अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठंडे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। कॉटन वूल पैड को इस मिश्रण में डुबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाएं। शरीर से रासायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रासायनिक रंग हट जाएंगे, बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी। तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वॉश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी। यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाएगी। होली के बाद के दिनों में अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड़ दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराइए, इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घंटा बाद बालों को साफ ताजा पानी से धो डालिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आज** हर पार्टी सत्ता पाने के लिए आम जनता को 'भिखारी' बना रही है। लोग नेता को देख कर अपने कागज आगे बढ़ाने लगते हैं, मांगें करने लगते हैं, बच्चे के लिए नौकरी मांगने लगते हैं। ऐसा लगता है मानो जनता भिखारी बन भीख मांग रही हो। संदर्भ कुछ भी हो या मंत्री की मन:स्थिति ठीक न हो, लेकिन असल भिखारी तो नेता-मंत्री ही होते हैं, जो चुनाव के दौरान एक-एक वोट के लिए जनता से गुहार करते हैं। यदि वह आम आदमी की बात नहीं सुनेंगे और उसकी मांग पूरी करने की कोशिश नहीं करेंगे, तो वह सत्ता में क्यों हैं? क्या जनता उनकी आरती उतारे? लोकतंत्र में बुनियादी ताकत जनता में ही निहित है, जिसका मताधिकार विधायक-सांसद चुनता है। बाद में वे सरकार में मंत्री पद हासिल करते हैं। वहां से उन्हें राज्य की राजनीति में लाया गया। संभव है कि वह कुंठा आज भी उनके भीतर जमा हो। लोकतंत्र में चुने हुए चेहरे 'जनसेवक' कहलाते हैं।

**अनिकेत बंडी ( शाहपुर )**

# संगत, सहयोग और सुविचार ही नशा मुक्ति का आधार

नशे की चपेट में आए पंजाब को लेकर उड़ता पंजाब काफी चर्चा में रहा। जब उड़ता पंजाब चर्चा में था तो हिमाचल लगभग चिट्ठे की चपेट से बेखबर था, परंतु किसको मालूम था कि बहुत जल्द हिमाचल बर्फ की सफेदी की जगह चिट्ठे की सफेदी के लिए सुर्खियों में रहेगा। बीते दिनों एक समाचार पत्र ने एक महीने में चिट्ठे से 22 मौतों की खबर छापी तो दिल टूट गया अगले ही दिन खबर आई कि बेटे ने मां को चिट्टे की लत लगा दी, तो लगा हे ईश्वर पंजाब तो उड़ रहा था पर यहां तो पहाड़ टूट रहा है। प्रकृति के बेरुखी ने पहाड़ों को बर्फ से महरूम कर दिया है और मौत के सौदागर खुलकर चिट्टे की सफेद बर्फ गिराकर कितनी जिंदगियों को हमेशा के लिए सफेद चादर में लपेट रहे हैं।



लेखक : अजय श्याम
भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

कुछ दिनों पूर्व ही जिला शिमला में चिट्टा तस्करों के गिरोह शाही महात्मा गैंग एवं संदीप शाह गिरोह का पर्दाफाश हुआ एवं मेरे क्षेत्र शिलारू से भी संदीप शाह गैंग के गुर्गों को गिरफ्त में लिया गया। लोग हैरान थे कि कैसे संभ्रांत परिवारों के मासूम से दिखने वाले बच्चे ड्रग पैडलर के हाथों के खिलौने बन गए हैं।

मैं व्यक्तिगत तौर पर नशे के सौदागरों को दबोचने के शिमला पुलिस विशेषकर पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं जिन्होंने इन शातिर गिरोह का भंडाफोड़ कर हजारों कीमती नौजवानों का भविष्य बचाने का काम किया। जिस गति के साथ आज चिट्टे का अवैध कारोबार बढ़ रहा है निश्चित तौर पर ये चिंताजनक है। नौजवानों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ के अतिरिक्त नशा समाज में संगठित एवं अमानवीय अपराधों को भी जन्म दे रहा है। लूट डकैती चोरी बलात्कार मारपीट को जन्म देने में नशा उत्प्रेरक का काम करता है। राजनीतिक संगठनों, एनजीओ एवं सामाजिक संगठनों के लिए नशा उन्मूलन एक कार्यक्रम जरूर बन गया है, परंतु नशे के चलन में इन संगठनों की रस्मपूर्ति मात्र



भाषणों चर्चाओं एवं वाद-विवाद तक सीमित है। वास्तव में नशा उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी परिवार एवं तदोपरांत परिवेश एवं समाज है।परिवार के स्तर पर यदि शीर्षक वर्णित पांच क्रमशः समय, संबंध संगत सहयोग एवं सुविचार का सुव्यवस्थित उपयोग किया जाए, तो काफी हद तक नशा उन्मूलन में कामयाबी मिल सकती है। सर्वप्रथम हम समय की चर्चा करें, तो समय से यहां तात्पर्य समय के प्रबंधन से है। हम जानते हैं कि अधिकांश छात्र एवं किशोर नशे की चपेट में आते हैं। ऐसे में परिवार अथवा अभिभावकों का दायित्व है कि बच्चों के समय का मिनट टू मिनट प्रबंधन किया जाए एवं समय नियोजन में उनके लिए बाहर जाने एवं नजर से दूर रहने का कोई भी अवसर न दें, समय प्रबंधन एवं निगरानी में तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरा यहां संबंध से है, आज समय आ गया है कि संबंधों की समीक्षा की जाए। बदलते माहौल में संबंधों को पुनर्भाषित करने एवं अपने पराए को जानना बच्चों से ज्यादा अभिभावकों के लिए आवश्यक हो गया है।

आपाधापी के इस दौर अपने पराए का भेद मिटाकर हम बच्चों के जीवन में अनावश्यक संबंधों को प्रवेश की इजाजत दे रहे हैं। अधिकांश यह देखा जा रहा है कि अपना अपना पराया पराय वाला मुहावरा केवल किताबों तक सीमित है एवं परिस्थितिजन्य रिश्तों ने खूनी रिश्तों की जगह ले ली है जिसके प्रतिकूल प्रभाव अबोध बच्चों पर पड़ रहे हैं। न जाने आज कितने ही कान्हा स्वरूप बच्चे परिस्थितिजन्य पूतना के हवाले कर दिए जा रहे हैं जो विषैला दूध पिलाने के लिए आतुर है। तीसरा यहां संगत से है अभिभावकों की व्यस्तता के चलते बच्चों की संगत पर निगरानी का तंत्र कमजोर है बचपन में एक कहानी पढ़ाई जाती थी कि एक सड़ा फल अनेक साफ फलों को सड़ा देता है।

आज के परिवेश में न जाने कितने नशेड़ी बच्चे हैं जो समाज में घूम-घूमकर अबोध बच्चों को संगत में लाकर नशे की एक श्रृंखला खड़ी कर रहे हैं। चौथा यहां सहयोग है जिसका तात्पर्य है सरकार द्वारा नियुक्त संस्थाओं का सहयोग। हम सबका दायित्व है कि सरकारी निगरानी तंत्र की विफलता की समीक्षा करें, एवं सूचना सतर्कता के अभाव में सरकारी एजेंसियों का निडर होकर सहयोग करें। जब भी किसी अवैध अथवा संदिग्ध गतिविधि को नोटिस किया जाए। सार संक्षेप में यही कहना चाहूंगा कि सवारी अपने सामान की स्वयं जिम्मेदार है अर्थात अभिभावकों को स्वयं सतर्कता के साथ द्वार पर पहुंची पूतना के विष से अपने कान्हा बचाने होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महापुरुष ब्रह्म ज्ञान की रोशनी से सबको करते हैं आलोकित

फूलों की महक ही वातावरण को खुशनुमा व सुंदर बनाती है। इसी प्रकार संत भी अपनी दिव्यवाणी से संसार को खुशनुमा बना देते हैं। जहां-जहां फूल खिले होते हैं उधर से जो भी गुजरता है वहां महक को अनुभव करता हुआ अपने-आप को आनंदित महसूस करता है।



लेखक : हीरा सिंह कौशल
गांव महादेव, सुंदरनगर (मंडी)

इसी प्रकार ब्रह्म ज्ञानी महात्मा के पास से जो भी गुजरता है वह भी वहां से आनंद प्राप्त करता हुआ आनंदित हो जाता है। फूल हर समय खुशबू छोड़ते हुए पूरे संसार में खुशबू फैलाते हैं। इसी प्रकार संत-महापुरुष इस ब्रह्म ज्ञान की रोशनी से सबको आलोकित करते हैं। बगीचे में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिलते हुए वहां महक फैलाते हुए वातावरण को सुगंधित करते हैं। इसी प्रकार सत्संग रूपी बगिया में विभिन्न धर्मों, जातियों, संप्रदाय के सुंदर-सुंदर ब्रह्म ज्ञानी महापुरुष अपने सद्कर्मों से इस भौतिक संसार में खुशबू विखेरेते हैं। संत कबीर ने भी संतजनों की संगत के बारे में कहते हैं कि- 'कबीरा संगत साधू की, निष्फल कभी न होय। होगी चंदन बासना, नीम न कह सी होय।' कबीर जी कहते हैं कि संतजनों का संग कभी भी निष्फल नहीं होता अर्थात बिना फल के नहीं होता।



जिस प्रकार मलयगिरि चंदन की सुगंधि से नीम के पेड़ को नीम नहीं कहता अपितु वह नीम भी चंदन की खुशबू छोड़ता है। इसी प्रकार सत्संग रूपी बगीचे के मालिक सतगुरु सुदीक्षा संविदर हरदेव जी महाराज के सानिध्य में आ जाने से तथा ब्रह्म ज्ञान पाने से जिस रूह में कभी विचार रूपी कांटों की झाड़ी थी।

वह फूलों का गुलदस्ता बनकर अपने सद्कर्मों से संसार में प्रेममयी खुशबू फैला रही है। अपने कर्मों की सकारात्मक ऊर्जा से लोगों में ब्रह्म ज्ञान का प्रकाश फैला रही है। सत्संग की बगिया में समर्पण, श्रद्धा, विश्वास, भक्ति रूपी फूल जब महकते हैं तो आत्मा संतोष व आनंद के हिलोरे लेने लगती तथा इस परमसत्ता का अहसास करती हुई अपनी मकसद अर्थात मुक्ति की ओर बढ़ती है।

संत सत्संग रूपी फूल होते हैं वह हमेशा हर समय अपने सतगुरु के वचनरूपी अमृत का पान करके अर्थात उन पर अमल करके अपने को पोषित करके सत्संग की बगिया में महकते हुए सर्वत्र सुगंध बिखेरेते हैं, क्योंकि सत्संग ही ऐसी बगिया है जिससे इस निरंकार के प्रति यकीदा मजबूत होता है।

जो मन अहंकारी होता है अपने आप को बड़ा मानता है उनकी स्थिति उस गांठदार, पोले, नीरस बांस के समान होती है जो निरंतर चंदन के वृक्ष के साथ रहने पर भी उसकी सुंगधि ग्रहण नहीं कर पाता। इसी तरह अहंकारी मनुष्य भी महापुरुषों के साथ रहने सत्संग रूपी फूलों की महक ग्रहण नहीं कर पाता।

इसी प्रकार साधारण सा व विनम्र मनुष्य साधुजनों के साथ रहने पर फूल रूपी सत्संगी विचारों को अपना कर अपने जीवन को महान बना देते हैं और संसार रहते हुए अध्यात्मिक आनंद लेते हुए मोक्ष की तरफ अपना कदम बढ़ाते हैं। इसी प्रकार सत्संग रूपी बगिया में विभिन्न धर्मों, जातियों, संप्रदाय के सुंदर-सुंदर ब्रह्म ज्ञानी महापुरुष अपने सद्कर्मों से इस भौतिक संसार में खुशबू विखेरेते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चौहटा की जातर के बाद अपने मूल स्थान लौटे देवी-देवता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी शहर के अधिष्ठाता बाबा भूतनाथ के प्रांगण चौहटा की जातर के बाद काशी अंतरराष्ट्रीय मंडी महाशिवरात्रि में आए देवी-देवता वापस अपने गांव लौट गए हैं। सात दिन तक जनपद के देवी-देवताओं के आने से छोटी काशी देवमयी हो उठी थी। देवताओं के जाने से मंडी नगर में एक उदासी का सा माहौल बरप गया है।

जनपद के देवता साल में एक बार शिवरात्रि के दौरान मंडी वासियों के मेहमान बनकर आते हैं। ढोल नगाड़ों, करनाल, शहनाई और रणसिंगों के समवेत स्वरों से मंडी शहर एक सप्ताह तक गुंजायमान रहा। अब देवताओं के अपने गांव लौटते ही सब सूना-सूना लगने लगता है। देवताओं के बिना जातर का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। बुधवार को चौहटा की जातर में देवताओं का दरबार सजा तो भारी भीड़ उनके दर्शनों के लिए उमड़ पड़ी। अपने परिजनों की तरह देवी देवता भी एक दूसरे से मिलकर एक साल के लिए जुदा हुए। अगले साल फिर मिलेंगे इस वादे के साथ जनपद के देवी-देवता जुदा हुए। जनपद के बड़ादेव कमरूनाग भी टारना मंदिर का अपना आसन छोड़ कर मंडी शहर में पहुंचे और बड़ा देओ से मिलकर देवता वापस अपने-अपने गांव के लिए रवाना हो गए। बुधवार सुबह से ही चौहटा बाजार में अंतिम जातर के लिए देवी-देवता बैठने शुरू हो गए थे।

वहीं पर मेला कमेटी के अध्यक्ष उपायुक्त अपूर्व देवगन ने राजराजेश्वरी के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद चौहटा की जातर में पधारे देवी-देवताओं को चदरें और पूजा सामग्री भेंट की। इस दौरान चौहटा बाजार में देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते यहां पर तिल धरने की जगह नहीं थी।

**चौहटा की जातर में देवताओं का सजा दरबार**


चौहटा की जातर के बाद एक-दूसरे से मिलकर वापस लौटते देवता।

## विशेष देव विधि से मंडी शहर में बांधी कार

**मंडी।** देवभूमि हिमाचल की संस्कृति और परंपराएं अपने आप में अनूठी होने के साथ-साथ रहस्यों से भरी हैं। छोटी काशी मंडी के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में आज अंतिम दिन मंडी जिला के दरंग के टिहरी उत्तरशाल के देव आदि ब्रह्मा ने अपने गुर (पुजारी) के माध्यम से मंडी शहर की सुरक्षा का वादा करते हुए शहरवासियों को आशीर्वाद दिया। देव आदि ब्रह्मा के गुर और देवलुओं ने सैकड़ों भक्तों के साथ जौ के आटे को हवा में उछालते हुए मंडी शहर की परिक्रमा कर सुरक्षा कवच बांधते हुए अनूठी परंपरा का निर्वहन किया। वहीं इस विशेष देव विधि को देखने के लिए भक्त देश के कोने-कोने से अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन मंडी पहुंचे। इसका आयोजन सिद्ध काली मंदिर से शुरू होकर ऐतिहासिक सेरी मंच तक किया गया। इस दौरान देव आदि ब्रह्मा ने लोगों की सभी तरह की बीमारियों और आसुरी शक्तियों से रक्षा करने को लेकर पूरे वर्ष का वचन भी दिया। देवता के गुर ने तलवार के साथ देव नृत्य भी किया। देवता का रथ परिक्रमा के बाद दो घंटे तक चानणी में विराजमान रहा। देव आदि ब्रह्मा शिवरात्रि महोत्सव के समापन के बाद अपने क्षेत्र के लिए रवाना होंगे।


शहर की खुशहाली के लिए कार बांधता आदि ब्रह्मा देवता का रथ व नाचते देवलू।

## महाशिवरात्रि में देव कृपा


चुंजवाला महादेव, गढ़ बागीथाच, वांश व निरमंड।


श्रीदेव गणपति, जलौणी सनौर


देव खुडीजहल कुल्लू


मगरू महादेव छतरी।



बड़ा देव श्री हुरंग नारायण, चौहार घाटी।


नाग चपलान्दू, मानगढ़ छतरी।

# मंडी के गुलशन गर्ग बने वॉयस ऑफ शिवरात्रि



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मंगलवार को आयोजित वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता में मंडी के गुलशन गर्ग वॉयस ऑफ शिवरात्रि चुने गए। उन्हें महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने 51,000 रुपए प्रदान कर सम्मानित किया।

गुलशन गांव कंदार सलापड़ जिला मंडी के रहने वाले हैं। प्रतियोगिता में पहले उप विजेता लुधियाना पंजाब के विकास विके रहे। उन्हें 31,000 रुपये प्रदान कर सम्मानित किया गया। दूसरे उप विजेता गांव डमील पांगणा करसोग जिला मंडी के आनंद कुमार रहे। उन्हें 21,000 की ईनामी राशि प्रदान की गई। बेस्ट स्टेज परफार्मर शिमला के शुभम चोपड़ा चुने गए और यूनिक वॉयस में जोगिन्द्रनगर की रागिनी चुनी गई। वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता तीन राउंड में करवाई गई। पहला राउंड बॉलीवुड सांग, दूसरा राउंड फोक या भक्ति और तीसरा राउंड फ्यूजन सेमी क्लासिक निर्धारित था। विजेता गुलशन ने पहले राउंड बॉलीवुड गीत रमता जोगी गीत गाया। दूसरा राउंड में पहाड़ी गीत चल मेरी जिंदे नई दुनिया बसाणी गाया और फ्यूजन या सेमी क्लासिक के तीसरे राउंड में सांबरे तोरे बिन जिया न जाए गाया।

निर्णायक मंडल में सहायक प्रो. डिग्री कॉलेज सुजानपुर से डॉ. उमा, सहायक प्रो. डिग्री कॉलेज कोटसेरा से डॉ. हेमराज चंदेल, सहायक प्रो.डॉ. मनोहर और बालीवुड सिंगर अरविंद सिंह राजपुत शामिल थे। वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता एडीसी एवं सांस्कृतिक उप समिति के अध्यक्ष रोहित राठौर की देखरेख में आयोजित किया गया।

## राज्यपाल ने नशे के दुरुपयोग पर आधारित लघु फिल्म की जारी

**मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा केमिकल नशे चिट्टा के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए, एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल के अंतर्गत चिट्टा के खतरों और इसके नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक हानियों के बारे में जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष गीत चिट्टा का निर्माण किया गया है।

गीत चिट्टा को महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला द्वारा अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान विधिवत रूप से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने नशे के खिलाफ सामाजिक जागरूकता अभियान को गति देने के लिए नगर निगम की ओर से निरंतर प्रयासों को साझा किया, जबकि महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को इस जाल से बचने के लिए प्रेरित किया।

## राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय महोत्सव की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में लिया भाग



**मंडी।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंगलवार को पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उनके साथ उपस्थित रहीं। विधायक एवं अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव समिति की आम सभा के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने राज्यपाल को भूतनाथ मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने राज्यपाल एवं लेडी गवर्नर को हिमाचली शॉल एवं टोपी भेंट कर सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की आखिरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कजाखस्थान के कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा द्रंग मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**कविता, पधर।** भाजपा दरंग मंडल अध्यक्ष राजू ठाकुर ने सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की है, जिसमें पवन कुमार, कमला देवी, लाभ सिंह, बाले राम तथा कमलेश कुमार को उपाध्यक्ष, उपदेश ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर को मंडल महामंत्री, गगन वैद्य को कोषाध्यकक्ष, जगदीश कुमार को मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता राजेश ठाकुर , सीता राम, दौलत राम, पन्नया देवी, जयवंती ठाकुर , रजनी देवी को सचिव, भवन देव को कार्यालय सचिव, तेज राम को आईटी संयोजक, राज कुमार (बथेरी) को आईटी सह-संयोजक, अनिल जमवाल सोशल मीडिया संयोजक, डिंपल कुमारी को सोशल मीडिया सह-संयोजक तथा ब्रेसतू राम, कुलदीप, बुद्धि सिंह, सरनपत, बलदेव ठाकुर , लेख राज, अजय शर्मा, दुनी चंद, मनोरमा देवी, रैना देवी, सुनीता देवी, सविता , नीला देवी, सुनीता देवी, गुरदेव, इंद्रा देवी, शाली, प्रीतम, मनोज ठाकुर, हीरा लाल , कुलदीप, खिमे राम, दीना नाथ, राम सिंह, डागी राम, हंस राज, सीमा देवी, जया कुमारी, गीता देवी, युवा वती, ज्योति, नवीन कुमार तथा प्रियंका को सदस्य नियुक्त किया गया। वहीं विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, रणवीर सिंह सेन, मान सिंह, कृष्ण चंद शर्मा, बीरी सिंह, चैना राम, भूप सिंह, मनोहर लाल, धन देव तथा डोला राम को विशेष आमंत्रित सदस्य, पदम सिंह, प्रेम सिंह, छप्पे राम, खिमे राम ठाकुर, नरपत सिंह को स्थायी आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया।(अनंत ज्ञान)

### 9 को पधर में प्रदर्शन करेंगे प्राइमरी अध्यापक

**अनंत ज्ञान, पधर।** प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग में प्रस्तावित पुनर्गठन के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग के शिक्षक 9 मार्च को पधर उपमंडल मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। संघ के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि सरकार द्वारा प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक एक ही शिक्षा निदेशालय गठित करने के निर्णय का प्राथमिक शिक्षक संघ पुरजोर विरोध कर रहा है। गत रविवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय बैठक वर्चुअल माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सरकार की इस अनदेखी के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग-द्वितीय के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर ने घोषणा की कि 9 मार्च को संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपमंडल मुख्यालय पधर में रोष प्रदर्शन करेंगे।

### विद्यार्थियों को रोजगार अवसरों पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर में करियर गाइडेंस काउंसिल एंड प्लेसमेंट सैल ने द्वारा जॉब कोच कंपनी के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत करियर गाइडेंस/काउंसिल एंड प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर विवेकानंद शर्मा के द्वारा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन के लिए जॉब कोच कंपनी और प्लेसमेंट सेल की सराहना की। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर एमएल साहनी (डायरेक्टर, कॉर्पोरेट रिलेशंस, जॉब कोच), एचआर राजीव नय्यर और प्रबंधकीय प्रतिनिधि प्रकाश चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रोफेसर साहनी एवं नय्यर ने छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें भविष्य में रोजगार के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

### विनोद ठाकुर के घर पहुंचे अनुराग ठाकुर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने टिहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद ठाकुर के घर अवाहदेवी में जाकर उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। ज्ञात रहे की गत दिन विनोद ठाकुर की माता जी की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। इस कड़ी में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री ने विनोद ठाकुर तथा परिवार के प्रति उन्हें धाडसं बंधाया।

### राजीव गांधी महाविद्यालय में रोजगार मेला 7 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 7 मार्च को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में लगभग 10 प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी, जो 700 से अधिक रिक्त पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगी। मेले में भाग लेने के इच्छुक छात्र अपना रिज्यूम, मोबाइल फोन या लैपटॉप साथ लेकर आएं। रजिस्ट्रेशन सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस मौके का पूरा फायदा उठाएं और अपने सुनहरे करियर की दिशा में पहला कदम बढ़ाएं।

# राज्यपाल को मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि आए महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मंडी जिला में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा सेंट्रल जोन मंडी में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर जनता को ठगा गया है। पूर्व जयराम सरकार के नेतृत्व में ड्रीम प्रोजेक्ट का दिलासा देकर पर्यटन के क्षेत्र में जन भावनाओं को ठेस लगी है।

महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने महामहिम राज्यपाल के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री मोदी को इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण हेतु बजट मुहैया करवाने की गुहार लगाई है। इसके अलावा सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी के चहुंमुखी विकास के लिए भारत सरकार से अनुदान राशि मुहैया करवाने के लिए मांग उठाई है। चमन राही ने कहा कि भारत सरकार के सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा रिहायशी वाल्मीकि समुदाय बस्तियों के लिए रिहायशी मकान बनाने के लिए नगर निगम मंडी व प्रदेश के अन्य नगर निगमों को जो पैसा आना था उसका हेड चेंज करके हिमाचल में पैसा भेजने की बजाय चंडीगढ़ में खत्म कर दिया। हम मांग करते हैं कि मंडी का जो पैसा बनता है उसको यहां भेजा जाए, ताकि वाल्मीकि समुदाय को मंडी जिला में रिहायशी मकान बनाने में इसका लाभ मिल सके।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में करें लंबित चालानों का भुगतान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में लंबित वाहनों के चालान का भुगतान किया जा सकता है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी गिरीश समरा ने दी।

8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर मंडी में भी अदालत लगेगी, जिसमें क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी द्वारा चालानों का भुगतान मौके पर किया जाएगा। जिन वाहन मालिकों के चालान क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मंडी में लंबित हैं, वे 8 मार्च को कर सकते हैं।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में होगी बहु-स्तरीय कौशल प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देशों के तहत राज्य के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में बहु-स्तरीय कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता संस्थान, जिला और राज्य स्तर पर होगी।

संस्थान स्तरीय कौशल परीक्षा से पहले प्रशिक्षुओं के चयन के लिए प्रारंभिक परीक्षा होगी। जोगिंद्रनगर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में यह परीक्षा 7 मार्च 2025 को सुबह 10:30 से 11:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होगी, जिसमें 50 में से न्यूनतम 30 अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु अगली चरण की परीक्षा में भाग ले सकेंगे।

संस्थान स्तर पर कौशल परीक्षा 10 मार्च 2025 को होगी, जिसमें प्रशिक्षुओं की तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा।

# संधोल में पटवारियों की हड़ताल से छात्र और बेरोजगार युवा परेशान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

पिछले करीब एक हफ्ते से चल रही पटवारियों की हड़ताल से विभिन्न कोर्स करने के इच्छुक छात्र और बेरोजगार युवा वर्ग जो नौकरी तथा अन्य स्थान पर हिमाचली प्रमाण पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, कृषि प्रमाण पत्र इत्यादि बनवाने के लिए परेशान हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग के तहत कार्यरत पटवारी एवं कानूनगो को जिला से स्टेट कैडर किए जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय के खिलाफ कानूनगो एवं पटवारियों का अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल को सात दिन हो गए हैं, हड़ताल के चलते मंडी जिला के संधोल तहसील कार्यालय में आज भी कई सेवाएं बाधित रही व पेन डाउन हड़ताल के कारण तहसील परिसर खाली नजर आए।

आजकल नीट यूजी के पेपर भरे जा रहे है जिसके लिए पटवारी की रिपोर्ट आवश्यक होती है। उपमंडल अधिकारी धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि पटवारियों के साथ बैठक कर समाधान निकलने का प्रयास कर रहे है।

## डबरोग में श्रीमद् भागवत कथा 30 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** माता नैणा देवी मंदिर डबरोग के द्वार पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। मंदिर समिति डबरोग एवं समस्त गांववासियों के सहयोग से चैत्र नवरात्र पर्व पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 30 मार्च 2025 से लेकर 7 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है 7 अप्रैल 2025 रामनवमी को भंडारा है।

कथा व्यास आचार्य सुमित कुमार शर्मा तहसील घुमारवीं वाले होंगे। यह जानकारी मंदिर प्रधान राज कुमार शर्मा ने प्रदान की। उन्होंने आग्रह किया कि यह धार्मिक उत्सव स्वयं को जानने और मन के संतापों को दूर करने का सुअवसर है।

# नवोदय विद्यालय पंडोह के बच्चों ने किया दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह जिला मंडी के छात्रों ने मंडी के बिंदरावणी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण किया व समूचे हिमाचल प्रदेश के बारे में एक ही छत के नीचे उपयोगी जानकारी हासिल की। विद्यालय के ये 39 छात्र छात्राएं अपने दो शिक्षकों के साथ शैक्षणिक भ्रमण के लिए यहां पर पहुंचे थे। विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें कुछ ही समय में पूरे हिमाचल के बारे में पूरी जानकारी मिल गई है ।


फोटो गैलरी में हिमाचल दर्शन करने के बाद मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

## हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग की बैठक 8 को

**कविता, पधर।** हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग खंड की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 8 मार्च को वन विश्राम गृह, द्रंग में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता खंड अध्यक्ष एमसी चौहान करेंगे।

संघ के प्रेस सचिव, गोलक चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं, भत्तों, सुविधाओं और अन्य आवश्यक मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही, संघ में नए सदस्यों का पंजीकरण भी किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक पेंशनधारक संघ की गतिविधियों से जुड़ सकें और अपनी समस्याओं को उचित मंच पर रख सकें।

**रोष** बकाया वेतन और प्रमोशन की उठाई मांग, सड़कों पर उतरने की चेतावनी

# बस डिपो परिचालकों का हल्लाबोल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हिमाचल पथ परिवहन निगम के जोगिंद्रनगर बस डिपो के परिचालकों ने बस स्टैंड के बाहर वेतन विसंगति, एरियर भुगतान और प्रमोशन की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों को पूरा करने की मांग उठाई।

परिचालक संघ के प्रधान विजय कुमार ने बताया कि 2016 से 2025 तक के पे स्केल एरियर का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, जिससे परिचालकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, 2019 से वेतन विसंगति बनी हुई है, जिससे वेतन वृद्धि के लाभ से कर्मचारी वंचित हैं। विजय कुमार ने बताया कि परिचालकों और चालकों को नाइट ओवरटाइम का भुगतान लगभग 15 लाख रुपए किया जाना बाकी है, जो पिछले 65 दिनों से पेंडिंग पड़ा है।

इस दौरान कर्मचारियों का कहना है कि वे दिन-रात अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा, जिससे उनके घर का बजट बिगड़ रहा है।

### प्रमोशन की राह में अड़चनें निगम पर लापरवाही का आरोप

**संघ** के अध्यक्ष ने बताया कि निगम में चालक और परिचालकों के प्रमोशन फाइलों में ही अटके पड़े हैं। कई कर्मचारियों का प्रमोशन समय पूरा होने के बावजूद अब तक नहीं हुआ है, जिससे उनका करियर प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के कारण कर्मचारियों को बार-बार सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### सरकार को अल्टीमेटम, नहीं मानी मांगें तो होगा आंदोलन

**परिचालक** संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अगली बार वे प्रदेश स्तर पर बड़े प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करेंगे और सरकार को सड़क पर उतरकर अपनी ताकत दिखाएंगे। परिचालकों ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार करेगी और बकाया भुगतान तथा प्रमोशन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि उन्हें बार-बार सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन न करना पड़े।

# पेंशन न मिलने से पेंशनर्स नाराज सरकार को प्रदर्शन की चेतावनी



अभिषेक, जोगिंद्रनगर

आंचल पेंशनर्स संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में भाषा अध्यापक केहर सिंह ठाकुर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में पेंशनर्स ने सरकार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की बेरुखी के कारण पेंशनरों में भारी आक्रोश है और अब वे बड़ा कदम उठाने को बाध्य हो रहे हैं। संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री ने कहा कि पेंशनरों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे ।(अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मंत्री ने पत्रकार संगठन को दी खेल किट



**विनोद शर्मा, लठियाणी।** हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, बंगाणा इकाई को खेल किट भेंट की। हिमाचल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोगेंद्र देव आर्य को भेंट की गई। उन्होंने इस पहल की सराहना की। इस दौरान पत्रकारिता और खेल के बीच समन्वय को मजबूत करने पर गहन विचार|विमर्श किया गया। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि मीडिया के माध्यम से ही खेल और खिलाड़ियों की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाई जाती हैं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोद शर्मा, जितेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा कुटलैहड़ सेवा संगठन के चरणजीत शर्मा और रमेश शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने चिंतपूर्णी में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना कराई। पूजा-अर्चना करने के पश्चात माता की चुनरी और सिरोपा भेट स्वरूप दिया।इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व एमएलए बलवीर सिंह चौधरी, प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, जिला परिषद सदस्य सुशील कालिया, भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मन्हास, निरंजन कालिया सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### फ्लाइंग स्क्वायड ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं में उड़नदस्ते भी सक्रिय हैं। बुधवार को बाहरवी कक्षा की भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा में शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा क्वालिटी कंट्रोल जिला ऊना नीलम की अध्यक्षता में गठित फ्लाइंग स्क्वायड की टीम में प्रवक्ता डॉ. किशोरी लाल शर्मा, सुनीता टीजीटी एवं बोधराज डीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समूरकलां, बौल, अंबेहड़ा, चौकिमीनार, स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमनियार में परीक्षा केंद्र को जांच की। इसके अलावा स्कूलों में सीसीटीवी फुटेज को देखा और पाया कि परीक्षाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। जहां कमियां पाई गई, वहां परीक्षा समन्वयक को सुधार करने के लिए निर्देश दिए गए।

### पूर्व जिप उपाध्यक्ष ने 41वीं बार किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** समाज सेवा में अग्रसर मानव सेवा समिति खुरवाई द्वारा स्थानीय सामुदायिक भवन में आयोजित चौथे रक्तदान शिविर में जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं स्थानीय जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए 41वीं बार तो उनके बेटे राहुल शर्मा ने नौवीं बार रक्तदान किया। उनका यह समर्पण रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों की मदद करने के उद्देश्य से किया गया। रक्तदान के बाद कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि रक्त दान से बढ़कर कोई दान नहीं है। यह न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को भी मजबूत करता है।' उन्होंने युवाओं से भी रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। उनके इस नेक कार्य से प्रेरित होकर कई अन्य लोगों ने भी रक्तदान करने का संकल्प लिया।

## नशे के खिलाफ कसी जाएगी नकेल : शर्मा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी थाने के नए एसएचओ जयराम शर्मा ने अपने पहले दिन ही स्पष्ट कर दिया है कि नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



इससे पहले, एसएचओ जयराम शर्मा ने चिंतपूर्णी मंदिर में माता रानी का आशीर्वाद लिया और उसके बाद थाने में अपनी ड्यूटी ज्वाइन की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चिंतपूर्णी एक धार्मिक स्थल है और यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी तरह की ट्रैफिक समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि मंदिर के आसपास छोटे बच्चे अगर भीख मांगने का काम कर रहे हैं, तो इन बच्चों के अभिभावकों को थाने में बुलाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ जयराम शर्मा के इस फैसले से चिंतपूर्णी क्षेत्र में नशे के खिलाफ लड़ाई में एक नई उम्मीद जगी है।

# सैकड़ों ने दी जिया को अंतिम विदाई

## टांडा अस्पताल में मेडिकल बोर्ड ने किया शव का पोस्टमार्टम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हरदीप उर्फ जिया के शव का बुधवार को उसके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैकड़ों की संख्या में वहां मौजूद लोगों ने नम आंखों के साथ उसे विदाई दी। इससे पहले जिया के शव का टांडा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया गया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

ऊना के अरनियाला से 23 फरवरी को हरदीप उर्फ जिया का अपहरण हो गया था। इसमें उसकी पूर्व प्रेमिका मुख्य सूत्रधार थी। उसने जिया को धोखे से बुलाया था और अपने नए मित्र और इसके दोस्तों के साथ जिया को मौत के घाट उतार दिया। हालांकि उन्होंने जिया को अपनी तरफ से मौत देकर नहर में फेंक दिया था, लेकिन जिया के शव की स्थिति ने स्थिति को पलटकर रख दिया। करीब दस दिन के बाद नहर ने जिया के शव को उगला तो कई सवाल खड़े हो गए। इससे ऐसे भी क्यास लगाए जाने लगे कि जिया को जब आरोपितों ने नहर में फेंका था तो उसकी धड़कन चल रही थी। हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ही करेगी। बुधवार को सुबह जिया के शव को टांडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था, जहां चिकित्सकों के बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया और कई सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। हालांकि विस्तृत रिपोर्ट बाद में आएगी। शव को बाद दोपहर घर पहुंचाया गया, जहां माहौल बहुत ही गमगीन हो गया। सैकड़ों लोगों और उसके दोस्तों ने जिया को अश्रुपूर्ण अंतिम विदाई दी। इस मामले में एसपी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि जिया की मौत के स्पष्ट कारण को लेकर पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## संस्थान से घर वापस आ रही किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में गायब

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के चलेट गांव की एक किशोरी के शिक्षण संस्थान से घर वापस आते समय रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो जाने से खलबली मच गई है। हाल ही में ऊना उपमंडल के एक युवक के अपहरण के बाद की गई नृशंस हत्या के चलते पुलिस भी किशोरी के मामले को गंभीरता से ले रही है।

किशोरी की पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के पिता द्वारा दौलतपुर पुलिस चौकी में दी गई शिकायत में कहा है कि उसकी बेटी भदसाली के एस शिक्षण संस्थान में नर्सिंग का कोर्स कर रही है। तीन मार्च को उसने शिक्षण संस्थान में बताया कि वह बीमार है और घर जा रही है, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। उन्होंने अपने सारे रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चला। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ऊना उपमंडल के अरनियाला का एक युवक अचानक गायब हो गया। उसके बाद उसके अपहरण का एक वीडियो वायरल हुआ और इस मामले में बाद में खुलासा हुआ कि युवक की नृशंस हत्या कर दी गई है। यही वजह है कि इस मामले को लेकर पुलिस गंभीर है और पुलिस ने इस बावत अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अपहरण का मामला दर्ज किया है और किशोरी की तलाश सरगर्मी से जारी है।

## फ्लाइंग स्क्वायड ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं में उड़नदस्ते भी सक्रिय हैं। बुधवार को बाहरवी कक्षा की भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा में शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा क्वालिटी कंट्रोल जिला ऊना नीलम की अध्यक्षता में गठित फ्लाइंग स्क्वायड की टीम में प्रवक्ता डॉ. किशोरी लाल शर्मा, सुनीता टीजीटी एवं बोधराज डीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समूरकलां, बौल, अंबेहड़ा, चौकिमीनार, स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमनियार में परीक्षा केंद्र को जांच की।

इसके अलावा स्कूलों में सीसीटीवी फुटेज को देखा और पाया कि परीक्षाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। जहां कमियां पाई गई, वहां परीक्षा समन्वयक को सुधार करने के लिए निर्देश दिए गए।

## विधायक बबलू ने जरूरतमंदों को सहायता राशि के चेक किए आवंटित



**विवेक शर्मा, अंब**

चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विश्रामगृह अंब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मेडिकल बिलों की भरपाई और गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 7.17 लाख रुपए आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। विधायक बबलू ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कटिबद्ध है और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करना सुक्खू सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा खर्च आम जनता के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रहता है, जिसे कम करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने जनसमस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, नगर पंचायत अंब के पार्षद रितेश शर्मा, पूर्व प्रधान राजकुमार गौतम, उपप्रधान बधमाणा अशोक गुलेरिया, उपप्रधान किन्नू प्रवीण कुमारी, पूर्व प्रधान चुरुड़ू राजिंदर कुमार, यूथ कांग्रेस चिंतपूर्णी के पूर्व अध्यक्ष शमशेर अली, सीता राम, वार्ड पंच कमल किशोर, बलबीर सिंह, जागीर सिंह, बिशनी देवी व अनिल तक्खी आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# नीट के ऑनलाइन फार्म भरने से वंचित रह गए सैकड़ों छात्र

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

स्टेट कैडर के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल का सबसे बड़ा झटका डॉक्टर बनने के सपने पाले सैकड़ों विद्यार्थियों को लगा है। सात मार्च तक नीट की परीक्षा के ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि है, लेकिन कई अभ्यर्थी महज इसलिए नीट के ऑनलाइन फार्म भरने से वंचित रह रहे हैं क्योंकि उनके जरूरी प्रमाण-पत्र ही नहीं बन पाए हैं।

बेशक पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने इसके लिए अफसोस जताया है, लेकिन अपनी मांग के समर्थन में वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अडिग हैं। बुधवार को पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने स्थानीय विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन प्रेषित कर स्टेट कैडर से संबंधित अधिसूचना वापस लेने की मांग की है। स्टेट कैडर के विरोध में अनिश्चितकालीन



विधायक राकेश कालिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते पटवारी एवं कानूनगो।

### पटवारी एवं कानूनगो की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते आई दिक्कतें

हड़ताल पर गए पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल का असर आम जनमानस के जरूरी कार्यों पर दिखने लगा है। लोगों के जरूरी दस्तावेज व प्रमाण-पत्र तक नहीं बन पा रहे हैं, ऐसे में लोगों के कई जरूरी कार्य अटक गए हैं।

सबसे बड़ा झटका तो उन विद्यार्थियों को लगा है जो डॉक्टर बनने के लिए नीट की प्रवेश परीक्षा में बैठना चाहते थे। कई विद्यार्थी महज इसलिए नीट के आनलाइन फार्म नहीं भर पा रहे हैं क्योंकि उनके जरूरी प्रमाण-पत्र ही पटवारियों द्वारा सत्यापित न करने की सूरत में बन ही नहीं पाए हैं।

पिछले कई दिनों से स्टेट कैडर की अधिसूचना को निरस्त करने की मांग के साथ हड़ताल पर गए पटवारी व कानूनगो भी किसी भी सूरत में अब पीछे हटने के मूड में नहीं है तो प्रदेश सरकार ने भी इसका न तो अभी तक कोई हल निकाला है और न ही महासंघ को वार्ता के लिए बुलाया है। हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों के लिए प्रदेश सरकार ही जिम्मेवार है। प्रदेश सरकार द्वारा पटवारियों व कानूनगो का स्टेट कैडर करने से पटवारी एवं कानूनगो के आर एंड पी रूल्स 1992 का उल्लंघन हुआ है जिससे समस्त पटवारी एवं कानूनगो की वरिष्ठता सूची भी प्रभावित होगी। बार-बार कई मंचों से महासंघ अपनी नाजायज मांगें उठा चुका है।

हालांकि प्रदेश सरकार ने इस वर्ग की मांगों के लिए बलवान कमेटी का भी गठन किया, जिसने सरकार को अपनी सिफारिशें भी दे दीं, लेकिन उन्हें लागू करने की बजाए प्रदेश सरकार ने स्टेट कैडर थोप दिया। यही वजह है कि बुधवार को विधायक राकेश कालिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्टेट कैडर निरस्त करने के लिए ज्ञापन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जो समस्या आई है, उसके लिए राजस्व कर्मियों को भी खेद है।

## विधेयक के खिलाफ वकीलों का विरोध जारी



हड़ताल के दौरान उपस्थित अंब बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना/अंब**

कानूनविदों को लेकर संशोधित विधेयक के चलते जिलेभर में अधिवक्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन जारी रखा। ऊना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके फांडा ने कहा कि यह विधेयक अधिवक्ताओं को कमजोर करने का काम करेगा।

उधर, प्रस्तावित (संशोधन) विधेयक के विरोध में अंब बार एसोसिएशन ने दूसरे दिन भी अपनी हड़ताल जारी रखी। मंगलवार को कोर्ट परिसर में ऐसोसिएशन के अध्यक्ष प्रिंस सूद की अध्यक्षता में सभी अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और संशोधक विधेयक को वापस लेने की मांग की। बार एसोसिएशन अधिवक्ता के अध्यक्ष प्रिंस सूद ने बताया कि नए विधेयक के तहत बार एसोसिएशन में दो सरकारी कर्मचारी नामित होंगे, जिससे अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि संशोधन अनुशासनात्मक प्राधिकरणों को व्यापक विवेकाधिकार प्रदान करता है, तो यह अधिवक्ताओं के खिलाफ मनमाने निर्णयों को बढ़ावा दे सकता है। इससे उनके पेशेवर अधिकारों और प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस प्रस्तावित संशोधन विधेयक को जल्द से जल्द वापस ले। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार इस संशोधन प्रस्तावित विधेयक को वापस नहीं लेती है तो बार एसोसिएशन अधिवक्ता सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेगी।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रिंस सूद, उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, सेक्रेटरी राकेश शर्मा, कैशियर निखिल जसवाल, अशोक राणा, राजकुमार धनोटिया, एनएस परमार, आरएस भट्टी, सौरभ शर्मा, जेके शर्मा, संदीप शर्मा, अनिल शर्मा, सुधीर जरियाल, दिनेश कुमार, जेएस मान, हरदीप सिंह जस्सल, दीपक राणा, रविंद्र सिंह हीरा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## बल्ह में किसानों को दी आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की बल्ह पंचायत में कृषि विभाग, मंडल बंगाणा द्वारा भव्य किसान गोष्ठी एवं फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और सरकार उन्हें आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती एवं उन्नत साधनों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी किसानों की आय बढ़ाने एवं उन्हें सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जागरूक करना एवं उन्हें आधुनिक कृषि के साथ जोड़ना था, जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें।

इस अवसर पर विधायक ने बल्ह पंचायत में शीघ्र पटवार वृत्त खोलने तथा 2027 तक प्रत्येक घर तक पक्का रास्ता पहुंचाने की घोषणा की, साथ ही बल्ह पंचायत में कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

इसके पश्चात कृषि अधिकारी बंगाणा सतपाल धीमान ने किसानों को जैविक खेती, जल संरक्षण एवं नवीनतम कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार कृषि उपकरणों, उन्नत बीजों एवं फसल बीमा योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। कार्यक्रम के दौरान मिट्टी परीक्षण, जैविक खेती, फसल बीमा योजना एवं अनुदानित कृषि उपकरणों की जानकारी दी गई, जिससे किसान नवीनतम तकनीकों का अधिकतम लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामअसरा, एडीओ पवन कुमार, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय किसान, महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्य एवं अन्य ग्रामीण नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्व. रामनाथ शर्मा की मांग पर बंगाणा को मिला था डिग्री कॉलेज : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस भव्य कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से समारोह में चार चांद लगा दिए।



विधायक विवेक शर्मा कॉलेज स्टॉफ के साथ

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा डिग्री कॉलेज की स्थापना का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह को जाता है। 2005 में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. रामनाथ शर्मा की पुरजोर मांग पर तत्काल मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह ने इस क्षेत्र को डिग्री कॉलेज की सौगात दी थी। यह कॉलेज वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है और अब इसे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जाना जाता है। विधायक ने कहा कि इस कॉलेज ने क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बंगाणा क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कॉलेज मील का पत्थर साबित हो रहा है।

शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्यतिथि विवेक शर्मा के हाथों सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, कृषि विभाग के अधिकारी सतपाल धीमान, कॉलेज के पीटीए प्रधान सुभाष शास्त्री, कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जिला पार्षद सत्या देवी, पूर्व जिला पार्षद इंदु बाला, देसराज मोदगिल, केसी शर्मा, जगदीश शर्मा, जोगेंद्र देव आर्य, जोनू राजपूत, स्कूल प्राचार्य एवं स्टाफ एवं प्रशासनिक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जोल बाजार में महादानियों ने जरूरतमंदों को दिया 35 यूनिट रक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मानव सेवा समिति खुरवाईं की ओर से बुधवार को जोल बाजार में चौथे रक्तदान शिविर एवं सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी उपस्थित रहे। जोल बाजार में आयोजित शिविर में प्रत्येक रक्तदाताओं ने एक यूनिट रक्तदान किया। शिविर में 35 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ और लगभग 80 से ज्यादा लोगों ने ईसीजी, रक्तचाप, शुगर,बीएमडी जैसी विभिन्न जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया।

इसमें मानव सेवा समिति के अध्यक्ष शिवकुमार, महासचिव राम प्रकाश, कमेटी प्रमुख सलाहकार महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी, जिला पार्षद केपी शर्मा, शिव लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. महेंद्र भारद्वाज, डॉ. सुरेश गर्ग, सुनील बन्याल, संजीव ठाकुर, डॉ. रमेश व सुरेश मास्टर, राधेश्याम, जनकराज शर्मा ने सहयोग किया। योगराज जोगी ने बताया कि इस शिविर में क्षेत्रवासियों के अलावा युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### लोगों के निशुल्क टेस्ट और स्वास्थ्य जांच की

समाजसेवी योगराज जोगी ने इस अवसर पर कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की दूरगामी में सोच का यह परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है। उन्हीं के प्रयास से तमाम कार्य धरातल पर उतरे हैं।इस मौके पर लोगों के निशुल्क टेस्ट स्वास्थ्य जांच की गई एवं विभिन्न दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। इस निशुल्क चिकित्सा कैंप के लिए मानव सेवा समिति के अध्यक्ष शिवलाल शर्मा एवं समिति प्रमुख योगराज जोगी ने सांसद अनुराग ठाकुर का विशेष आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

**समीक्षा** राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश-एससी कल्याण योजनाओं के बजट का हो समुचित उपयोग

# ऊना जिले में एससी वर्ग के विकास पर 3 वर्ष में 113 करोड़ व्यय : कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने बताया कि ऊना जिले में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत बीते 3 वर्षों में 113 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। यह धनराशि विभिन्न विभागों के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण और उत्थान कार्यों पर खर्च की गई है। उन्होंने बुधवार को ऊना में जिला परिषद बैठक कक्ष में आयोजित जिलास्तरीय समीक्षा बैठक के उपरांत यह जानकारी दी।

बैठक में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम और एससी वर्ग के लिए चलाई जा रही केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के बीते 3 वर्षों के क्रियान्वयन का ब्यौरा लिया गया। आयोग अध्यक्ष ने विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस बैठक में उनके साथ आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा और अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा भी उपस्थित रहे। बैठक में आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा और अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा ने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन पर समयबद्ध रिपोर्ट सौंपने को कहा और अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर इन योजनाओं को धरातल पर लागू करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, एससी आयोग के सदस्य सचिव विनय मोदी, सभी एसडीएम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित कुलदीप कुमार, डीसी जतिन लाल, विजय डोगरा व अन्य।

### शोषितों-वंचितों के हितों की रक्षा को प्रतिबद्ध

श्री धीमान ने कहा कि हिमाचल सरकार का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों, शोषितों-वंचितों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान और उनके कल्याण को सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने एससी आयोग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री श्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में आयोग कार्यालय स्थापित कर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में ढिलाई पर खिंचाई

कुलदीप कुमार धीमान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एससी वर्ग के कल्याण के लिए स्वीकृत बजट का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए और यह भी तय किया जाए कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने एससी कम्पोनेंट के तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले विभागों की खिंचाई की और उन्हें अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए।

### आयोग की ताकत को हल्के में न आंकें

आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों को चेताया कि आयोग की ताकत को हल्के में न लें। बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों पर भी आयोग कड़ी नजर रखेगा और कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त संज्ञान लिया जाएगा।

**कल्याणकारी योजनाओं के लाभ :** उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभ मिला है। ऊना जिले में अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत बीते 3 वर्षों में 277 लाभार्थियों को 1.38 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। विभिन्न बैंकों के माध्यम से एसी वर्ग से संबंधित छात्रों को शिक्षा के लिए 8.47 करोड़ रुपए का ऋण सस्ती ब्याज दरों पर उपलब्ध कराया गया है। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत ऊना जिले में 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक 127 पीड़ितों को 58.50 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की गई है। अनुसूचित जाति विकास निगम के माध्यम से कौशल विकास और स्वरोजगार योजनाओं के तहत बीते 3 वर्षों में लगभग 40 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया है।

**अनुसूचित जाति वर्ग के मामले प्राथमिकता से निपटाएं :** आयोग अध्यक्ष ने पुलिस विभाग को अनुसूचित जाति वर्ग के मामले प्राथमिकता पर निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस को अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा।

**उपायुक्त-आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन तय बनाएंगे :** बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने का भरोसा दिया और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तत्परता से कार्य करेगा।

# बिना वैध बिल के बेच रहे थे मछली, 3500 रुपए कटा चालान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मत्स्य विभाग उपनिदेशक कार्यालय द्वारा गठित मत्स्य विभाग की उड़न दस्ता टीम ने बजौरा भुंतर कुल्लू से लेकर पतलीकूहल तक अवैध रूप से लाई जा रही मछली की चैकिंग की इस चैकिंग के दौरान तीन मत्स्य विक्रेताओं से बिना वैध बिल से प्राप्त मछली का चालान किया गया।

इससे 3500 रुपए जुर्माने के रूप में राजस्व प्राप्त किया गया। विभाग समय-समय पर इस प्रकार की चैकिंग पूर्व में भी करता रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा, ताकि प्रदेश से बाहर से अवैध रूप से लाई जा रही मछली को पकड़ा जाए और प्रदेश के जलाशय में कार्यशील मछुआरों द्वारा पकड़ी जा रही मछली की ही जिले में बिक्री सुनिश्चित हो सके। निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य विभाग विवेक चंदेल ने कहा कि विभाग प्रदेश में कार्यशील सभी मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश से बाहर से लाई जा रही मछली की धर पकड़ जारी है और हिमाचल प्रदेश मत्स्य अधिनियम 2020 के अंतर्गत इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने जिला कुल्लू में कार्यशील सभी मत्स्य विक्रेताओं को विभाग द्वारा अधिकृत जलाशय के ठेकेदारों से मछली क्रय करने के निर्देश दिए हैं और किसी भी प्रकार की अनाधिकृत मत्स्य को क्रय न करने बारे दिशा-निर्देश दिए।

# एक सप्ताह बाद मनाली से जुड़ा केलांग

## एकतरफा वाहनों के लिए हुआ बहाल, फोर बाई फोर वाहनों में सफर की सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल में भारी बर्फबारी के बाद सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) सड़कों की बहाली में जुटा हुआ है। बीआरओ टीम की मेहनत रंग लाई है और लाहौल-स्पीति का जिला मुख्यालय केलांग आखिर एक सप्ताह बाद मनाली से जुड़ गया है।

बीआरओ ने इस मार्ग को फिलहाल एक तरफा वाहनों के लिए बहाल किया है। प्रशासन ने फोर बाई फोर वाहनों में ही सफर की सलाह दी है। एक तरफा सड़क बहाली के चलते प्रशासन ने मनाली-केलांग के बीच सफर करने के लिए समय भी निर्धारित किया है। सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक मनाली से टनल व दोपहर दो से चार बजे तक टनल से मनाली की ओर वाहन आएंगे। गत सप्ताह बुधवार रात को भारी हिमपात से लाहौल घाटी का मनाली से संपर्क कट गया था। सप्ताह में मात्र शनिवार व रविवार को ही लाहौल व मनाली में धूप खिली, जबकि अन्य शेष दिनों में हिनपात का ही क्रम चलता रहा। बीआरओ ने शनिवार को ही सड़क बहाली का कार्य शुरू कर दिया था, लेकिन रविवार दोपहर बाद फिर से मौसम उनकी राह में बाधा बन गया। मनाली के धुंधी में तथा लाहौल के दालंग के पास भारी हिमस्खलन हो गया था, जिससे सड़क बहाली में देरी हुई। हिमस्खलन व खराब मौसम के बावजूद बीआरओ चार दिन में केलांग को मनाली से जोड़ने में सफल रहा। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि मौसम व हिमस्खलन राह में बाधा बन गए थे, लेकिन जवानों के बुलंद हौसलों से सड़क जल्द बहाल हो गई। उधर, लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि केलांग-मनाली सड़क फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल कर दी है। सड़क बहाली के लिए बीआरओ के जवान बधाई के पात्र हैं। सभी घाटी वासियों से आग्रह किया कि हिमस्खलन की आशंका को देखते हुए फिलहाल आपात स्थिति में ही सफर करें। (अनंत ज्ञान)



### मूलिंग पुल के समीप हिमस्खलन

मनाली-केलांग सड़क मार्ग पर मूलिंग पुल के समीप हिमस्खलन हुआ है, हालांकि किसी भी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। सूचना मिलते ही बीआरओ की मशीनरी हिमखंड हटाने में जुट गई और जल्द ही सड़क बहाल कर दी।

### मनाली से अटल टनल को वनवे होगी वाहनों की आवाजाही

मनाली से अटल टनल को वाहनों की आवाजाही के लिए वनवे खोल दिया गया है। फिलहाल जब तक मार्ग पूरी तरह से दोतरफा वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं होता, तब तक मनाली से अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के लिए सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक वाहनों को छोड़ा जाएगा। वहीं, दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक अटल टनल से मनाली के लिए वाहनों की आवाजाही होगी।

# आनी में वकीलों ने अधिवक्ता संसोधन का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी बार एसोसिएशन के वकीलों ने नए अधिवक्ता संसोधन के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। वकीलों ने उपमंडल कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

अधिवक्ता सुनील मियां ने कहा कि नया कानून उनके काम में बाधा डालेगा। बार एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर कानून वापस नहीं लिया, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। साथ ही सरकारी कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। आनी बार एसोसिएशन के सदस्यों ने निर्णय लिया कि वे आनी न्यायालय और एसडीएम कार्यालय में कोई मुकदमा नहीं लड़ेंगे। पिछले दो दिनों से आनी के सभी केसों की पैरवी बंद है। 6 मार्च को भी बार एसोसिएशन काम नहीं करेगी। धरने में सुनील मिया, दलीप जोशी, चिरंजी लाल ठाकुर, कपिल सूद, भवानी सिंह, सुभाष ठाकुर, राजिंद्र वर्मा, गौरव, जीतेंद्र, अभिषेक, रूपेंद्र, महिंद्र सिंह, राज कमल, योगिंदर, हिमांशु, उमा सराजी, मुस्कान, एकता, विजय पाल, संजय ब्रामंटा, टीएस खाची सहित सभी सदस्य शामिल हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### मुकेश ठाकुर का टेरिटोरियल आर्मी में चयन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के बंजार स्थित मंगलौर निवासी मुकेश ठाकुर का भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी में चयन हुआ है। बेटे के चयन पर परिजनों में खुशी का माहौल है। मुकेश के पिता विजय ठाकुर सब्जी के ठेकेदार हैं, जबकि माता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। बेटे के चयन पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उसकी मेहनत का नतीजा है। मुकेश ने अपनी स्कूली शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, बंजार से पूरी की और स्नातक की पढ़ाई कुल्लू कॉलेज से की। मुकेश ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और कोच को दिया है।

### रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाकर सुविधाएं की सुदृढ़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर और डीसी कुल्लू के प्रयासों से क्षेत्रीय अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाकर सुविधाएं और सुदृढ़ कर दी हैं।क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आम जनमानस की सुविधा के लिए 3 बिलिंग काउंटर बनाए गए हैं, जो कि कमरा नंबर-206, कमरा नंबर-114 तथा कमरा नंबर-415 में बनाए गए हैं, ताकि लोगों को भीड़ में खड़ा न होना पडे तथा आम जन-मानस को सुविधा मिल सके। इसी तरह से विधायक विधानसभा कुल्लू, सुंदर सिंह ठाकुर के प्रयासों से रजिस्ट्रेशन काउंटर (पर्ची काउंटर) को भी बढाया गया है, जिसमें अब पांच रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए गए हैं, जो कि कमरा नंबर-114 में 2 काउंटर तथा कमरा नं.-142 में-3 पर्ची काउंटर बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्था की है, जिससे लोग पर्ची काउंटर और बिलिंग काउंटर में सुविधाओं का लाभ उठाएं।

# श्रीकोट के गांवों को मिलेगी संपर्क सड़कों की सुविधा

## बंजार के विधायक ने ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं को जाना

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बुधवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी बंजार घाटी की दुर्गम पंचायत श्रीकोट के एकदिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान विधायक सुरेंद्र शौरी ने अनाह, श्रेरडा, कनौन, शनाड़, शिजाहू व शापनील में ग्रामीणों से संवाद किया व ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं को जाना।

पंचायत श्रीकोट की मुख्य व निर्माणाधीन शनाड़-श्रीकोट सड़क का भी विधायक द्वारा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया गया। श्रीकोट की मुख्य आबादी को दो माह पूर्व ही सड़क सुविधा प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क का निर्माण अभी भी जारी है। मुख्य सड़क से बाहर रह गए गांवों के लिए विधायक शौरी ने संपर्क सड़क बनाने का स्थानीय जनता को आश्वासन दिया है। विधायक शौरी ने कहा कि ग्राम पंचायत श्रीकोट के शपनील व शिजाऊ गांव अभी भी सड़क से काफी दूर छूट गए हैं।



शनाड़ से शपनील सड़क को वर्ष 2019-20 की विधायक प्राथमिकता में शामिल किया गया है व वर्तमान में दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। स्थानीय विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण की दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी होते ही विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत इस सड़क को बजट स्वीकृति के लिए नाबार्ड प्रेषित कर दिया जाएगा।

ग्रामीणों द्वारा शड़ियाची गांव में बिजली पहुंचाने की मांग रखी गई है। विधायक ने श्रीकोट की जनता को उनकी समस्याओं व मांगों के यथाशक्ति समाधान के लिए आश्वस्त दिया है। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान मेघ सिंह, पूर्व प्रधान बुध राम, भाजपा मंगलौर मंडल अध्यक्ष डाबे राम, कुलदीप ठाकुर, रणजीत ठाकुर, इंदर नेगी, निहाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# कृषि सखी के लिए प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में बुधवार को प्राकृतिक कृषि को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। डीसी ने कहा कि जिले के किसानों व बागवानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए व समय-समय पर उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाए।

डीसी ने निर्देश दिए कि आतमा परियोजना के अंतर्गत कृषि सखी के लिए प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें, ताकि वे आगे जाकर सभी क्लस्टर स्तर पर किसानों को भली-भांति प्रशिक्षित कर सकें। डीसी ने कृषि, बागवानी, ग्रामीण विकास विभाग को संयुक्त रूप से अपनी योजनाओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के लिए शिविर आयोजित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक प्रभावी रूप से प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि लंबे समय तक रसायन युक्त खेती करने के बाद अब किसानों-बागवानों का रुझान वापस प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के रसायन मुक्त कृषि करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत अब प्रदेशभर से किसान रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ रसायन मुक्त पैदावार मिल रही है। जिला कुल्लू में भी बड़ी संख्या में किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। जिले भर के कई किसान प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना का लाभ उठा रहे हैं। इस योजना के तहत मिल रहे लाभों से किसान अपने आप को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहे हैं।

# खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाएं भेजें अपना दस्तावेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश महिला विकास प्रोत्साहन योजना 2013 स्कीम के अंतर्गत खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अवॉर्ड दिया जाना प्रस्तावित है।

**10 से पहले जमा करवाएं दस्तावेज**

जिला खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने बताया कि इसी कड़ी में कुल्लू जिले से संबंध रखने वाली सभी महिला खिलाड़ियों के ध्यान में लाया जाता है कि जिन महिला खिलाड़ियों ने 1 मार्च 2019 से 31 दिसंबर 2023 तक के कार्यकाल में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हैं। वे खिलाड़ी अपने जरूरी दस्तावेज/उपलब्धियां 10 मार्च से पहले युवा सेवा एवं खेल कार्यालय कुल्लू में जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर उनके दस्तावेज शिमला भेजे जा सकें।

# विज्ञान पर किया विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने विज्ञान के क्षेत्र में भारत के योगदान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. शैफाली ने दीप प्रज्वलन कर की। कॉलेज के छात्रों द्वारा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। छात्रों ने विज्ञान की महत्वपूर्ण खोजो और उनके सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अलावा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, साइंस मॉडल तथा रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के विज्ञान संकाय प्रमुख, प्रोफेसर कश्मीर सिंह ने विज्ञान की प्रगति को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह मानवता की भलाई के लिए एक उपकरण है। हमें इसके महत्व को समझते हुए, विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और विकास में भाग लेना चाहिए।

# नायब तहसीलदार के 20 फीसदी कोटे में बदलाव किया, होगा आंदोलन : तापे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कार्यालय कर्मचारी संघ जिला कुल्लू इकाई ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि यदि पटवारी कानूनगो संघ की मांगों के अनुसार नायब-तहसीलदार पदोन्नति में उनके कोटे में बदलाव किया गया, तो संघ आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। कुल्लू में डीसी कार्यालय कर्मचारी संघ की जिला कुल्लू इकाई के अध्यक्ष तापे राम ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नायब तहसीलदार के 20 फीसदी पदोन्नति कोटे में बदलाव किया, तो आंदोलन किया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष तापे राम ने कहा कि सरकार की योजना के तहत इस कोटे को भी पटवारी-कानूनगो को देने की तैयारी कर रही है। पटवारी-कानूनगो को नायब तहसीलदार के पदोन्नति कोटे में पहले ही 60 प्रतिशत कोटा मिल रहा था, अब उसे बढ़ाकर 80 फीसदी करने की मांग की कर रहे हैं। डीसी कार्यालय के कर्मचारियों को यह पदोन्नति कोटा आज से नहीं, बल्कि 1973 से मिल रहा है। ऐसे में इसमें बदलाव करना कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं होगा। संघ ने कहा कि सरकार डीसी ऑफिस के कर्मचारियों को स्टेट कैडर किया है। हालांकि, संघ इसके विरोध में था, लेकिन सरकार के साथ टकराव टालने के लिए संघ ने इसका विरोध नहीं किया। पटवारी कानूनगो संघ ने पहले ही स्टेट कैडर का विरोध किया है, इसके लिए सरकार पर दबाव बनाया गया, अब सरकार उनके दबाव में उनका कोटा भी उन्हें देने की योजना बना रही है। इस तरह से डीसी ऑफिस के उन कर्मचारियों के हित प्रभावित हो जाएंगे, जिन्होंने नायब तहसीलदार बनने की लिए अधीक्षक की पदोन्नति छोड़ दी है, अगर डीसी ऑफिस के कर्मचारी नायब तहसीलदार नहीं बनेंगे, तो पदोन्नति की आस में बैठे कर्मचारी अपने कनिष्ठ के भी जूनियर हो जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनके कोटे के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो वह आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। जिला इकाई के वरिष्ठ मुख्य सलाहकार मनीष शर्मा, मुख्य सलाहकार दीप शर्मा, अध्यक्ष तापे राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशा वर्मा, महासचिव पंकज ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# पटवारी एवं कानूनगो संघ मनाली बैठा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पटवारी एवं कानूनगो संघ मनाली ईकाई अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गई है। पटवारी एवं कानूनगो संघ ईकाई मनाली के सभी सदस्य राज्य के सभी जिलों में 28 फरवरी से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग दे रहे हैं। पटवारी एवं कानूनगो संघ मनाली के प्रवक्ता पटवारी भिमेश्वर सिंह ने कहा कि राज्य में कोई भी ऐसी तहसील नहीं है, जो इस आंदोलन में राज्य संघ के साथ न हो।

इससे यह स्पष्ट होता है कि संपूर्ण राज्य में कोई भी पटवारी एवं कानूनगो कैडर को राज्य स्तरीय करने के निर्णय के साथ नहीं है इसलिए राज्य सरकार को स्टेट कैडर की नोटिफिकेशन वापस लेनी चाहिए। पटवारी एवं कानूनगो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने के बावजूद गत दिनों से हो रही लगातार वर्षा व बर्फबारी से जो नुकसान पहुंचा है, उनकी मौके पर जाकर रिपोर्ट करना, उच्च अधिकारियों को अवगत करवाना, लोगों को फौरी राहत प्रदान करवाना, जैसे कार्य भी कर रहे हैं। आपदा कार्य में पटवारी एवं कानूनगो संघ लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार है। पटवारी एवं कानूनगो की भर्ती जिला कैडर के आधार पर हुई है इसलिए संघ द्वारा जिला कैडर से स्टेट कैडर करने का विरोध किया जा रहा है। इसके आर एंड पी रूल्स भी जिला कैडर के ही हैं। जिले के मैरिट आधार पर ही पटवारी एवं कानूनगो की नियुक्ति हुई है। पटवारी एवं कानूनगो की पदोन्नति भी जिले के मैरिट के आधार पर बनती आई है इसलिए सरकार को स्टेट कैडर की अधिसूचना को तुरंत निरस्त कर जिला कैडर को पुन: बहाल करने की गुजारिश करती है और बलवान कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की मांग करती है, ताकि जनता की सेवा तथा सरकार के कार्य पूरे जोश एवं कर्तव्यनिष्ठा से किए जा सकें।

# गो संरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार ठोस कदम उठाने में पूरी तरह विफल : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि गोसंरक्षण और गोसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

बुधवार को गोविंद सिंह ठाकुर ने रांगड़ी गोसदन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर परिषद मनाली इस गोसदन का बेहतर संचालन कर रही है और गोवंश के लिए आवश्यक मात्रा में चारे की व्यवस्था की गई है। स्थानीय जनता के सहयोग से गोसदन में छोटी-छोटी मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि यहां रह रहे गोवंश को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने कार्यकाल में गोसंरक्षण को प्राथमिकता दी थी और प्रदेशभर में गोसदनों की स्थापना एवं संचालन के लिए अनेक योजनाएं लागू की थीं, लेकिन वर्तमान सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रही है, जिस कारण प्रदेश के कई गोसदनों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।



**कहा- कुल्लू-मनाली सहित प्रदेश के कई गो सदनों की स्थिति दयनीय**

उन्होंने सरकार से मांग की कि जिले के गोसदनों की स्थिति को सुधारने के लिए ठोस नीति बनाई जाए और इनके संचालन के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाए। भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय जनता गोवंश की देखभाल के लिए सदैव तत्पर है और रांगड़ी गोसदन को एक आदर्श गो संरक्षण केंद्र बनाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लार्जे, पार्षद चंद्रा पदान, कल्पना ठाकुर, नसोगी पंचायत के प्रधान दिलेराम, शालीण पंचायत के उपप्रधान रत्न ठाकुर, सियाली महादेव के कारदार जयचंद, भाजपा मनाली मंडल के उपाध्यक्ष मुकेश ठाकुर सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**प्रदर्शनी** गांधी शिल्प बाजार में लोगों को खूब भा रहे किशनगढ़ के शिल्पकार हंसराज साहू के उत्पाद

# 'बणी-ठणी' शैली के चित्र बने आकर्षण का केंद्र

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ढालपुर मैदान में आयोजित हो रहे गांधी शिल्प बाजार में देश व प्रदेशभर के शिल्पकार अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगा रहे हैं।

10 दिवसीय इस शिल्प बाजार में राजस्थान के किशनगढ़ से संबंध रखने वाले शिल्पकार हंसराज साहू व उनके बेटे पुष्पेंद्र साहू ने भी पहली बार कुल्लू में अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया है। इन चित्रों की खासियत यह है कि यह राजस्थान के किशनगढ़ की 300 वर्ष पुरानी 'बणी-ठणी' चित्रशैली में उकेरे गए हैं। हंसराज साहू द्वारा चित्रों पर उकेरी कलाकृतियों में राधा-कृष्ण की लीलाओं, राग रागिनी मीरा, भगवान श्रीनाथ के साकार स्वरूप के दर्शन हो रहे हैं। पशु, पक्षियों, पुराने समय में तीज त्योहार व अन्य मौकों पर ठाग बाठ से निकलने वाली राजा महाराजों की सवारी, भगवान श्रीनाथ की पूजा-अर्चना का चित्रण भी इन पेंटिंग में बखूबी देखने को मिल रही है। शिल्पकार हंसराज साहू द्वारा प्राकृतिक व वाटर कलर से सिल्क व बेलवट के कपड़े के अलावा पोस्टकार्ड व स्टांप पेपर पर उकेरे गए यह चित्र शिल्प मेले में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं और लोगों को खूब भा रहे हैं। हंसराज साहू व पूरा साहू परिवार वर्तमान समय में इसी कारोबार से जुड़कर और पेंटिंग बनाकर अपनी पुश्तैनी और पुरातन चित्रकला व संस्कृति को सहेजने के साथ अपनी आर्थिकी को भी सुदृढ़ कर रहा है।

बकौल हंसराज साहू यह चित्र देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और वह उनके पूरे परिवार की कमाई का साधन भी यही कारोबार है। बणी ठणी शैली स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वह गांव की 11 महिलाओं को भी इस कला के गुर सिखाने के साथ रोजगार मुहैया करवा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)





### 250 से 25 हजार में बिक रही पेंटिंग

**स्टाल** में लगी प्रदर्शनी में बणी ठणी शैली की यह पेंटिंग 250 से 25 हजार रुपए तक बिक रही है। शिल्पकार पुष्पेंद्र साहू ने बताया कि एक बड़ी पेंटिंग को बनाने में एक से डेढ़ माह का समय लगता है, जबकि छोटी पेंटिंग पांच से 15 दिनों में तैयार होती है। साहू परिवार का मुख्य उद्देश्य पेंटिंग बनाकर आर्थिकी मजबूत करने के साथ-साथ पुरातन चित्रशैली को सहेजने का भी है।

# बारिश-बर्फबारी से खेतों व बगीचों को नुकसान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी की पंचायत नग्गर के अंतर्गत पिछले दिनों हुई भारी बारिश और बर्फबारी के कारण बागवानों को काफी नुकसान हुआ है।



पानी का उचित निकास नहीं होने के कारण पानी लोगों के बगीचों में चला गया, जिस कारण लोगों के सेब के पेड़ बह गए और भूमि कटाव हो गया है। क्षेत्र के बाहड़ नाले के साथ जल शक्ति विभाग की सिंचाई कूहल बंद होने के कारण नग्गर निवासी घनश्याम भारद्वाज का भी काफी नुकसान हुआ है। पानी अधिक आने के कारण और सिंचाई कूहल बंद होने से सारा पानी उनके बगीचों में चला गया, जिस कारण उनके 25 से भी अधिक सेब के पेड़ खराब हो गए और जमीन को भी काफी नुकसान हुआ। वहीं, अंकुश भारद्वाज ने बताया कि इस बारे में पहले ही जल शक्ति विभाग को जानकारी दे दी गई थी कि सिंचाई कूहल बंद हो चुकी है, लेकिन विभाग द्वारा इस कूहल को साफ नहीं करवाया गया, जिस कारण सारा पानी हमारे बगीचों में आ गया और लाखों का नुकसान हो गया।

वहीं, नग्गर चौक से लोक निर्माण विभाग द्वारा पानी की निकास नालियों को तो बना दिया गया, लेकिन उस पानी का भी उचित निकास नहीं होने के कारण वह पानी भी हमारे बगीचों में आ जाता है। हम पिछले कई सालों से दोनों विभागों और ग्राम पंचायत को इस समस्या के बारे में अवगत करवाते आ रहे हैं, लेकिन समाधान आज तक नहीं हुआ, जिस कारण नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने सरकार, प्रशासन से आग्रह किया कि उनकी इस समस्या का समाधान किया जाए और उनके हुए नुकसान का उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

> **इस** कूहल में पिछले कई सालों से सिंचाई का पानी नहीं आ रहा है, जिस कारण हमने इस कूहल को बंद करवाने के लिए आगे उच्चाधिकारियों को लिखा है। गांव वालों की समस्या भी उच्चाधिकारियों के पास आई है, जिस कारण लोगों का नुकसान है, उस पर भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी, ताकि पानी लोगों के बगीचों में न जाए।
>
> **योगेश, एसडीओ, जल शक्ति विभाग पतलीकूहल।**

> **लोक** निर्माण विभाग द्वारा सड़क के किनारे ड्रेनेज नालियों को बनाया जाता है, लेकिन किसी की निजी भूमि या अन्य विभाग की जमीन में ड्रेनेज बनाने का अधिकार विभाग के पास नहीं है।
>
> **अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग कटराईं।**

**PUBLIC NOTICE**

Dated: -05-03-2025

It is hereby informed to General Public at large that Sh. Sishu Pal S/o Sh. Shiv Ram R/o Muhal Loharo, Hadbast No. 679, Tehsil Solan and Distt. Solan H.P. has availed Secured loan from AU SMALL FINANCE BANK LIMITED Vide RLOS No. 807419 from its branch office at VPO Shamshi, Tehsil Bhunter, Distrct Kullu (H.P) on Property Measuring 00-04-00 Bigha Situated at Muhal Loharo, Hadbast No. 679, Tehsil Solan and Distt. Solan H.P. Original Sale Deed in name of that Sh. Ajay Kumar, Sh. Vijay Kumar Son, Smt. Veena Kumari D/o, Smt. Mala Devi W/o Sh. Surender Kumar has execute one sale deed vide Reg. No. 546/2006 Dated 29/09/2006 as in favour of Sh. Ram Lal S/o Sh. Naratu Ram has been Lost/Misplaced. A Police Report has also been registered in this regard vide Complaint No. 2254033072500006 Dated: 05/03/2025 at Police Station Solan. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/bank/corporation/financial institution may approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

Pradeep Kumar, Advocate
District Court Solan Distt. Kullu (H.P)
Mob:-98570-71730

# 1400 करोड़ से सोलन में मिलेगी एकीकृत एपीआई, ग्रीन हाइड्रोजन व इथेनॉल सुविधा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में बुधवार को राज्य सरकार और मेसर्स स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड चंडीगढ़ के बीच 1400 करोड़ रुपए की लागत से सोलन जिले में एपीआई, ग्रीन हाइड्रोजन और 2जी इथेनॉल बीबीएन की भारत की पहली एकीकृत विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए प्रतिबद्धता ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस एकीकृत सुविधा से 1000 युवाओं को रोजगार मिलेगा। शुरुआत में इस परियोजना को पहले चरण में 30 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन की आवश्यकता होगी और आने वाले समय में इसे 50 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को मार्च 2026 तक देश का हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में विभिन्न पहल शुरू की गई हैं। सरकार सोलन जिले के नालागढ़ में ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एक मेगावाट का हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। राज्य हरित ऊर्जा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने के लिए तैयार है। उन्होंने संबंधित कंपनी को एक वर्ष की अवधि के भीतर परियोजना को पूरा करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार की ओर से निदेशक उद्योग डॉ. यूनुस तथा कंपनी की ओर से प्रबंध निदेशक विवेक वर्मा ने एमओसी पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक संजय अवस्थी, सलाहकार अधोसंरचना अनिल कपिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्षवर्धन चौहान आज व कल सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 6 व 7 मार्च को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। वह 6 मार्च को प्रातः 11 बजे कफोटा कॉलेज के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेने के उपरांत शिलाई में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उद्योग मंत्री 7 मार्च को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई में जनसमस्याएं सुनेंगे।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 6 मार्च को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 6 को प्रातः 11.30 बजे कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत ममलीग के गांव धायावाल में भूतपूर्व सैनिक लीग सायरी-ममलीग के सैनिक सामुदायिक भवन की आधारशिला रखेंगे।

### एनएच-5 पर अनियंत्रित पिकअप डंगे से टकराई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर वाहन दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार सुबह करीब 9 बजे कुमारहट्टी बाईपास रोड पर नेचर रिट्रीट के पास एक रेत से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बने डंगे से टकरा गई। जानकारी के मुताबिक पिकअप कालका से राजगढ़ की ओर रेत लेकर जा रही थी और नेचर रिट्रीट के पास पहुंचते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि, इस हादसे में किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। यह स्थान लगातार दुर्घटनाओं की दृष्टि से ब्लैक स्पॉट बन चुका है।

### टी- 20 टूर्नामेंट के लिए 15 तक रजिस्ट्रेशन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में कोलर गांव के मैदान में 20 मार्च से डिस्ट्रिक्ट लेवल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र बब्बी ने दी। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में केवल सिरमौर जिले के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं और यह नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा। क्रिकेट प्रेमियों और उभरते खिलाड़ियों के लिए यह एक शानदार अवसर होगा, जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। एसोसिएशन की ओर से प्रत्येक टीम के 12 खिलाड़ियों को टी-शर्ट और मैच के लिए सफेद गेंद प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और टीमों को 15 मार्च तक 7000 रुपए की प्रवेश फीस जमा करनी होगी। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 31,000 रुपए और उपविजेता टीम को 21,000 रुपए की आकर्षक पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### सोलन की संघ यात्रा पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मातृवंदना संस्थान शिमला द्वारा सोलन में एक भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मातृ वंदना विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता गुरदीप साहनी उपस्थित रहे। नागेश ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठनात्मक-जिला सोलन की संघ यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व में दायित्व निर्वहन करने वाले कार्यकर्ताओं के योगदान को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए। विशिष्टातिथि के रूप में वरिष्ठ कार्यकर्ता निहाल चंद की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

### दीक्षित मिस्टर, रिया ठाकुर बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पूर्व गुरुकुल इंटरनेशनल विद्यालय दाड़लामोड़ में मुख्याध्यापिका ममता शर्मा की अध्यक्षता में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 9वीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने सीनियर विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी। उन्होंने अपने सीनियर साथियों को विशेष टाइटल दिए। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुड़े हुए अपने अनुभव साझा किए। पूरे समारोह में रैंप वॉक प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। तीन राउंड के बाद निर्णायक मंडल द्वारा दीक्षित भाटिया को मिस्टर फेयरवेल और रिया ठाकुर को मिस फेयरवेल चुना गया।

### अभिषेक ओलिंपिक विंटर गेम्स में लेगा हिस्सा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रयास फाउंडेशन सोलन के अभिषेक का चयन इटली में होनी वाली स्पेशल ओलिंपिक विंटर गेम्स के लिए हुआ है। प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष निर्मल ठाकुर ने बताया कि उनकी संस्था हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 सपरून में विशेष बच्चों की बेहतरी और उनके हुनर को निखारने का कार्य कर रही है। इसके लिए स्पेशल ओलिंपिक संस्था का भी सहयोग मिलता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने पिछले कल इटली जाने वाले हिमाचल के दल को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

## एनएचएआई की मनमानी से जान जोखिम में डाल सड़क पार कर रहे स्टूडेंट्स

# फुटओवर ब्रिज नहीं, जेब्रा क्रॉसिंग कट किया बंद

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन-कुमारहट्टी बाइपास के आंजी में एनएचएआई और फोरलेन निर्माण कर रही कंपनी की मनमानी से स्थानीय स्कूल के बच्चों, अध्यापकों और डिस्पेंसरी जाने वाले रोगियों को जान जोखिम में डाल कर सड़क पार करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

कहने को तो यहां पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा पर इसका कार्य पूरा हुए बगैर ही फोरलेन का कट बंद कर दिया। अब अगर स्कूल के एक छोर से दूसरे छोर जाना हो तो काफी दूर जाकर क्रॉस करना पड़ता है। वहीं, फुटओवर ब्रिज के निर्माण में देरी से लोग यहां पर जान जोखिम में डालकर सड़क क्रॉस कर रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय लोग अब विरोध पर उतर आए हैं। लोगों का कहना है कि एनएचएआई और फोरलेन निर्माण कर रही कंपनी ने फुटओवर ब्रिज का निर्माण होने तक सड़क की क्रासिंग के लिए लगे कट को जारी रखने की बात मानी थी पर अब इस कट को बंद कर दिया है। ऐसे में लोगों को सड़क क्रॉस करने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने फुटओवर ब्रिज बनने तक जेब्रा क्रॉसिंग खोलने की मांग की है। साथ ही ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। (अनंत ज्ञान)



### ओवरब्रिज पाथ जल्द बनाने की मांग

**अब** स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द ओवरब्रिज का कार्य पूरा किया जाए और तबतक जेब्रा क्रॉसिंग को जस से तस रहने दिया जाए, अब देखना रोचक होगा कि प्रशासन एनएचएआई और निर्माण कंपनी की मनमानी पर क्या कार्रवाई करेगा यदि यहां पर जल्द ओवरब्रिज बनता है तो छात्रों, बुजुर्गों, महिलाओं व मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

### हर वर्ग को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**फोरलेन** का कट बंद होने से आंजी सहित आसपास के ग्रामीणों को एनएचएआई की लापरवाही का खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर आम जनता सहित छात्रों और मरीजों पर पड़ रहा है। सड़क के दूसरे हिस्से में सरकारी स्कूल और डिस्पेंसरी होने के चलते हाईवे पर जेब्रा क्रॉसिंग की है पर अब इसे बंद कर दिया है। वहीं, स्कूल और डिस्पेंसरी को जाने वाला ओवरब्रिज का कार्य अधर में लटका हुआ है। एनएचएआई ने जेब्रा क्रॉसिंग को लोहे के बेरिकेट्स लगाकर बंद कर दिया गया है। इससे अब सड़क क्रॉस करने में स्कूल जाने वाले छात्रों को वाहनों के रश के बीच जान जोखिम में डालकर सड़क क्रॉस करनी पड़ रही है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# सरकार ने दो वर्ष में 1376.69 किमी लंबी सड़कों का किया निर्माण: विक्रमादित्य सिंह



**अनंत ज्ञान, सोलन**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार के 2 वर्षों के कार्यकाल के दौरान 1376.69 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

विक्रमादित्य सिंह ने सोलन के कोठों में युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने के उपरांत स्थानीय निवासियों से विचार-विमर्श कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में 1741 किलोमीटर सड़कों की मेटलिंग एवं टारिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 116 पूलों का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। उन्होंने जिला सोलन में निर्माणाधीन सड़कों और पुलों के निर्माण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इन परियोजनाओं में तीव्रता लाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त बिमला कश्यप, भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, संधीरा सिंह, सीनू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पुष्प खेती का विस्तार सरकार की प्राथमिकता : नेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में पुष्प खेती का विस्तार व बागवानों की आय में वृद्धि करना सरकार की प्राथमिकता है।

जगत सिंह नेगी सोलन के कंडाघाट उपमंडल की पंचायत झाजा के महोग बाग स्थित आदर्श पुष्प केंद्र तथा गौड़ा स्थित फल संतति एवं प्रदर्शन उद्यान का निरीक्षण कर रहे थे। नेगी ने पुष्प आदर्श केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह यहां के पुष्प उत्पादकों की मांग के अनुसार फूलों के पौधे तैयार करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुष्प पौधों की विभिन्न किस्में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आदर्श पुष्प केंद्र महोग बाग में टिशू कलचर से विभिन्न प्रजातियों के पौधे विकसित करने के निर्देश दिए। बागवानी मंत्री ने कहा कि सोलन में लगभग 250 पुष्प उत्पादक पुष्प व्यवसाय से जुड़े हैं। सोलन में लगभग 55 हैक्टेयर भूमि पर पुष्प उत्पादन किया जा रहा है। सोलन में लगभग 10 करोड़ रुपए का पुष्प व्यवसाय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला पुष्प उत्पादन (फूलों के संरक्षण) की खेती में अग्रणी है।

नेगी ने कहा कि पुष्प केंद्रों में अधिक से अधिक पुष्प खेती के अपग्रेडिड पौधे तैयार कर बागवानों तथा पुष्प खेती में उपयोग होने वाली सामग्री को बागवानों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गौड़ा में वर्तमान में ब्लूबेरी के पौधे तैयार किए जा रहे हैं और भविष्य में कीवी तथा पर्सिमन के पौधे तैयार किए जाएंगे। नई प्रजातियों के फलों व फूलों की उपज को तैयार कर इसकी जानकारी बागवानों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि बागवानों की आय में वृद्धि की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौड़ा में ड्रेगनफ्रूट्स के पौधे लगाने व उत्पाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही ब्लूबेरी (हाई चिल्ड) किस्म के फलदार पौधे को सोलन के चायल स्थित आदर्श पुष्प केंद्र महोबाग में इंटरड्यूस किया जाएगा। नेगी ने इस अवसर पर गौड़ा स्थित फल संतति एवं प्रदर्शन उद्यान के प्रागंण में ऐवकाडो का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उद्यान विभाग की उपनिदेशक डॉ. शिवाली ठाकुर, विषयवाद विशेषज्ञ दिनेश ठाकुर, देवेंद्र अत्री, डॉ. शकुन राणा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# पटवारी एवं कानूनगो संघ वार्ता से मसला हल करने का पक्षधर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

कहा- हमें भी मिले सरकार से बात रखने का मौका

हिमाचल प्रदेश के संयुक्त भू-व्यवस्था पटवारी एवं कानूनगो संघ ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। संघ के राज्य अध्यक्ष शमशेर ठाकुर की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक में शिमला भू-व्यवस्था मंडल के अध्यक्ष, महासचिव, मुख्य सलाहकार और अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में 24 अगस्त, 2024 को संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ हिमाचल प्रदेश की सरकार से मांगों को लेकर बलवान चंद अतिरिक्त सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित कमेटी की सिफारिशों पर मंथन किया गया। संघ ने कमेटी का आभार व्यक्त किया और महाल विंग महासंघ की मांगों का समर्थन किया। संघ ने सरकार से आग्रह किया कि चल रहे गतिरोध को वार्ता के माध्यम से जल्द दूर किया जाए, ताकि हिमाचल की जनता के राजस्व संबंधी मामलों का निष्पादन समयबद्ध किया जा सके।

संघ ने सरकार से विनम्र आग्रह किया कि महाल विंग महासंघ और सरकार के मध्य संघ की मांगों को लेकर विचार-विमर्श वार्ता की स्थिति में संयुक्त भू-व्यवस्था पटवारी एवं कानूनगो संघ को भी अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया जाए। इस अवसर पर बैठक में शिमला भू-व्यवस्था मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र, महासचिव श्याम सिंह चौहान, मुख्य सलाहाकार अरविंद मेहता, उपप्रधान प्रेम साप्टा, पंकज, भू-व्यवस्था मंडल कांगड़ा के अध्यक्ष ओंकार शर्मा, राज्य मुख्य सलाहकार रमेश चौहान, राज्य महासचिव विनोद कुमार, उपप्रधान प्रशोत्तम सिंह, भरत भूषण, शक्ति चंद, राज्य कोषाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह तोमर, प्रेस सचिव चेतराम आदि मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल चलाएगा नशे के खिलाफ अभियान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पांवटा साहिब हितेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा लगातार बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने को लेकर विशेष अभियान चलाएगी।

मंडल अध्यक्ष कार्यकारिणी का विस्तार करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। शहितेंद्र कुमार ने बताया कि भाजपा मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया गया है। मंडल में जिन कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है, वह लगातार पार्टी को मजबूत करने समेत पार्टी एवं राष्ट्रीय हित में कार्य कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार देश आगे बढ़ रहा है और भाजपा को एक नई मजबूती मिली है। आज समाज में नशे का प्रचलन बढ़ गया है। मंडल स्तर पर युवाओं को नशे से दूर रखने और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के मकसद से अभियान चलाया जाएगा।

# एटीएम बंद होने से ग्राहकों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

नवगांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम पिछले कई दिनों से बंद होने के कारण स्थानीय लोगों और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एटीएम बंद होने से लोगों को पैसे निकालने के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें असुविधा हो रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले दो महीनों से ज्यादा समय से हो रही है, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा अभी तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने कहा कि एटीएम के बंद होने से उन्हें नवगांव से तीन किलोमीटर दूर दाड़लामोड़ स्थित एटीएम से पैसे निकालने पड़ते हैं, लेकिन वहां भी पैसे निकलने की कोई गारंटी नहीं होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर नवगांव में एटीएम सुचारु रूप से कार्य करे, तो लोगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और लोगों को अपने घरद्वार ही सहूलियत रहेगी, लेकिन पिछले दिनों से एटीएम के बंद होने से लोगों को परेशानी के साथ इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में कृष्ण लाल, प्रेम शर्मा, नकुल, विवेक, कर्ण, अरुण, नरेश, हंसराज और प्रदीप सहित अन्य ग्रामीणों ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए।

**शाखा** प्रबंधक नवगांव दिशा शर्मा ने बताया कि यह एटीएम आऊट सोर्स पर कंपनी के पास था, जिसका इकरार अब खत्म हो गया है। जल्द ही बैंक अपना नया एटीएम यहां पर लगाएगा, जिससे लोगों को एटीएम की सुविधा मिलेगी।

# पुलिस ने युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जहां एक ओर सप्लाई रिडक्शन को टारगेट कर नशा खासकर चिट्टा की आपूर्ति खत्म की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर डिमांड रिडक्शन को टारगेट कर सोलन पुलिस की रुस्तम योजना के तहत सोलन जिले के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है और साथ ही सकारात्मक कार्यों और खेलों में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस टीमों द्वारा शिक्षण संस्थाओं में जाकर अवेयरनेस कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। सोलन पुलिस ने बहारा यूनिवर्सिटी के प्रशासन से मिलकर हॉस्टल में रह रहे छात्रों के पास जाकर उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया।

## भाजपा शहरी मंडल सोलन के पदाधिकारियों की पहली बैठक आयोजित

# सबको साथ लेकर चलेगी सोलन भाजपा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा शहरी मंडल सोलन के पदाधिकारी की पहली बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नवनियुक्त मंडल के उपाध्यक्ष अनिल कुमार, दिनेश शुक्ला, करमचंद शर्मा, कृष्ण ठाकुर, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर, संजय मलिक, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, मंडल सचिव रचित साहनी, लविका मेहरा, रेनू कलसी, राजू कुंद्रा, कार्यालय सचिव जगदीश गर्ग, सोशल मीडिया प्रभारी कमल शर्मा, सह प्रभारी गौरव राजपूत का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी बादल भी मौजूद रहे।

इससे पहले दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की गई। इसके पश्चात वंदे मातरम गीत गया। शोक प्रस्ताव में स्वर्गीय बाबूराम चौहान, स्वर्गीय किशन लाल शर्मा, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप की बड़ी बहन स्वर्गीय सावित्री चौहान और तीर्थ नंद भावरा की धर्मपत्नी नीलम भावरा की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखा गया और उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। अंतिम सत्र पर संगठनात्मक चर्चा की गई, जिसमें मंडल कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा सबसे पहले तो हम प्रण करते हैं, हम सब मिलजुल कर पार्टी को मजबूत करेंगे और पार्टी में सब का सहयोग लेंगे। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र ने कहा कि पार्टी के जो भी आगामी कार्यक्रम आएंगे, उसे हम सब मिलजुल कर पूरा करेंगे। पार्टी में जो भी निर्णय होगा, उस पर सामूहिक रूप से कार्य किया जाएगा। सामाजिक समरसता पर विशेष तौर पर कार्य किया जाएगा। अनुसूचित जाति वर्ग के भाइयों और बहनों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। सिख समुदाय और बौद्ध समाज में पार्टी अपना विस्तार करेगी। कुटुंब प्रबंधन पर पार्टी कार्य करेगी। महिला सशक्तिकरण पर पार्टी अपने कार्य को केंद्रित करेगी। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के जन विरोधी निर्णय का विरोध करेगी और जरूरत पड़ेगी, तो सड़कों पर भी उतरेगी।

**विरोध** — न्यायालय परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी, संशोधन विधेयक को वापस लेने की उठाई मांग

# अर्की में अधिवक्ताओं ने जमकर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, अर्की**



बार एसोसियेशन द्वारा एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा जारी संशोधित विधेयक के खिलाफ नारेबाजी की व संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग करते हुए बिलासपुर में हुई राज्य बार एसोसिएशन की बैठक में लिए गए दो दिन की हड़ताल के निर्णय के समर्थन में अर्की बार एसोसिएशन ने भी विरोध स्वरूप बंद का निर्णय लिया।

जोगिंद्र ने बताया कि नए विधेयक के तहत विभिन्न बार काउंसिल में नामित सदस्य भेजेगी, जिसका बार एसोसिएशन द्वारा विरोध किया गया है। इससे अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता व स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी। प्रस्तावित संशोधन कानूनी पेशे पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाने की आशंका उत्पन्न करता है, जिससे अधिवक्ताओं और बार की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। इससे वकीलों को लोगों का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता बाधित हो सकती है। विधेयक में अधिवक्ताओं पर अतिरिक्त लाइसेंसिंग, अनुशासनात्मक और प्रशासनिक प्रतिबंध लगाने का प्रावधान प्रतीत होता है, जिससे इस पेशे में नए अधिवक्ताओं का आगमन प्रभावित होगा यदि संशोधन अनुशासनात्मक प्राधिकरणों को व्यापक विवेकाधिकार प्रदान करता है, तो यह अधिवक्ताओं के खिलाफ मनमाने निर्णयों को बढ़ावा दे सकता है, जिससे उनके पेशेवर अधिकारों और प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा यदि अधिवक्ताओं पर किसी भी प्रकार की नई बाधाएं या प्रतिबंध लगाए जाते हैं, तो इससे विशेष रूप से हाशिए पर मौजूद समुदायों के लिए कानूनी सहायता प्राप्त करना कठिन हो सकता है। यह आम नागरिकों के न्याय प्राप्त करने के अधिकार को कमजोर करेगा। ऐसा प्रतीत होता है कि इस विधेयक को बार काउंसिल और अधिवक्ताओं जैसे प्रमुख हितधारकों से पर्याप्त परामर्श किए बिना तैयार किया गया है। एक समावेशी और पारदर्शी विधायी प्रक्रिया आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संशोधन सभी पक्षों की राय और पेशेवर स्वतंत्रता के सिद्धांतों को ध्यान में रखता हो। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बीआर वर्मा, उपाध्यक्ष अनूप चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, भीम सिंह ठाकुर, अजय कौशल, राकेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### राजगढ़ में भी किया अदालत का बहिष्कार

**राजगढ़।** राजगढ़ में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में अदालत से संबंधित कार्यों का बहिष्कार किया। यह बहिष्कार 6 मार्च तक जारी रहेगा। बार एसोसिएशन राजगढ़ के महासचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस विधेयक को तुरंत वापस लेने की मांग की गई है क्योंकि इससे न केवल बार काउंसिल की स्वायत्तता प्रभावित होगी, बल्कि अधिवक्ताओं का स्वतंत्र और निर्भीक होकर कार्य करना भी कठिन होगा।

### वकीलों ने अदालती कार्यों का किया बहिष्कार

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में अधिवक्ताओं ने अदालती कार्यों का बहिष्कार करते हुए पेन डाउन स्ट्राइक का ऐलान किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता अमित अत्री ने बताया कि यह बहिष्कार 6 मार्च तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस विरोध के चलते कोई भी अधिवक्ता अदालत में पेश नहीं होगा। यह विरोध प्रपोज्ड एडवोकेट एक्ट अमेंडमेंट बिल 2025 के खिलाफ है। यह अधिवक्ताओं के काम करने की स्वतंत्रता बाधित करता है, जो कि संविधान के खिलाफ है। जिला मुख्यालय नाहन के अधिवक्ताओं के द्वारा बिल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। उन्होंने केंद्र से मांग करते हुए कहा कि इस बिल को जल्द वापस लिया जाए अन्यथा अधिवक्ताओं को यह आंदोलन आगे भी लगातार जारी रखना पड़ सकता है। इस दौरान इस विरोध प्रदर्शन में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित अत्री के अलावा जिला बार एसोसिएशन नाहन के सचिव नितिन गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता एएस शाह, वीरेंद्र पाल, पुरुषोत्तम सैनी, अमित अग्रवाल, विपिन जैन, चंदन शाह, ललित, एमके जैन, शिवम कालिया, सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# नकारात्मक व्यवस्था परिवर्तन पेंशनर्स पर भारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पांवटा साहब की बैठक डॉ. विपिन कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डॉ. टीपी सिंह ने बताया कि बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा हुई। महंगाई भत्ते की 4 फीसदी की 42 माह का एरियर बकाया है तथा 11 फीसदी की तीन किस्त की तो घोषणा भी नहीं की गई है।

जनवरी 2026 से नया पेंशन संशोधन देय हो जाएगा तथा हम जनवरी 2016 की देय राशि के लिए ही तरसाए जा रहे हैं। 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त वाले पेंशनर्स देय राशि के लिए मायूस हो गए हैं। चिकित्सा बिलों के लिए बजट के लिए बार-बार आश्वासन ही मिल रहा है। इस कारण उपचार करवाने में ही अत्यंत कठिनाई हो रही है। फिक्स चिकित्सा भत्ता पंजाब पद्धति पर 1000 प्रति माह करना भी स्वप्न बन कर रह गया है। यमुना नदी के जल स्तर पर चिंता प्रकट की गई। प्रशासन को इस विषय में प्रयास करना चाहिए।

# विज्ञान के महत्व, पर्यावरण और स्थिरता के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय ओच्छघाट में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पुनीत कौशल ने की।

इस कार्यशाला में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में बच्चों को दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और पर्यावरण और स्थिरता के बारे में बताया गया। इस बारे में ईको विज्ञान फाउंडेशन से आए आशीष कुमार और श्रेय ने बच्चों को जानकारी दी। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की प्रभारी लेक्चरर फिजिक्स सुषमा भी उपस्थित रही। साथ ही त्रिनभ ईको क्लब स्कूल प्रभारी मीनू चौहान भी उपस्थित रही। बच्चों को सैंपल कलेक्शन के लिए फील्ड विजिट भी करवाया गया, जिसमें बच्चों को पौधों और जीवों के बारे में जानकारी दी गई। यह जानकारी ईको विज्ञान से आए श्रेय ने दी। साथ ही बच्चों को घोंसला बनाने की एक्टिविटी भी करवाई गई। फील्ड विजिट के दौरान बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति जिज्ञासा और रुचि बढ़ती है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के लिंक अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के कामकाज का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए आयोग के सचिव की अनुपस्थिति में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक/निदेशक को लिंक अधिकारी-7, जबकि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के ओएसडी को लिंक अधिकारी-77 नियुक्त किया है। संबंधित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी पर जाने से पहले लिंक अधिकारी को सूचित करेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि संबंधित अधिकारी किसी अन्य कारण से 2 दिन से अधिक समय तक बाहर रहने अथवा अधिकारी की सेवानिवृत्ति या स्थानांतरण के कारण स्थान होने की रिक्त की स्थिति में उस विभाग, बोर्ड या निगम का कार्य संबंधित लिंक अधिकारी देखते हैं।

### राशन की सप्लाई समय पर सुनिश्चित करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने बुधवार को यहां विभाग के उच्च अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। नागर ने बैठक में अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को राशन तथा सरसों का तेल समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने कहा कि नए राशन डिपो अलॉट करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि राशन डिपुओं पर नई पोस मशीनें लगाने का कार्य पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स के माध्यम से करवाने हेतु टेंडर प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। इसे जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए। बैठक में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत फोर्टीफाइड आटे का वितरण फिर से आरम्भ करने के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इससे गरीबी गेहूं भेजने के बारे में आने वाली शिकायतों पर भी अंकुश लगेगा। बैठक में पोटली स्कीम फिर से लागू करने पर विचार किया गया। इस स्कीम के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित की जाने वाली आवश्यक वस्तुओं को इकट्ठा एक पोटली में वितरित करवाने के विषय पर विचार किया गया। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण और निदेशक राजेश जोगपाल सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ पीजीआई में होगी तंबाकू टेस्टिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** देशभर में तंबाकू उत्पादों की जांच को और सख्त करने के लिए पीजीआई स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेल्फेयर ने पीजीआई को टोबैको टेस्टिंग लैब्स को मजबूत करने और उनके पैरामीटर्स तय करने की जिम्मेदारी सौंपी है। 3 साल के इस प्रोजेक्ट के लिए 2 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। पीजीआई देश का पहला ऐसा केंद्र होगा, जहां तंबाकू उत्पादों की टेस्टिंग से जुड़ी गाइडलाइंस तैयार की जाएंगी। इसके तहत देशभर में मौजूद टोबैको टेस्टिंग लैब्स की क्षमता का आकलन किया जाएगा और उनकी खामियों को दूर करने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। डब्ल्यूएचओ ने एक ग्लोटिक सपोर्ट ग्रुप बनाया है, जिसमें भारत समेत 186 देश शामिल हैं। यह ग्रुप फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल के आर्टिकल 9 और 10 को लागू करने के लिए काम करता है।

### सीएम मान ने 704 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में विभिन्न विभागों के नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सीएम सरदार भगवंत सिंह मान ने आज यानी बुधवार को 704 नवनियुक्त नौजवानों को ये पत्र बांटे। सेहत विभाग, कॉरपोरेशन और हायर एजुकेशन विभाग के नौजवानों को ये नियुक्ति पत्र दिए गए। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और हरजोत बैंस इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। सीएम मान ने दावा किया कि अब तक उनकी सरकार अब तक 51 हजार से ज्यादा नौजवानों को नौकरियां दे चुकी है, साथ ही उनका लक्ष्य है कि वह एक लाख युवाओं को नौकरी देंगे। पंजाब के सीएम सरदार भगवंत सिंह मान ने कहा- मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं, जो लोग पंजाब सरकार का हिस्सा बने हैं। आप लोग एक नई स्टेज पर पैर रख रहे हो, सभी को बहुत बहुत बधाई हो। साथ ही सीएम मान ने कहा- मेरी आंख में थोड़ी दिक्कत है, इसलिए मैंने चश्मा लगाया है।

### दिल्ली में बुलडोजर कार्रवाई पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाटला हाउस में धोबी घाट में बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट वीरवार को सुनवाई करेगा। धोबी घाट झुग्गी अधिकार मंच ने याचिका दायर की थी। याचिका में हाईकोर्ट के सिंगल बैंच के आदेश को चुनौती दी है। इससे पहले हाईकोर्ट की सिंगल बैंच ने बुलडोजर कार्रवाई पर रोक से इंकार किया था।

### मणिपुर में 5 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के चूराचांदपुर और इंफाल पूर्वी जिले में अलग-अलग अभियान में तीन नाबालिगों समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि चूराचांदपुर के बेथेल से एक 19 साल के युवक को तीन नाबालिगों को पकड़ा गया। सभी स्थानीय व्यापारियों से जबरन वसूली, इग्स और हथियारों की तस्करी में शामिल थे, उनसे दो पिस्तौल बरामद की गई। इसके अलावा इंफाल पूर्व में ओल्ड मॉडर्न कॉलेज गेट से प्रतिबंधित पार्टी के एक सदस्य को पकड़ा गया। उसके पास 10 हथगोले मिले।

### महाराष्ट्र के मंत्री कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक



**मुंबई।** नासिक की एक अदालत ने 1995 के धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर बुधवार को रोक लगा दी। मजिस्ट्रेट अदालत ने 20 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और उनके भाई सुनील कोकाटे को दोषी ठहराया था और सरकारी कोटे के तहत फ्लैट पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने से संबंधित मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। बाद में भाइयों ने जिला न्यायाधीश 1 और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (नासिक) एन वी जीवने के समक्ष मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगाने के अनुरोध वाली एक अपील दायर की। सत्र अदालत ने बुधवार को उनकी अपील स्वीकार कर ली। यह मामला 1995 में पूर्व मंत्री टीएस दिघोले की शिकायत पर दर्ज किया था।

# किसान चंडीगढ़ में धरना-प्रदर्शन के लिए अड़े

## अपनी मांगों के हित में किसानों ने सड़क पर दरियां बिछा कर डाले डेरे

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



किसानों के धरने के दौरान जाम में फंसे लोग।

समराला में किसान चंडीगढ़ में धरना देने पर अड़े हुए हैं। पुलिस ने गत दिन आधी रात किसान नेताओं के घरों पर छापे मार कर उन्हें हिरासत में ले लिया और उन्हें अज्ञात स्थानों पर रखा हुआ है, ताकि उनका धरना-प्रदर्शन विफल किया जा सके। फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा और लुधियाना से ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवार होकर चंडीगढ़ धरने में शामिल होने के लिए आए कुछ किसानों को स्थानीय पुलिस ने बुधवार को यहां हैडों पुलिस चौकी पर रोक लिया, तो किसानों ने वहीं सड़क पर दरियां बिछा कर डेरे डाल लिए। अपने साथ खाने पीने का सामान साथ लेकर आए किसानों ने वहीं बैठकर लंगर तैयार करने शुरू कर दिए।

पुलिस अधिकारी नीलांबरी जगदले ने किसान नेताओं को समझाया कि उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा, लिहाजा वे वापस लौट जाएं, पर किसानों ने कहा कि वह शांतिपूर्वक रहकर अपना आंदोलन जारी रखेंगे और वापस लौटने का तो प्रश्न ही नहीं उठता। उधर, सरकार का मानना है कि विभिन्न किसान संगठनों में एक-दूसरे से आगे बढ़कर एक्शन करने की प्रतिस्पर्धा हो गई है। जिससे उनके बेवजह आंदोलनों से राज्य के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के लोग रोज के सड़क, रेल और अन्य रास्तों की धरने कारण रुकावटों से तंग आ चुके हैं। इससे राज्य के विकास में भारी दिक्कतें खड़ी हो रही हैं।

इस दौरान खबर है कि समराला इलाके के कुछ और किसान नेताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है, परंतु पुलिस सूत्र इससे से इनकार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकार और किसान नेताओं के बीच वार्ता विफल

**सोमवार** को मुख्यमंत्री भगवंत मान और किसान नेताओं के बीच बातचीत बेनतीजा रही। बैठक के दौरान, सीएममान अचानक बैठक छोड़कर चले गए, जिससे किसान नेताओं में असंतोष फैल गया। जोगिंदर सिंह उगराहां के अनुसार, मुख्यमंत्री से आठ-नौ मांगों पर बातचीत हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने आंख में संक्रमण की बात कहकर बैठक छोड़ दी। जब हमने कहा कि आगे की बातचीत के बाद ही हम प्रदर्शन को लेकर निर्णय लेंगे, तो मुख्यमंत्री भड़क गए और बैठक छोड़ दी।

### मुख्यमंत्री मान बोले- सरकार किसानों से बातचीत के लिए हमेशा तैयार

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार किसानों से बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, लेकिन आंदोलन के नाम पर जनता को परेशान करना सही नहीं है।

# मोहाली में पुलिस और गैंगस्टर के बीच गोलीबारी, एक घायल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मोहाली के न्यू चंडीगढ़ में पुलिस और गैंगस्टर लक्की पटियाला के सहयोगी के बीच एनकाउंटर हुआ है। इस दौरान गैंगस्टर ने पुलिस पर गोली चलाने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह गंभीर रूप में घायल हो गया। आरोपी की पहचान नवजोत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। वह कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। मोहाली के एसएसपी दीपक पारीख मौके पर पहुंचकर यह जानकारी दी है।



अस्पताल में भर्ती गैंगस्टर।

पता चला है कि यह एनकाउंटर शाम करीब चार बजे हुआ। आरोपी के पैर में गोली लगी। न्यू चंडीगढ़ में गैंगस्टर का अपना मकान है, जहां वह आया हुआ था। पुलिस को इसकी भनक लग गई थी, इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसके घर को घेर लिया और उसे सरेंडर करने के लिए कहा। लेकिन इसी बीच आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। उसने पुलिस पर दो राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

मौके पर पहुंचे एसएसपी ने बताया कि आरोपी पर पहले तीन पर्चे दर्ज हैं। आरोपी के आर्म्स एक्ट के तहत ही अधिकतर पर्चे दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही यह जेल से बाहर आया था। हमारी सीआईए टीम को इसके बारे में सारी जानकारी थी, पता चला था कि यह दोबारा हथियारों की तस्करी में शामिल हो गया है। फिर इसे काबू करने की रणनीति बनाई। आरोपी से एक देसी स्टेट गन मिली है। पुलिस द्वारा की जवाबी फायरिंग में खुद घायल हो गया।

उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है, जो इसके पास देसी स्टेट गन मिली है, दो मैगजीन उसी की है। इसके अलावा दो मैगजीन और मिली हैं। हमें उम्मीद है कि पूछताछ में कोई और। हालांकि, एसएसपी ने उसकी गैंग बारे में कुछ भी साफ नहीं किया।

हालांकि, उन्होंने कहा कि हमें इस चीज से कोई लेना-देना नहीं है कि वह किसी गैंगस्टर या छोटे गैंग से संबंध रखता है, जो भी व्यक्ति अमन कानून व्यवस्था तोड़ने की कोशिश करेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब में तहसीलदारों ने बिना शर्त वापस ली हड़ताल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**पंजाब** सरकार की सख्ती के बाद आखिरकार तहसीलदारों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। तहसीलदार बिना शर्त काम पर लौट आए हैं। तहसीलदार एसोसिएशन के प्रधान सुखचरन सिंह चन्नी ने मीडिया से बातचीत में कहा वह सुबह से ही काम पर लगे हुए हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि वीरवार को भी उनकी सरकार से मीटिंग है।

दूसरी तरफ, सरकार ने दोपहर में 235 राजस्व अधिकारियों का तबादला किया था। इनमें 58 तहसीलदार शामिल थे, जबकि 177 नायब तहसीलदार थे। सभी का तबादला दूरस्थ इलाकों में किया गया है। कई अधिकारियों का तबादला 200 से 250 किलोमीटर तक किया गया है। 100 किलोमीटर से किसी से कम किसी को नहीं रखा गया है।

सरकार की तरफ से जारी आदेशों में तहसीलदारों को जिला अलॉट किया गया है, जबकि उसमें स्टेशन नहीं बताया गया है। अब उन्हें जिले में जाकर डीसी को रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, अब वह कौन से एरिया में काम करेंगे, इसके बारे में डीसी द्वारा फैसला लिया जाएगा। सरकार किसी भी स्तर पर अपने फैसले से पीछे हटने के मूड में नहीं थी। सीएम ने साफ कर दिया है कि किसी को भी ब्लैकमेल करने का लाइसेंस नहीं दिया जाएगा।

### कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच की कार्रवाई 7 मार्च को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। निगम द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पंचकूला के कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा मंच की कार्रवाई 7 मार्च, 2025 (शुक्रवार) को सुबह 11 से 4 बजे तक कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच (सीजीआरएफ) के कार्यालय, पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

# एलांटे मॉल की पार्किंग में चली गोली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** स्थित एलांटे मॉल की पार्किंग में मंगलवार देर रात अचानक गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई घायल नहीं हुआ। गोली एक कार के दरवाजे से पार होकर दूसरी कार में जा लगी। एलांटे के गेट नंबर 3 की एंट्री के पास पार्किंग में गोली एक कार के दरवाजे से पार होकर दूसरी कार में जा लगी।

मोहाली सेक्टर-71 निवासी चरणजीत सिंह मंगलवार शाम अपने दोस्त के साथ नई कार खरीदने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित एलांटे मॉल के पीछे स्थित नेक्सा शोरूम गए थे। उन्होंने अपनी फॉर्च्यूनर कार शोरूम के ड्राइवर साहिल को पार्किंग में खड़ी करने के लिए दी। करीब एक घंटे बाद चरणजीत सिंह ने ग्राउंड फ्लोर पर अपनी कार मांगी। साहिल कार लेने गया। इस दौरान कार में गेयर बॉक्स के पास एक पिस्टल मिली। साहिल पिस्टल हाथ में उठाकर देखने लगा, इस दौरान गोली चल गई।



इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने नेक्सा में काम करने वाले ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को आज किया अदालत में पेश करेगी। साहिल ने खुद पुलिस को फोन कर बताया कि गलती से गोली चल गई है। सूचना मिलते ही डीएसपी ईस्ट डिवीजन दिलबाग सिंह, डीएसपी क्राइम धीरज कुमार, इंडस्ट्रियल एरिया थाने के एसएचओ जसपाल सिंह भुल्लर और सेक्टर-26 के एसएचओ दविंदर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने मौके से गोली का खोल बरामद किया।

## देश-विदेश

### जयशंकर ने ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर से की मुलाकात

# द्विपक्षीय और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**एजेंसी, लंदन**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है।

डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लेमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से 10, डाउनिंग स्ट्रीट पर मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक



अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया।

### बेंगलुरु एयरपोर्ट पर कन्नड़ अभिनेत्री से 14.02 करोड़ रुपए का सोना किया जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु स्थित केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव के पास से 14.02 करोड़ रुपए की सोने की छड़ें जब्त की गई हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री रान्या राव वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। रामचंद्र राव वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास निगम के पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इस मामले में कुल 17.29 करोड़ रुपए का माल जब्त किया गया, जिसमें 4.73 करोड़ रुपए का अन्य सामान भी शामिल है।

# वह दिन दूर नहीं जब भारत 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा: पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने सभी हितधारकों से रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास और नवोन्मेषण में निवेश करने का आह्वान किया।

पीएम ने कहा कि रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ऐसा करना जरूरी है। बजट के बाद आयोजित एक वेबिनार में मोदी ने कहा कि सरकार ने 2014 से तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करने और पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का फैसला भी किया गया है। मोदी ने कहा कि क्षमता निर्माण और प्रतिभा पोषण राष्ट्रीय विकास के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करते हैं। विकास के अगले चरण में इन क्षेत्रों में अधिक निवेश जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों में निवेश की दृष्टि तीन स्तंभों शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को आगे आना चाहिए, क्योंकि वे भारतीय अर्थव्यवस्था की सफलता की कुंजी हैं। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक (2015-2025) में 66 प्रतिशत बढ़ी है। भारत वर्तमान में 3,800 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है।

# पेशी से लगातार गायब रहने पर राहुल गांधी पर लगाया 200 रुपए जुर्माना

**एजेंसी, लखनऊ**

**लखनऊ** के कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया।

साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल, 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' और 'पेंशन लेने वाला' कहा था।

### औरंगजेब टिप्पणी मामले में अबू आजमी विधानसभा से निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी पर बड़ी कार्रवाई की है।

औरंगजेब से जुड़ी टिप्पणी मामले में उन्हें विधानसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन में उनके खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। सदन ने प्रस्ताव को पारित कर दिया।

# भारत में 2024 में करोड़पतियों की संख्या 6 फीसदी बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एक करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले उच्च नेटवर्थ भारतीयों की संख्या पिछले साल छह प्रतिशत बढ़कर 85,698 हो गई। नाइट फ्रैंक की 'द वेल्थ रिपोर्ट-2025' जारी की है। भारत में उच्च नेटवर्थ वालों (एचएनडब्ल्यूआई) की संख्या बढ़कर 2024 में 85,698 होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 80,686 थी। परामर्श कंपनी ने कहा कि 2028 तक यह संख्या बढ़कर 93,753 पर पहुंचने की उम्मीद है।

**रिपोर्ट : अरबपतियों की संख्या 191 हुई**

इससे पता चलता है कि भारत में अमीरों की संख्या बढ़ रही है। उच्च नेटवर्थ वाले लोगों की बढ़ती संख्या देश की मजबूत दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि, बढ़ते निवेश अवसरों और विकसित हो रहे लक्जरी बाजार को दर्शाती है। यह भारत को वैश्विक धन सृजन में एक प्रमुख देश के रूप में स्थापित करती है। भारत में अरबपतियों की आबादी में भी 2024 में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि हुई है। परामर्श कंपनी ने कहा कि भारत में अब 191 अरबपति हैं। इनमें से 26 पिछले साल ही इस श्रेणी में शामिल हुए हैं, जबकि 2019 में यह संख्या सिर्फ सात थी।

### इसरायली सेना ने हमास कमांडर को मार गिराया

**रामल्लाह।** इसराइली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ कसम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फिलिस्तीनी को मार डाला। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बड़े सुदृढ़ीकरण की ओर से समर्थित इसराइली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। इसके बाद वहां हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इसराइल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया।

# बोफोर्स केस: सीबीआई ने अमेरिका को भेजा न्यायिक अनुरोध, मांगी जानकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका को एक न्यायिक अनुरोध भेजकर निजी जांचकर्ता माइकल हर्शमैन से जानकारी मांगी है, जिन्होंने 1980 के दशक के 64 करोड़ रुपए के बोफोर्स रिश्वत कांड के बारे में महत्वपूर्ण विवरण भारतीय एजेंसियों के साथ साझा करने की इच्छा व्यक्त की थी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

'फेयरफैक्स ग्रुप' के प्रमुख हर्शमैन 2017 में निजी जासूसों के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने विभिन्न मंचों पर आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था। उन्होंने कहा था कि वह सीबीआई के साथ विवरण साझा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में दावा किया था कि उन्हें 1986 में केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने विदेशों में भारतीयों की ओर से मुद्रा नियंत्रण कानूनों के उल्लंघन और धनशोधन की जांच और भारत के बाहर ऐसी संपत्तियों का पता लगाने के लिए नियुक्त किया था और उनमें से कुछ बोफोर्स सौदे से संबंधित थे। सीबीआई ने वित्त मंत्रालय से भी संपर्क कर हर्शमैन की नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज मांगे थे तथा यह भी पूछा था कि क्या उन्होंने कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की है, लेकिन उस समय के रिकॉर्ड एजेंसी को उपलब्ध नहीं कराए जा सके।

# सेंसेक्स में 740 अंक का उछाल निफ्टी में भी 254 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स बुधवार** को 740 अंक चढ़कर 73,730 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 254 अंक की तेजी रही, यह 22,337 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही।

एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी मेटल में है। ये 3.33 फीसदी ऊपर है। ऑटो में 2.66 फीसदी, सरकारी बैंक के इंडेक्स में 2.42 फीसदी, आईटी में 2.49 फीसदी और रियल्टी में 2.37 फीसदी की तेजी है।

सेंसेक्स पर एम & एम, अडानी




पोर्ट्स और टाटा मोटर्स के शेयरों में करीब 5 फीसदी की तेजी है। बजाज फाइनेंस 2 फीसदी नीचे है। एचडीएफसी बैंक में मामूली गिरावट है। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.068 फीसदी और हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.04 फीसदी की तेजी है। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.0012 फीसदी की गिरावट है।

# पुतिन को खुश करने के लिए ट्रंप कर रहे ट्रेड वार शुरू: ट्रूडो

**एजेंसी, टोरंटो**

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी शुल्क को 'बेहद मूर्खतापूर्ण' बताया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू करते हुए रूस को खुश कर रहे हैं।



ट्रूडो ने कहा कि कनाडा ट्रंप के 25 प्रतिशत शुल्क के जवाब में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाएगा। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका ने अपने सबसे करीबी साथी और सहयोगी कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू कर दिया। साथ ही, वे रूस के साथ सकारात्मक रूप से काम करने, झूठ बोलने वाले हत्यारे तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करने की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने वाशिंगटन के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों मैक्सिको, कनाडा और चीन के खिलाफ शुल्क लगाया, जिसके कारण इन तीनों देशों ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की। ट्रूडो ने गुस्से में आरोप लगाया कि ट्रंप कनाडाई अर्थव्यवस्था का पूरा तरह पतन चाहते हैं, क्योंकि इससे कनाडा को अमेरिका में मिलाना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा कभी नहीं होने वाला है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने लिया संन्यास का फैसला



**चेन्नई।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत ने कहा,''मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।'' शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा,''मैंने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं । ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका।'' उन्होंने कहा,''उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिये अपना सपना पूरा कर सकूंगा।''

### लय वापस पाने की कोशिश कर रहा हूं मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी है: शमी



**दुबई।** मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है, लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की जरूरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पांड्या के साथ नयी गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पंड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में आठ विकेट लिए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल में चार विकेट से मिली जीत के बाद मिश्रित जोन में कहा,''मैं अपनी लय फिर हासिल करके टीम के लिए ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहा हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।' शमी ने कहा कि बुमराह की गैर मौजूदगी में उनका कार्यभार बढ़ गया है, लेकिन वह शत प्रतिशत से ज्यादा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा,''मुझे नहीं लगता कि किसी को अपनी फिटनेस के बारे में बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत है। हमें प्रयास करने होंगे और देखते हैं कि शरीर इसे कैसे लेता है। हम सभी आखिर में मजदूर हैं।''

### एना की खूबसूरती के लाखों दीवाने

**सर्बिया।** एना इवानोविक सर्बिया की इस खिलाड़ी ने 2003 में प्रोफेशनल करियर की शुरुआत की थी और 2008 तक वह अपने करियर के शीर्ष पर थीं। इस दौरान उन्होंने फ्रेंच ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था, जिससे वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बन गई थीं। मारिया शारापोवा की तरह उनकी भी खूबसूरती के लाखों चाहने वाले हैं।




# रविंद्र-विलियमसन के शतक, न्यूजीलैंड ने बनाए 362 रन

## लुंगी एनगिडी ने 72 रन देकर 3 और रबाडा ने 70 रन देकर 2 विकेट झटके

**एजेंसी, लाहौर**

सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और केन विलियमसन के शतक से न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट पर 362 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर है।

रविंद्र (108 रन, 101 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और विलियमसन (102 रन, 94 गेंद, 10 चौके, दो छक्के) ने शतक जड़ने के अलावा दूसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी की। ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 49, 27 गेंद) और डेरिल मिचेल (49 रन, 37 गेंद) ने अंत में पांचवें विकेट के लिए 30 गेंद में 57 रन जोड़कर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। टीम ने अंतिम 10 ओवर में 112 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 72 रन देकर तीन विकेट चटकाए। कागिसो रबाडा ने 70 रन पर दो विकेट हासिल किए।

सेमीफाइनल के साथ ही पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी का अंत हो जाएगा, क्योंकि अब फाइनल नौ मार्च को दुबई में भारत और बुधवार के मैच के विजेता के बीच खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद रविंद्र और विल यंग (21) ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। एनगिडी ने आठवें ओवर में यंग को एडेन मारक्रम के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। अपने शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ 32 रन देने के बाद एनगिडी ने अंतिम ओवरों में खूब रन लुटाए। रविंद्र ने इसके बाद विलियमसन के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। दोनों ने कई आकर्षक शॉट खेले और 25 ओवर से अधिक तक दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा।



शॉट खेलने के बाद आपस में बातचीत करते न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और रचिन रवींद्र।

बांग्लादेश के खिलाफ 112 रन बनाने रविंद्र ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में अपना दूसरा और आईसीसी टूर्नामेंट में अपना पांचवां शतक पूरा किया। उन्होंने रबाडा की गेंद पर दो रन के साथ 93 गेंद में 100 रन के आंकड़े को छुआ। रबाडा ने रविंद्र को विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन के हाथों कैच कराके इस बड़ी साझेदारी का अंत किया। विलियमसन ने भी वियान मुल्कर पर चौके के साथ 91 गेंद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और एकदिवसीय क्रिकेट में 15वां शतक पूरा किया, लेकिन इसी ओवर में एनगिडी को कैच दे बैठे। टॉम लैथम सिर्फ चार रन बनाने के बाद रबाडा की गेंद पर बोल्ड हो गए, जिसके बाद ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। मिचेल ने 45वें ओवर में एनगिडी की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे जबकि अगले ओवर में फिलिप्स मार्को यानसेन पर लगातार चार चौके जड़े। मिचेल एनगिडी की गेंद पर रबाडा को कैच देकर एक रन से अर्द्धशतक से चूक गए।

363 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आए दक्षिण अफ्रीका के ओपनर बल्लेबाज रयान कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 17 रन बनाकर चलते बने। कप्तान बावुमा ने पारी को संभाला और 56 रन बनाकर सेंटनर की गेंद पर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक द. अफ्रीका ने 26 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 158 रन बना लिए थे। क्रीज पर डुसेन (69) और मारक्रम (16) रन बनाकर डटे थे।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यांग क. मारक्रम ब. एनगिडी | 21 | 23 | 3/0 |
| रविंद्र क. क्लासेन ब. रबाडा | 108 | 101 | 13/1 |
| विलियमसन क. एनगिडी ब. मुल्डर | 102 | 94 | 10/2 |
| मिशेल क. रबाडा ब. एनगिडी | 49 | 37 | 4/1 |
| लाथम ब. रबाडा | 04 | 05 | 0/0 |
| फिलिप्स (नाबाद) | 49 | 27 | 6/1 |
| ब्रेसवेल क. रयान ब. एनगिडी | 16 | 12 | 2/0 |
| सेंटनर (नाबाद) | 02 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 11 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **362/6** | | |

**विकेट पतन** : 1-48, 2-212, 3-251, 4-257, 5-314, 6-360.

**गेंदबाजी :** यानसेन 10-0-79-0, एनगिडी 10-0-72-3, रबाडा 10-1-70-2, मुल्डर 6-0-48-1, मारक्रम 4-0-23-0, महाराज 10-0-65-0.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रयान क. ब्रेसवेल ब. हेनरी | 17 | 12 | 4/0 |
| बावुमा क. विलियमसन ब. सेंटनर | 56 | 71 | 4/1 |
| डुसेन क. ब. | 00 | 00 | 0/0 |
| मारक्रम क. ब. | 00 | 00 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 02 | | |
| **कुल : (26 ओवर)** | **158/2** | | |

**विकेट पतन** : 1-20, 2-125.

**गेंदबाजी :** हेनरी 5-0-32-1, यासन 5-1-240-0, ओरूर्के 4-0-38-0, ब्रेसवेल 7-0-40-0, सेंटनर 5.4-0-28-1.

## अभी तक नहीं दिखाया 'परफेक्ट खेल' : गंभीर

**एजेंसी, दुबई**




आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल' नहीं दिखाया है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा। भारत ने पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली।

गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,''अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। उन्होंने कहा,''अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह परफेक्ट खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।''

भारत ने चार स्पिनरों को उतारने, अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे साहसिक फैसले भी लिए। बाहर से यह भले ही अतार्किक लगे लेकिन गंभीर के लिए रणनीति में ये मामूली बदलाव खिलाड़ियों को 'कम्फर्ट जोन' से बाहर रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए जरूरी है।

## आप कोहली पर दबाव नहीं बना सकते: एगर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एश्टन एगर ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारतीय स्टार विराट कोहली की एक और शानदार पारी के बाद कहा कि जब यह धुरंधर बल्लेबाज लय में होता है तो गेंदबाजों के लिए बुरा सपना बन सकता है और उनके बेहतरीन स्ट्रोक्स के कारण 'उन पर दबाव बनाना लगभग असंभव है'। कोहली ने ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के दौरान नाबाद शतक जड़ा था और फिर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया। उन्होंने कहा, ''बात सिर्फ इतनी है कि जब वह लय में हैं तो आप उन पर दबाव नहीं बना सकते, इसलिए उन्हें आउट करना सच में काफी मुश्किल है। जब तक गेंद सही में स्पिन नहीं कर रही होती है तब तक आपको कभी ऐसा नहीं लगता कि आप उन पर हावी हैं।''

## स्मिथ ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**दुबई।** आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान और मुख्य बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया, लेकिन वह टेस्ट और टी20 खेलते रहेंगे। चोटिल पैट कमिंस की गैर-मौजूदगी में कप्तानी करने वाले 35 वर्षीय स्मिथ ने सेमीफाइनल मैच में 96 गेंद में 73 रन बनाए। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ियों को भारत से चार विकेट से मिली हार के बाद अपने फैसले से अवगत करा दिया था। स्मिथ ने कहा,''मुझे लगता है कि यह दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। यह शानदार सफर रहा और मैंने हर पल का मजा लिया।'' उन्होंने कहा,''हमने अद्भुत समय देखा और कई सुखद यादें हैं। इतने बेहतरीन साथियों के साथ दो विश्व कप जीतना शानदार था।''

### स्मिथ को नहीं लगता कि भारत को एक शहर में रहने का मिला फायदा

**कई** लोगों का मानना है कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान एक ही शहर में रहने का फायदा मिल रहा है, लेकिन इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के दुबई में लंबे समय तक रहने को सेमीफाइनल में हार का बहाना नहीं बनाया, बल्कि स्वीकार किया कि एक बेहतर टीम ने उन्हें 'पछाड़' दिया। स्मिथ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ''मैं इसे (भारत के पिच और हालात से परिचित होने की बात पर) अधिक तवज्जो नहीं दे रहा। भारत ने यहां बहुत अच्छा क्रिकेट खेला। यहां की पिच स्पिनरों की मौजूदगी में उनकी शैली के अनुकूल है।''उन्होंने कहा, ''और उनके पास ऐसे विकेट के लिए तेज गेंदबाज हैं। वे अच्छा खेले, उन्होंने हमें पछाड़ दिया और वे जीत के हकदार थे।'' कैरी ने मिक्स्ड जोन में कहा, ''एक ही जगह पर रहना और लगातार तीन मैच खेलना शायद अच्छा लगे, लेकिन वह एक बेहतरीन टीम है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह पाकिस्तान में भी अच्छा क्रिकेट खेलते।''

## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने शैंकलैंड से ड्रॉ खेला

**एजेंसी, प्राग**



ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में छठे दौर के बाद संयुक्त बढत बनाये हुए हैं। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका, जबकि अराविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। अब उनके छह में से चार अंक हैं। टूर्नामेंट में पहली बार आज सारे मुकाबले ड्रॉ पर छूटे।

चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, जर्मनी के विंसेंट केमेर और कुआंग लीग तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं। उनसे आधा अंक पीछे चेक गणराज्य के एंगुयेन थाइ दाइ वान और डेविड नवारा, तुर्किये के गुरेल एडिज और शैंकलैंड हैं। तीन दौर अभी बाकी हैं और अगले दो में प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलना है जबकि अराविंद को एक ही मुकाबला सफेद मोहरों से खेलना है। सातवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना वेइ यि से जबकि अराविंद की टक्कर अनीश से होगी।

## नए जोश के साथ नई ऊंचाइयां छूने को तत्पर किंग कोहली

**एजेंसी, दुबई**



मैदान पर हर प्रतिद्वंद्वी के साथ साथ पिछले कुछ अर्से से चली आ रही अपनी निजी कमजोरियों को भी चैंपियंस ट्रॉफी में मीलों पीछे छोड़ देने वाले विराट कोहली क्रिकेट की रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम कई बार दर्ज कराने के बाद भी नयी ऊंचाइयों को छूने को आतुर लग रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 25वां वनडे शतक होता। वैसे उन्हें मायूसी नहीं होगी, क्योंकि उन्होंने इस पारी से कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पहली तो यह कि लंबे समय से स्पिनरों ने उन्हें परेशान कर रखा था जिससे वह उबर गए हैं। दूसरी उनका अर्द्धशतक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ था जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है।

यह चमत्कार हालांकि, रातों-रात नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले नेट पर दो घंटे ज्यादा बिताए चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया था। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली की तारीफ करते हुए कहा,''वह वनडे क्रिकेट में जबरदस्त खिलाड़ी हैं। उसे पता है कि पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करते हुए कैसे रणनीति बनानी है। वह हालात के अनुकूल तेजी से ढल जाता है और यही वजह है कि आला दर्जे के खिलाड़ी और अनुभव क्यो महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा,''यही वजह है कि वनडे क्रिकेट में उसका इतना जबरदस्त रिकॉर्ड है। उम्मीद है कि वह भविष्य में भी ऐसे ही खेलता रहेगा।''

## बेखौफ क्रिकेट खेलने और शांत बने रहने से टी20 में मिली सफलता : रहाणे

**एजेंसी, मुंबई**



कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफ क्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए, जिसमें पांच अर्द्धशतक शामिल थे। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलते हुए भी कामयाबी हासिल की थी।

रहाणे ने कहा,''मैं हमेशा पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। पिछले दो तीन साल से हालांकि मैने आजादी के साथ बेखौफ क्रिकेट खेलने पर जोर दिया।'' मैं यही करने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन अपनी प्रक्रिया भी नहीं छोड़ी है। अपने स्वाभाविक खेल को बरकरार रखा है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेरा प्रदर्शन अच्छा था, जिससे काफी आत्मविश्वास मिला।'' रहाणे ने कहा,''यह अपने खेल पर भरोसा करके वर्तमान में रहने और शांतचित्त रहने के बारे में है। मैने हमेशा अपने खेल में सुधार और उसका पूरा मजा लेने पर जोर दिया।''

चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया पर चार विकेट से मिली जीत के बारे में उन्होंने कहा,''मुझे खुशी है कि भारत फाइनल में पहुंच गया है। मैं टीम को बधाई देता हूं और मुझे यकीन है कि वे फाइनल में अच्छा खेलेंगे। अतीत को भुलाकर वर्तमान पर फोकस करते हुए ही भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया।''

## सेमीफाइनल में भारत से मिली हार में कोनोली के शॉट्स से खफा इयान हीली



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान विकेटकीपर इयान हीली ने कूपर कोनोली के तकनीकी कौशल पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस तरह से दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को उन्होंने खेला, वह उनसे काफी नाराज हैं। कोनोली को जैक फ्रेसर मैकगुर्क की जगह ऐन मौके पर आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया और वह नौ गेंद खेलकर खाता भी नहीं खोल सके। उन्होंने शमी ने पवेलियन भेजा। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। हीली ने सेन रेडियो से कहा,''मैं बहुत नाराज हूं। ट्रेविस हेड उसे इशारा कर रहा था कि विकेट कितना धीमा है। ऐसी पिच पर आपको जगहें तलाशनी होती है, चौकों का इंतजार नहीं करना होता। वह नौ गेंद खेल गया और एक भी रन नहीं बनाया।

## महिला प्रीमियर लीग

### इसी मैच पर टिकीं यूपी वारियर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें

# यूपी वारियर्स के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ अस्तित्व का मुकाबला

**एजेंसी, लखनऊ**



खराब फॉर्म से जूझ रही यूपी वारियर्स को महिला प्रीमियर लीग में वीरवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। लगातार दो मैच हार चुकी यूपी वारियर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें इसी मैच पर टिकी है। उसे इकाना स्टेडियम पर पिछले मैच में गुजरात जायंट्स ने बड़े अंतर से हराया। 81 रन से मिली हार ने उन्हें तालिका में सबसे नीचे धकेल दिया और रनरेट भी गिरा दिया। अब दो ही मैच बचे हैं और उन्हें लगातार तीसरी हार से बचना होगा।

लखनऊ में डब्ल्यूपीएल के पहले मैच में बेथ मूनी ने शानदार बल्लेबाजी करके गुजरात जाइंट्स को पांच विकेट पर 186 रन तक पहुंचाया जो इस सत्र का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर वारियर्स के बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे। जॉर्जिया वोल को तीसरे नंबर पर भेजने का उनका प्रयोग भी नाकाम रहा और दस ओवर के भीतर टीम ने छह विकेट 48 रन पर गंवा दिए। शीर्ष छह में से एक ही बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सकी। वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी ने 14 गेंद में 28 रन बनाकर टीम को सौ रन के पार पहुंचाया, लेकिन पूरी टीम 105 रन पर आउट हो गई।

हेनरी ने अब तक इस सत्र में 209 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए हैं और वह तेजी से रन बनाने में कामयाब रही हैं। यूपी की टीम वोल को फिर पारी की शुरुआत करने भेज सकती है। मध्यक्रम में ग्रैस हैरिस की भूमिका अहम होगी। कप्तान दीप्ति शर्मा का बल्ला अभी तक खामोश ही रहा है जिन्हें मोर्चे से अगुवाई करनी होगी।

मुंबई इंडियंस की स्थिति बेहतर है जो छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। उसके पास शीर्ष पर पहुंचकर फाइनल में सीधे जगह बनाने का मौका है। डब्ल्यूपीएल में शीर्ष टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीम एलिमिनेटर खेलती हैं। मुंबई को अभी तीन मैच और खेलने है लिहाजा उसकी नजरें शीर्ष पर पहुंचने पर लगी होंगी। इसके लिये कप्तान हरमनप्रीत कौर को अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलना होगा। नेट स्किवेर ब्रंट को भी प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**यूपी वारियर्स:** दीप्ति शर्मा (कप्तान), अंजलि सरवानी, चमारी अथापथु, उमा छेत्री, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुशी गोयल, क्रांति गौड़, ग्रेस हैरिस, चिनेले हेनरी, पूनम खेमनार, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, गौहर सुल्ताना, साइमा ठाकोर, दिनेश वृंदा।

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यस्तिका भाटिया, नादिन डि क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शब्निम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमालिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तना, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेली मैथ्यूज, सजीवन सजना, नैट स्काइवर ब्रंट, पारुनिका सिसोदिया और क्लो ट्रायोन।